# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक



महाशिवरात्रि के अवसर पर नामकुम मरासिल्ली पहाड़ शिव धाम में उमड़े श्रद्धालु


• बोकारो, सोमवार 16 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 270 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# महाशिवरात्रि पर मंदिरों में जलाभिषेक के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची/देवघर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी रांची का प्रसिद्ध और ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर शिवभक्तों की आस्था से सराबोर नजर आया। तड़के भोर से ही श्रद्धालुओं का सैलाब मंदिर परिसर में उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। शहर के सभी प्रमुख शिवालयों में भी दिनभर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना करने के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। पहाड़ी मंदिर, जो अपनी ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता के लिए जाना जाता है, महाशिवरात्रि पर विशेष रूप से श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं देवघर जिले के बाबा बैद्यनाथ धाम में महाशिवरात्रि की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही श्रद्धालु बाबा मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंच रहे हैं। बाबा मंदिर के सभी द्वार पर सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था किए गए हैं। शिवरात्रि के मौके पर बैद्यनाथ धाम आने की पुरानी परंपरा है। देवघर के बैद्यनाथ धाम द्वादश ज्योतिर्लिंग में से तो एक है ही, साथ ही इसे मनोकामना लिंग के रूप में भी जाना जाता है। क्योंकि यहां पर पूजा करने से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। ऐसा भी माना जाता है कि बाबा धाम में आकर जो श्रद्धालु शिवलिंग पर बेलपत्र और जल चढ़ाते हैं उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। मंदिर के पुजारी आलोक नाथ बाबा बताते हैं कि आज सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में भगवान भोलेनाथ पर रुद्राभिषेक और जलाभिषेक करने के लिए पहुंच



रहे हैं। सुबह 4:00 से ही बाबा का पट खोल दिया गया है और श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। देवघर के पुलिस अधीक्षक सौरव सुबह से ही सुरक्षा को लेकर किए गए पुख्ता इंतजाम का जायजा लेते दिख रहे हैं। मंदिर के बाहर शिवराम झा चौक से लेकर जलसार मोड़ तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखने को मिल रही है। मंदिर परिसर में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी कर दी गई है। शाम 6:00 बजे देवघर के केके एन स्टेडियम से शिवरात्रि को लेकर शिव बारात निकाली गयी जिसमें आकर्षक झांकियां के साथ-साथ कई मनभावन दृश्य भी देखने को मिले। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर झारखंड के प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भोलेनाथ के भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ आया और पूरा मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। आज भगवान शिव और माता पार्वती का विवाहोत्सव है जिसके चलते हर भक्त दर्शन और पूजन के लिए आतुर नजर आ रहा है। पंडा धर्म रक्षिणी सभा के महामंत्री संजय झा ने बताया कि बासुकीनाथ धाम में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाता है। हिंदू धर्म में जहां वर-वधू का वैवाहिक कार्यक्रम होता है, ठीक उसी प्रकार यहां शिव-पार्वती का विवाह पूरे विधि-विधान से संपन्न होता है। आज देर रात मंदिर परिसर से आकर्षक झांकी के साथ शिव बारात निकली जो नगर भ्रमण करेगी और फिर पार्वती मंदिर में पहुंची। इसके बाद शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। अगले दिन मर्यादा एवं घूंघट की रस्म अदा की जाएगी तथा बारातियों को विदा किया जाएगा। जरमुंडी एसडीपीओ अमित कच्छप ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर सहित भीड़-भाड़ वाले सभी महत्वपूर्ण पॉइंट्स पर पुलिस बल की मजबूत तैनाती की गई है ताकि आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड सिविल सेवा परीक्षा की अंतिम तिथि बढ़ी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** जेपीएससी ने झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 के तहत ऑनलाइन अप्लाई करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। साथ ही परीक्षा का शुल्क जमा करने के अंतिम तारीख भी बढ़ा दी गई है। अब सभी कैंडिडेट्स 20 फरवरी तक अप्लाई कर सकते हैं और फीस जमा करने के लिए उनके पास 21 फरवरी 2026 तक का समय है। इस परीक्षा के जरिए कुल 103 पदों पर भर्ती होगी। पहले अप्लाई करने की अंतिम तिथि 14 फरवरी तय की गई थी।

### नाले में मिली लाश, इलाके में हड़कंप

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर में बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित पंडरपाला में रविवार की सुबह सनसनी फैल गई, जब राजेंद्र ग्राउंड के निकट बह रहे नाले में एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया। सुबह टहलने निकले लोगों ने नाला में शव देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बैंक मोड़ थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से शव को नाले से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान पंडरपाला निवासी आफताब खान के रूप में की गई। बताया जाता है कि पिछले दो दिनों से वे लापता थे।

### कार-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र में मधुबन मोड़ के समीप सड़क हादसे में 25 वर्षीय रामेश्वर सोरेन की मौत हो गई। दुर्घटना कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर से हुई। रामेश्वर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अलगुन्दा पंचायत निवासी थे। परिजनों के अनुसार, रामेश्वर अपने ससुराल दुधपनिया गांव से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। पीरटांड़ थाना प्रभारी दीपेश कुमार ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सीएम हेमंत सोरेन ने पहाड़ी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर परिसर में भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम में शामिल हुए। बाबा भोलेनाथ की पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की प्रगति, सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंदिर में अपने हाथों त्रिशूल भी उठाया और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद भी लिया। मौके पर प्रदेशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की। वैदिक मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी पहाड़ी



मंदिर पहुंचीं। उन्होंने भगवान शिव का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का दिन अत्यंत पवित्र और भक्ति से परिपूर्ण होता है। उन्होंने कामना की कि भगवान शिव सभी प्रदेशवासियों को सुखी, स्वस्थ और खुशहाल रखें तथा राज्य में शांति और समृद्धि बनी रहे। पूजा-अर्चना के बाद पहाड़ी मंदिर से भगवान शिव की पारंपरिक और भव्य बारात निकाली गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बारात में आस्था और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय के रूप में सजे कलाकारों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भूत-प्रेत और शिवगणों की टोली ढोल-नगाड़े और डमरू की थाप पर झूमती नजर आई। श्रद्धालु भी भक्ति भाव से नृत्य करते हुए बारात में शामिल हुए। शिव बारात शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह फूल बरसाकर और आरती उतारकर स्वागत किया गया। आयोजन को लेकर प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की। पुलिस बल की तैनाती और यातायात नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई। आयोजन महासमिति और स्वयंसेवकों ने भीड़ प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई। महाशिवरात्रि महोत्सव के इस भव्य आयोजन ने राजधानी रांची को पूरी तरह शिवमय बना दिया। देर शाम तक बम-बम भोले के जयघोष से शहर गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए।

# कार की टक्कर से एक ही परिवार के दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** झारखंड की सीमा से सटे बिहार के जमुई में देवघर के रहने वाले दो लोगों की मौत सड़क हादसे में हो गयी। घटना देवघर-चकाई पथ पर मोहनपुर गांव स्थित अपना ढाबा के पास रविवार सुबह करीब आठ बजे की है। अनियंत्रित तेज रफ्तार वाली कार की टक्कर पेड़ से हो जाने के कारण ये दुर्घटना हुई। मृतकों की पहचान देवघर नगर थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी मुहल्ला निवासी कृष नंदन सिंह (58) और रिंकू देवी (45) के रूप में हुई है। दोनों एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति बेहद तेज थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सीट समेत वाहन के कई अंदरूनी हिस्से टूटकर सड़क पर बिखर गए। जानकारी के मुताबिक कार सवार बिहार के जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत धदौर गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर देवघर लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही चंद्रमंडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां भाजपा में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मंत्री और तीन बार विधायक रहे दुलाल भुइयां ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में उन्होंने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में दुलाल भुइयां ने सदस्यता ली। इस मौके पर उनके पुत्र विप्लव भुइयां, दिलीप भुइयां तथा भुइयां समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष नुनूलाल भुइयां भी समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। जमशेदपुर महानगर भाजपा अध्यक्ष संजीव सिन्हा के अलावा रामगढ़ और हजारीबाग से भुइयां समाज के बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। भाजपा में शामिल होने के बाद दुलाल भुइयां ने कहा कि आज हम लोगों का भाजपा में शामिल होना भुइयां समाज द्वारा सोच-समझकर ली गई बैठक का फैसला है। नामकुम के अंबेडकर नगर में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को देखते हुए यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी पार्टी में भुइयां समाज को सम्मान केवल भाजपा में ही मिल रहा है। मैं 1980 से लगातार भुइयां समाज को एकजुट रखा हूं। महाशिवरात्रि के कारण सीमित संख्या में हम आए हैं। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महाशिवरात्रि के शुभ मुहूर्त पर दुलाल भुइयां का भाजपा में शामिल होना स्वागतयोग्य है। मेरा उनसे पुराना संबंध है। उनके आने से पार्टी की ताकत बढ़ेगी और दलित क्षेत्र में हम मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले रामभक्तों की पार्टी थी और अब सबरी के वंशज भी शामिल हो गए हैं, यह हर्ष का विषय है। निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत के लिए काम करें।

# भवनों की रैंडम जांच में मिल रहीं भारी गड़बड़ियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची नगर निगम ने होल्डिंग टैक्स को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए शहरभर में भवनों की रैंडम जांच शुरू कर दी है। राजस्व विभाग द्वारा तैयार विशेष योजना के तहत चल रही इस कार्रवाई में सेल्फ असेस्मेंट के दौरान दी गई जानकारियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आई हैं। निगम का कहना है कि कई भवन मालिकों ने निर्माण विस्तार या उपयोग परिवर्तन की जानकारी अपडेट नहीं कराई जिससे नगर निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है। निगम प्रशासन ने साफ कर दिया है कि यदि जांच के दौरान तथ्य छिपाने या गलत जानकारी देने का मामला सामने आता है तो संबंधित होल्डिंग पर 100 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही पिछले 10 वर्षों का बकाया टैक्स भी एकमुश्त वसूला जाएगा। इससे बचने के लिए भवन मालिकों को स्वेच्छा से री-असेस्मेंट कराने की सलाह दी गई है। जांच में यह पाया गया है कि कई भवन मालिकों ने अपने मकान या व्यावसायिक परिसर का विस्तार तो कर लिया लेकिन उसकी सूचना निगम के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं कराई। ऐसे मामलों में वास्तविक निर्मित क्षेत्रफल और घोषित क्षेत्रफल में भारी अंतर सामने आया है। नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत ऐसे मामलों में बकाया कर और पेनाल्टी वसूली जा सकती है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुछ लोग अपने भवन को आवासीय श्रेणी में दिखाकर कम टैक्स जमा कर रहे हैं जबकि वहां व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। यदि जांच में यह साबित होता है कि रेसिडेंशियल भवन का उपयोग कॉमर्शियल कार्यों के लिए किया जा रहा है तो उस पर व्यावसायिक दर से टैक्स वसूला जाएगा, जो आवासीय दर से अधिक होता है। सेल्फ असेस्मेंट प्रणाली का उद्देश्य था कि लोग स्वयं अपने भवन का सही माप देकर कर निर्धारण कराएं। लेकिन जांच के दौरान कई मामलों में सैकड़ों से लेकर हजारों वर्गफुट तक की जानकारी छिपाने के उदाहरण सामने आए हैं। निगम ने अब फील्ड वेरिफिकेशन और भौतिक निरीक्षण की प्रक्रिया तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि भवन मालिक स्वयं आगे आकर सही जानकारी देते हैं और री-असेस्मेंट कराते हैं तो वे भारी पेनाल्टी से बच सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल या निगम कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। रांची नगर निगम के अंतर्गत वर्तमान में सवा दो लाख से अधिक हाउस होल्डर पंजीकृत हैं। शहर के 53 वार्डों में भवनों के अलावा खाली जमीन और धार्मिक स्थलों को भी होल्डिंग जारी की गई है। निगम का मानना है कि यदि सभी संपत्तियों का सही आकलन हो जाए तो राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है, जिससे शहर के विकास कार्यों को गति मिलेगी। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज होगा। इसलिए भवन मालिकों से अपील की गई है कि वे निर्माण विस्तार या उपयोग परिवर्तन की सही जानकारी समय रहते अपडेट कराएं ताकि भविष्य में कानूनी कार्रवाई और भारी आर्थिक दंड से बचा जा सके।




# बरगंडा और अरघा घाट शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बरगंडा स्थित विश्वनाथ मंदिर तथा अरघा घाट स्थित अरघा घाट शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में ह्लहर-हर महादेवह्व और ह्लबोल बमह्व के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया भोर में मंगला आरती के साथ पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ।

श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा एवं पुष्प अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। दिनभर रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और विशेष पूजा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया मंदिर परिसर



को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति की ओर से विशेष प्रबंध किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो महिलाओं, युवाओं और बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर



श्रद्धा भाव से पूजा की। कई भक्तों ने रातभर जागरण कर भगवान भोलेनाथ का गुणगान किया।महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखा गया। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कहा कि बाबा भोलेनाथ की कृपा से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे।

## महाशिवरात्रि की शुभकामनाओं के साथ संजीव कुमार ने मांगा समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 06 से प्रत्याशी संजीव कुमार ने क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा। अकाल मृत्यु वो मरे, जो काम करे चांडाल का, काल भी उसका क्या करे, जो भक्त हो महाकाल का उन्होंने भगवान महाकाल से सभी नागरिकों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा हर हर महादेव के उद्घोष के साथ लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई दी।इस अवसर पर संजीव कुमार ने वार्ड 06 की जनता से आगामी चुनाव में समर्थन की अपील करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे चुनाव चिह्न डबल रोटी क्रमांक संख्या 07 पर मुहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं।

## महापौर प्रत्याशी समीर राज चौधरी का जनसंपर्क तेज, महिलाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर निकाय चुनाव को लेकर महापौर प्रत्याशी समीर राज चौधरी ने शुक्रवार को शहर के चदरापूल सहित वार्ड संख्या 16, 19, 21 और 27 क्षेत्रों का व्यापक दौरा किया। इस दौरान विभिन्न मोहल्लों में जनसंपर्क अभियान चलाकर उन्होंने मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित किया दौरे के क्रम में खास बात यह रही कि महिलाओं की भागीदारी और उत्साह उल्लेखनीय रूप से अधिक देखने को मिला।

कई स्थानों पर महिलाएं आगे बढ़कर समीर राज चौधरी का स्वागत करती नजर आईं और अपनी समस्याओं को खुलकर रखा।अधिकांश क्षेत्रों में मतदाताओं ने गंदे पानी की आपूर्ति या पानी नहीं आने की शिकायत की। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए समीर राज चौधरी ने कहा कि यदि जनता उन्हें अपना समर्थन और आशीर्वाद देती है तो उनकी पहली प्राथमिकता शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना होगी।

उन्होंने आश्वस्त किया कि जहां जलापूर्ति बाधित है, वहां पर्याप्त मात्रा में नियमित आपूर्ति बहाल की जाएगी। उन्होंने कहा, शहर की बुनियादी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। स्वच्छ और नियमित पानी हर नागरिक का अधिकार है, और इसे सुनिश्चित करना हमारा दायित्व होगा इस जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और संगठन के कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रमुख रूप से सतीश केडिया, एस. सिन्हा, अधिवक्ता अमित विक्रम, अधिवक्ता अमित सिन्हा, अनिमेष देव, विनीत भास्कर, सोहेल अख्तर और लड्डू खान मौजूद थे चुनावी माहौल के बीच इस दौरे को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने अभियान को नई ऊर्जा दी है।





## संक्षिप्त समाचार

### विकास कार्यों को गति देने धरातल पर उतरे विधायक, अपनी प्राथमिकताओं से कराया अवगत

**बरही (नबिटासं)।** स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव इन दिनों जनसुविधाओं के विस्तार और शहरी सौंदर्यीकरण को लेकर पूरी तरह एक्शन मोड में हैं। रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मनोकामनेश्वर मंदिर में जलार्पण करने के बाद प्रखंड परिसर स्थित वर्षों से उपेक्षित पड़े अब्दुल कलाम पार्क का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने पार्क की वर्तमान बदहाली का जायजा लिया और स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद कर इसके पुनरुद्धार की पूरी रूपरेखा साझा की। निरीक्षण के दौरान विधायक मनोज कुमार यादव ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कहा कि अब्दुल कलाम पार्क को पूरी तरह सुरक्षित बनाया जाएगा। पार्क की चारों ओर की चाहरदीवारी को ऊँचा किया जाएगा और सुरक्षा की दृष्टि से कांटानुमा तारों से इसकी घेराबंदी की जाएगी। विधायक का मानना है कि इस कदम से पार्क में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगेगी और आम नागरिक, महिलाएं व बच्चे यहाँ निश्चिंत होकर अपना समय बिता सकेंगे। विधायक ने घोषणा की कि पार्क के भीतर आधुनिक सुविधाओं का जाल बिछाया जाएगा। बच्चों के मनोरंजन के लिए एक विशेष चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण होगा, जिसमें नवीनतम झूले और खेल सामग्रियां लगाई जाएंगी। वहीं, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए एक व्यवस्थित वॉकिंग ट्रैक तैयार किया जाएगा। पूरे परिसर को आकर्षक लाइटिंग, बैठने की बेहतर व्यवस्था और सघन हरियाली के माध्यम से एक आदर्श सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। पार्क के निरीक्षण के पश्चात विधायक श्री यादव सीधे अग्रवाल गली पहुंचे। यहाँ की जर्जर सड़क के कारण स्थानीय लोगों को वर्षों से आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की व्यथा सुनने के बाद विधायक ने आश्वस्त किया कि इस सड़क का शिलान्यास बहुत जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र की एक पुरानी और जायज मांग रही है, जिसे अब प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा।



### बरही थाना से बाजे-गाजे के साथ निकली शिव बारात, गुलाल से सराबोर हुए शिवभक्त

**बरही (नबिटासं)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बरही थाना परिसर से शिव बारात धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। बारात का नेतृत्व पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने किया। इस अवसर पर थाना के सभी पुलिस अधिकारी, जवान, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। शिव के इस अनोखे बारात की खास बात यह रही कि पुलिसकर्मी पारंपरिक खाकी वर्दी के बजाय गेरुआ वस्त्र धारण कर भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर शिवभक्त झूमते-गाते थाना परिसर से धनबाद रोड होते हुए प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुए। रास्ते भर गुलाल उड़ाया गया और ह्लहर-हर महादेवह्व के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। मनोकामनेश्वर मंदिर पहुंचने पर मंदिर समिति द्वारा बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसडीपीओ ने पुलिस परिवार की ओर से क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और आपसी सद्भाव व शांति बनाए रखने की अपील की। बारात में जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, इंस्लेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, सब इंस्पेक्टर सुमित साव, सोना राम विरुआ, बादल हेंब्रम, हरेंद्र सिंह, दीपक कुमार, मृत्युंजय कुमार, रंजीत भगत, सौरभ कुमार, राजबल्लभ सिंह, रामेश्वर रविदास, सुरजीत चौधरी, रीडर अभय सिंह, आरक्षी संजय यादव, दिनेश महतो, चौकीदार सकलदेव पासवान, सत्यानंद, बिनोद, घनश्याम, गणेश, सकलदेव यादव, नीरज सिंह सहित मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि मोती लाल चौधरी, रितेश कुमार, मुखिया मनोज कुमार, सिकंदर राणा, गोविंद साहू, सामाजिक कार्यकर्ता तौकीर रजा, राजेंद्र स्वर्णकार समेत कई गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।



### महाशिवरात्रि पर चंद्रगुप्त कोल माईन्स (ओसीपी) में गूंजी मशीनों की आवाज, ओबी हटाने का कार्य शुरू

**केरेडारी/हजारीबाग (नबिटासं)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की चंद्रगुप्त ओपन कास्ट कोल परियोजना (ओसीपी) में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ओवरबर्डन (ओबी) हटाने का कार्य पुनः प्रारंभ कर दिया गया। केरेडारी के चट्टीबारियातु वन भूमि पर सैकड़ों ग्रामीणों और भू-रैयतों की उपस्थिति में पूजा संपन्न हुई। पूजा के दौरान कुछ देर मशीनों का संचालन किया गया, जिसके बाद कार्य रोक दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार से नियमित रूप से प्रतिदिन ओबी हटाने का कार्य जारी रहेगा। इस अवसर पर एमडीओ कंपनी शुसी इंफ्रा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के जीएम आर.एस. यादव सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी को परियोजना के प्रति सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि परियोजना के संचालन से क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी और बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग और समर्थन के लिए आभार जताया। चंद्रगुप्त कोल परियोजना के लिए टंडवा अंचल के एक तथा केरेडारी अंचल के आठ गांवों से कुल 3754.68 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई है। परियोजना के लिए 25 वर्ष का एमओयू किया गया है और प्रतिवर्ष 15 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित है। अधिग्रहित भूमि में 314.53 एकड़ गैरमजरूआ खास, 36.81 एकड़ गैरमजरूआ आम, 408.39 एकड़ गैरमजरूआ जंगल-झाड़ी, 1608 एकड़ रैयती तथा 1319.76 एकड़ वन भूमि शामिल है। भूमि अधिग्रहण टंडवा अंचल के उड़सु और केरेडारी अंचल के नयाखाप, पचड़ा, सिझुआ, जोरदाग, चट्टीबारियातु, बुकरु, भदईखाप एवं पेटो मौजा से किया गया है। अब तक 25 प्रतिशत सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। परियोजना से लगभग 800 परिवारों के विस्थापित होने का अनुमान है। प्रबंधन के अनुसार 2072 लोगों को स्थायी एवं संविदा के आधार पर रोजगार मिलने की संभावना है, जिनमें 755 स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।



## मेयर प्रत्याशियों से कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब, विकास मुद्दों पर हुई खुली चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह में आयोजित ह्लमिलिए अपने मेयर प्रत्याशियों सेह्व कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों और आम मतदाताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य मेयर प्रत्याशियों को एक मंच पर लाकर जनता के सामने अपने विचार, योजनाएं और विकास का विजन साझा करने का अवसर देना था कार्यक्रम के दौरान प्रत्याशियों ने नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी, पार्किंग समस्या, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था एवं पारदर्शी प्रशासन को प्राथमिकता देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए जनसहभागिता बेहद आवश्यक है और जनता के सुझावों को प्राथमिकता दी जाएगी मंच से बोलते हुए प्रत्याशी ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि गिरिडीह को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और आधुनिक शहर बनाना है। उन्होंने व्यापारियों और नागरिकों से अपील की कि वे सोच-समझकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और शहर के बेहतर भविष्य के लिए योग्य नेतृत्व का चयन करें कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी खुलकर अपने सवाल रखे, जिनका प्रत्याशियों ने विस्तार से उत्तर दिया। पूरे कार्यक्रम का माहौल शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक रहा अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की अपील की।




## वार्ड संख्या 10 से आमा देवी ने ठोका दावा अलमारी छाप पर वोट देने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम गिरिडीह के वार्ड संख्या 10 से वार्ड पार्षद पद की प्रत्याशी आभा देवी ने चुनावी मैदान में मजबूती से उतरते हुए मतदाताओं से समर्थन की अपील की है। स्वयं को शिक्षित, संघर्षशील, ईमानदार एवं समाजसेवी महिला प्रत्याशी बताते है आभा देवी ने कहा कि वार्ड के सर्वांगीण विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए वह प्रतिबद्ध हैं।

आभा देवी ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बैलेट पेपर में क्रम संख्या 1 पर अलमारी चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि आपका भरोसा हमारा वचन, महिला शक्ति से होगा परिवर्तन के संकल्प के साथ वह वार्ड की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगी प्रचार अभियान के दौरान आमा देवी को स्थानीय लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। समर्थकों का कहना है कि आमा देवी जमीनी स्तर पर सक्रिय रही हैं और क्षेत्र की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं प्रत्याशी ने साफ कहा कि यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो वार्ड में बुनियादी सुविधाओं के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, सड़क और प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अलमारी छाप पर मतदान करने की अपील की है।

## महापौर प्रत्याशी प्रमिला मेहरा का वार्ड नंबर 09, 11 और 22 में जनसंपर्क अभियान

### समय पर होगा जनता का काम : प्रमिला मेहरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 09, 11 और 22 के विभिन्न मुहल्लों में शनिवार को महापौर प्रत्याशी प्रमिला मेहरा का जनसंपर्क अभियान चला। जन सम्पर्क अभियान के दौरान लोगों से आशीर्वाद मांगा और कहा कि आपकी बेटी, आपकी बहन चुनाव में खड़ी है यदि आप मुझे मेयर बनाते हैं तो शहर का समुचित विकास होगा।

उन्होंने मतदाताओं से कहा कि मैं शहरी क्षेत्र की समस्याओं से, आपकी समस्याओं से अच्छी तरह से अवगत हूँ, मेयर बनी तो निश्चित समय में आपकी समस्याओं को हल करने का काम करूंगी मौके पर राकेश कुमार राकी शाहनवाज अंसारी, मो तुफान, सोनू एजाज, अल्कामा, मो वसीम राजा, मो पप्पु, गीता शर्मा, प्रमिला कुमारी, सुशील शर्मा सहित दर्जनों समर्थक मौजूद थे।



## वार्ड 10 में विकास का संकल्प : मधुकर मंजिलवार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निकाय चुनाव को लेकर वार्ड संख्या 10 के प्रत्याशी मधुकर मंजिलवार उर्फ राजा ने अपना विजन दस्तावेज जारी किया है। उन्होंने वार्ड के समग्र विकास, स्वच्छता, सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को प्राथमिकता देने का वादा किया है जारी विजन के अनुसार वार्ड संख्या 10 की प्रत्येक गली एवं नालियों की सप्ताह में दो दिन नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

युवाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष पहल की जाएगी, वहीं बुजुर्गों के लिए हर मोहल्ले में चौपाल की व्यवस्था की जाएगी उन्होंने कोचिंग संस्थानों एवं स्कूलों की छात्राओं की असामाजिक तत्वों से सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही है। बरगंडा चौक, दरवान चौक तथा पावर हाउस चौक पर ट्रैफिक सिपाही की तैनाती की मांग भी उनके एजेंडे में शामिल है।प्रत्याशी ने कहा कि वार्ड के प्रत्येक मोहल्ले में समय-समय पर विचार-विमर्श कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही छठ घाटों के सौंदर्यीकरण एवं नदी किनारे वृक्षारोपण कर वार्ड को हरित बनाने का संकल्प लिया गया है।

नागरिकों की सुविधा के लिए 24/7 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने का भी वादा किया गया है मधुकर मंजिलवार उर्फ राजा ने मतदाताओं से अपील की है कि वे चुनाव चिन्ह ह्लमोती का हारह्व पर क्रम संख्या 4 पर मुहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं।



## गिरिडीह में आज मिलिए अपने मेयर प्रत्याशियों से कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी के बीच आज 15 फरवरी को शहर में एक अहम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कोयलांचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से ह्लमिलिए अपने मेयर प्रत्याशियों सेह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस संबंध में केसीसीआई के अध्यक्ष राहुल बर्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शहर के मतदाताओं को एक ही मंच पर सभी मेयर प्रत्याशियों से सीधे संवाद का अवसर प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदाताओं और प्रत्याशियों के बीच सीधा संवाद बेहद जरूरी है कार्यक्रम आज शाम 4 बजे से होटल संगम गार्डन के हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मेयर प्रत्याशी अपने-अपने विजन, विकास योजनाओं और प्राथमिकताओं को मतदाताओं के सामने रखेंगे। साथ ही आम लोग भी अपनी जिज्ञासाएं और शहर से जुड़ी समस्याएं सीधे प्रत्याशियों के समक्ष रख सकेंगे आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बड़ी संख्या में व्यापारियों, बुद्धिजीवियों एवं आम नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

## जमुआ विस क्षेत्र के सार्वभौमिक विकास के लिए सड़क से सदन तक गूंजेगी आवाज : सुखदेव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** एक लंबे अरसे से जमुआ को अनुमंडल बनाने की मांग सड़क से सदन तक गूंजती रही है बावजूद आज तक जमुआ अनुमंडल बनने से वंचित रह गया है जो बिल्कुल नाइंसाफी और अप्रासंगिक है जमुआ विधान सभा क्षेत्र की सार्वभौमिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य , रोजगार सृजन योजना सहित बेटियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समृद्धशाली झारखंड की तरक्की के लिए तथा जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की नैतिकता और संवेदनशीलता की आवश्यकता है मैं झारखंड सरकार के माननीय मंत्रियों, विधायकों सहित भारत सरकार के कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों सहित सम्बन्धित सरकार के मुख्य सचेतक, मुख्य सचिव तथा सरकार के मुख्य एजेंसियों का ध्यान राज्य के समुचित विकास की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं जो निम्नवत है वर्षो की मांग जमुआ को अनुमंडल का दर्जा देना जमुआ विधान सभा क्षेत्र वासियों के लिए एक गौरवशाली सौगातों से आच्छादित करना।

साथ ही नवडीहा और हीरोडीह को प्रखण्ड का दर्जा देना अति आवश्यक है देवरी प्रखण्ड में देवरी थाना मोड़ पर अवस्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय को डिग्री कॉलेज में परिणत करना देवरी प्रखण्ड मुख्यालय के नजदीक में स्थापित भव्य और विशाल अस्पताल भवनों में स्थाई रूप से कुशल डॉक्टरों सहित महिला चिकित्सक को पदस्थापित करने में अपनी दिलचस्पी दिखाना जमुआ प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज सहित भव्य अस्पताल भवनों का निर्माण कराते हुए बेहतर डाक्टरों तथा महिला चिकित्सक को पदस्थापित कराना सुनिश्चित की जानी चाहिए जमुआ प्रखण्ड में टेक्नॉलॉजी संस्थानों व/ कंप्यूटर की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। भारत सरकार के रेल मंत्रालय से विशेष अनुरोध है कि झाझा और कोडरमा के बीच नई रेल लाइनों से जोड़ने की गौरवशाली सौगातों से देवरी प्रखण्ड को गौरवान्वित किया जाना बेहद गरिमामय कदम साबित होगा देवरी, जमुआ, तीसरी गांवा में सभी सुदूरवर्ती क्षेत्र के छोटी मोटी सड़कों को कालीकरण करते हुए मुख्य सड़कों से जोड़ने की व्यवस्था करना पटना से दुमका गोड्डा से जोड़ने वाली सड़क जो भाया गांवा, तीसरी, देवरी देवघर से गुजरती है को एन एच -4 की स्वीकृति प्रदान करते हुए अविलंब कार्य पूर्ण किया जाना देवरी थाना मोड़ से नेकपुरा रोड को अविलंब चौड़ीकरण करते हुए जर्जर सड़क को दुरुसत करना झारखंड सरकार से दरख्वास्त करते हैं कि पूरे सूबे में सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा सभी अपग्रेड यूपीएस विद्यालयों में एक एक क्लर्क सह कंप्यूटर ऑपरेटर की बहाली की प्रक्रिया का सृजन कर कैबिनेट में पारित कराते हुए बहाली की प्रक्रिया पूर्ण किया जाए। ताकि शिक्षकों को इस झंझट से मुक्ति मिले और बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं हो राज्य सरकार के अधीन कार्यरत सभी 58 हजार आकलन पास तथा अप्रशिक्षित सहायक अध्यापकों को वेतनमान समतुल्य मानदेय की स्वीकृति प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य संवारने की आकांक्षाओं को पूर्ण किया जाए जमुआ विधान सभा क्षेत्र देवरी प्रखण्ड जमुआ प्रखण्ड सहित तीसरी गांवा प्रखण्ड में भी किसानों को सिंचाई हेतु बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना चाहिए ताकि अच्छी फसल उपजा सके पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए बढ़ती बेरोजगारी पलायन को रोकने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा कल कारखानों को खोलने में दिलचस्पी दिखाना शामिल है गिरिडीह जिले के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र देवरी और तीसरी गांवा प्रखण्ड के मध्य भाग में गरीब परिवार के बेटों और बेटियों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर एक आवासीय विद्यालय की स्थापना की जानी चाहिए राज्य में शिक्षा विभाग सहित अन्य सभी विभागों में कार्यरत अनुबंध कर्मियों को स्थायी कर्मियों की तरह बेहतर सुविधाएं मुहैया कराते हुए तमाम पारा शिक्षकों सीआरपी बीआरपी आंगनबाड़ी कर्मियों पोषण सखि सहायिका स्कूल में कार्य करने वाली रसोइया बहनों मनरेगा कर्मचारी परियोजना कर्मी पारा मेडिकल जल सहिया सहिया दीदी सहित मीडिया कर्मी वकालत करने वाले वकीलों को भी बेहतर स्वास्थ्य बीमा के साथ बेहतर सुविधाए प्रदान की जानी चाहिए। उपरोक्त सभी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने की दिशा में भारत सरकार के कैबिनेट मंत्रियों सांसदों सहित झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्रियों एवं विधायकों को अपनी नैतिक जिम्मेदारी से अवगत कराते हुए इस गरिमामय सौगातों को प्रदान करने की दिशा में सार्थक प्रयास करने की कृपा प्रदान की जाय वरना इन तमाम गरिमामय सौगातों और आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों के लिए सड़क से सदन तक जनता की आवाज बुलन्द होगी।

# बोर्ड ऑफ विजिटर व डालसा की टीम ने किया केंद्रीय कारा का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर बोर्ड ऑफ विज़िटर व डालसा के संयुक्त टीम ने रविवार को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा की अगुआई में उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, डालसा सचिव राकेश रजंन, सिविल सर्जन अनिल श्रीवास्तव, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता महेंद्र राम, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पाण्डेय, प्रभारी काराधीक्षक आनंद कुमार झा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरक, महिला वार्ड, मेडिकल वार्ड, कीचन, स्टोर रूम व अन्य महत्वपूर्ण विभागों का जायजा लिया। साथ ही कैदियों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधा व चिकित्सा बव्यवस्था का आकलन किया। टीम ने साफ सफाई, पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, सुरक्षा व्यवस्था व कैदियों से सम्बंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही टीम के लोगों ने बन्दियों से मुकदमे के बारे में पैरवी के लिए एलएडीसी अधिवक्ता के तहत उपलब्ध सहायता के बारे में भी जानकारी ली। पीडीजे श्रीराम शर्मा ने कहा कि कोई भी बन्दी बिना अधिवक्ता के नही रहे, यह सुनिश्चित हो। कहा कि डालसा के द्वारा सभी को मुफ्त अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही कारा में एलएडीसी के अधिवक्ता बराबर आते हैं व मुफ्त विधिक सहायता, रिमांड से जमानत, गवाही, अपील आदि का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कोई समस्या हो तो पीएलवी जेल में हैं। आप उनसे भी अपना समस्या लिखाकर डालसा में भेज सकते है। मौके पर प्रभारी कारापाल के अलावे लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, उत्तम कुमार, पुष्कर राज, नीतू सिंह के अलावे सैकड़ों बन्दी उपस्थित थे।

## धनबाद में दून एक्सप्रेस से कछुए बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आरपीएफ ने ऑपरेशन डब्ल्यूआईएलईपी के तहत ट्रेन संख्या 13010 योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस के सामान्य (जनरल) कोच से 16 जीवित कछुए बरामद किए हैं। आरपीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि इस ट्रेन के माध्यम से संरक्षित प्रजाति के कछुओं की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट और सीआईबी की संयुक्त टीम ने धनबाद स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या दो पर ट्रेन के पहुंचते ही सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जांच के दौरान जूट के बोरे में कुल 16 जीवित इंडियन फ्लैपशेल प्रजाति के कछुए पाए गए। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए जब्ती सूची तैयार की गई और सभी कछुओं को आरपीएफ पोस्ट लाया गया।

# चंदवारा पुलिस केन्द्र से निकली शिव बारात, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** शिवरात्रि के अवसर पर जिले भर के विभिन्न शिवलियो में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। वही दूसरी ओर चंदवारा पुलिस केंद्र में भी शिव मंदिर में पुलिस के जवान अपने परिवार के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस दिन शिव पार्वती का विवाह का भी परंपरा है।पुलिस केंद्र चंदवारा से महाशिवरात्रि के अवसर पर महादेव की बारात निकाली गई।बारात का रवाना जिले के पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह ने फीता काटकर किया। बारात में संजीवनी एकाडमी स्कूल के द्वारा शिव पार्वती की झांकिया आकर्षन का केन्द्र रहा। बारात में पुलिस जवान डीजे के धुन पर नाचते गाते हुए चंदवारा पुराना थाना पहुंचा जहा बारातियों को स्थानीय ग्रमीण ने माला पहनाकर स्वागत किया। बारात पुनः चंदवारा पुलिस केंद्र पहुंचा जहाँ पर भंडारे के साथ समापन किया गया। मौके पर विध्याचंद्र शर्मा, चंदवारा थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार, पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष प्रशांत कुमार, मुकेश कुमार रवि, रामजी यादव, नंदलाल महतो,सरोज वर्मा, संटू टुड्डू एवं पुलिस जवान मौजूद थे।

# फुसरो नगर परिषद अध्यक्ष पद का चुनावः त्रिकोणीय मुकाबले के आसार, प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** फुसरो नगर परिषद का अध्यक्ष पद इस बार महज एक प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राजनीतिक वर्चस्व की जंग बन चुका है। यहां मुकाबला त्रिकोणीय है। यह चुनाव तय करेगा कि आने वाले वर्षों में नगर की सियासत किस दिशा में बढ़ेगी। मैदान में आमने-सामने हैं झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थित प्रत्याशी वीणा कुमारी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार निर्मला देवी और भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी ममता देवी। तीनों नाम अलग-अलग राजनीतिक धाराओं का प्रतिनिधित्व करतीं हैं, लेकिन असली सवाल यह है कि जनता किस नेतृत्व पर भरोसा करेगी।

**चुनाव से ज्यादा, प्रतिष्ठा की जंग**

भले ही इस बार का नगर निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं हो रहा है, लेकिन जमीन पर जो माहौल है वह किसी विधानसभा चुनाव से कम नहीं। एक तरफ जहां बेरमो विधायक अनूप सिंह ने निर्मला देवी को अपना प्रत्याशी घोषित कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी वीणा कुमारी को असहज कर दिया। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी ममता देवी अच्छा करेंगी। जहां एक तरफ झामुमो के कद्दावर नेता दिवंगत जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो झामुमो समर्थित प्रत्याशी के साथ चुनावी प्रचार कर रहे हैं। वहीं भाजपा भी मजबूती से अपने प्रत्याशी के साथ खड़ी है। इस चुनावी दौर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू भी अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने फुसरो पहुंचे थे। वहीं कांग्रेस का गढ़ रहा बेरमो का फुसरो नगर परिषद क्षेत्र बेरमो विधायक का आवासीय क्षेत्र है, इसलिए फुसरो नगर परिषद क्षेत्र विधायक की साख बचा पाएगा या भाजपा और झामुमो के साथ जोड़ आजमाइश में पिछड़ जाएगा यह जनता आने वाली 23 तारीख के चुनाव में तय करेगी।

**त्रिकोणीय मुकाबले के आसार**

वार्ड स्तर पर समीकरणों की बिसात बिछ चुकी है। रणनीतिक बैठकें हो रही हैं। साइलेंट वोटरों को साधने की कोशिशें तेज हैं। यह केवल वोटों का गणित नहीं, यह भरोसे, प्रभाव और संगठनात्मक ताकत की परीक्षा है। इस बार का चुनाव त्रिकोणीय लग रहा है। त्रिकोणीय संघर्ष का मतलब है वोटों का स्वाभाविक बंटवारा। ऐसे में जीत का अंतर बेहद कम हो सकता है। एक वार्ड का झुकाव पूरे चुनाव की तस्वीर बदल सकता है। यह चुनाव यह भी बताएगा कि स्थानीय स्तर पर किस दल की जड़ें कितनी गहरी हैं। कौन केवल नारों पर चल रहा है और किसके पास जमीन पर काम करने की ठोस रणनीति है।

## सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा की बैठक 17 को

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा की बैठक 17 फरवरी को होगा। इसमें विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही कमेटी का गठन किया जाएगा। उक्त जानकारी सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष आचार्य रमाकांत पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद व ज्योतिषाचार्य विजयानन्द सरस्वती होंगे। उन्होंने बताया कि दुर्गा गैरेज के नजदीक ओझा कम्प्लेक्स में आयोजित बैठक में सम्मान समारोह आयोजित कर समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाले प्रबुद्ध जनों व गणमान्यों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में संगठनात्मक विचार-विमर्श, समाज का उत्थान आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही विचार आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में कई निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के सभी महानुभावों से 17 फरवरी को निर्धारित स्थान पर 2 बजे अपराह्न पहुंचने का आह्वान किया।

# झारखंड में महाशिवरात्रि की धूम, शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद / गिरिडीह / रांची / जामताड़ा/कोडरमा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर झारखंड के अलग-अलग जिले में श्रद्धालु शिवभक्ति में डूबे नजर आए। धनबाद के ऐतिहासिक बूढ़ा बाबा पातालेश्वर धाम में तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। करीब 327 वर्ष पुराने इस प्राचीन मंदिर में हजारों भक्तों ने लंबी कतारों में लगकर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष के साथ शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित किए।

धनबाद के अलकडीहा का यह बूढ़ा बाबा मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर के निर्माण के पीछे एक रोचक और आस्था से जुड़ी कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि वर्षों पहले यह पूरा इलाका घने जंगलों से आच्छादित था। स्थानीय निवासी हुटू मोदी की एक काली गाय प्रतिदिन जंगल की ओर चली जाती थी और घर लौटने पर दूध नहीं देती थी। बताया जाता है कि गाय जंगल में स्वतः शिवलिंग पर दूध देती थी। जिसके बाद यहां मंदिर का निर्माण कराया गया, जिसे आज बूढ़ा बाबा पातालेश्वर धाम के नाम से जाना जाता है।

भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। थाना प्रभारी सुमन कुमार की देखरेख में पुलिस बल तैनात है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कतारें व्यवस्थित बनी रहे। मंदिर कमेटी के अनुसार रात में बारात निकाली जाएगी, जो शिव विवाह की झांकी प्रस्तुत करेगी। कमेटी ने बताया कि 17 फरवरी को बालक भोजन और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



**गिरिडीह के शिव मंदिर हरिहरधाम में उमड़ी भीड़**

गिरिडीह के बगोदर स्थित शिव मंदिर हरिहरधाम में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। रविवार को अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जारी है। इस बीच गिरिडीह डीसी राम निवास यादव भी बगोदर पहुंचे एवं भोले बाबा के दरबार में मत्था टेका। उन्होंने मंदिर परिसर की व्यवस्था का भी जायजा लिया। श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने और व्यवस्थित करने के लिए पुलिस के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती है। मंदिर के प्रबंधक भीम यादव ने बताया कि अहले सुबह से श्रद्धालुओं का आना जारी है। अब तक दस हजार से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने मत्था टेका है।

**रांची में शिव भक्तों में देखी जा रही है विशेष धूम**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रांची में शिव भक्ति कार्यक्रमों की विशेष धूम देखी जा रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। जहां हजारों की संख्या में शिव भक्त शामिल होकर भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीन हैं। इसी क्रम में वैश्विक शिव शिष्य परिवार की ओर से एक भव्य शिव भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंच से शिव महिमा का गुणगान किया गया और भक्तों ने सामूहिक रूप से 'ओम नमः शिवाय' का जाप कर वातावरण को शिवमय बना दिया।

आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट और रोशनी से सजाया गया था। कई भक्त पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे, जिससे कार्यक्रम में धार्मिक उत्साह और बढ़ गया। आयोजन के दौरान शिव बारात की तैयारियों की भी झलक देखने को मिली। विभिन्न समितियों द्वारा झांकियां तैयार की जा रही हैं, जिनमें भगवान शिव, माता पार्वती और शिवगणों की झलक प्रस्तुत की जाएगी। शिव बारात को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आयोजन समितियों के सदस्य और स्वयंसेवक सक्रिय रूप से व्यवस्था संभालते नजर आए। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन की ओर से भी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

**जामताड़ा के शिवालयों में शिव भक्तों की उमड़ी भीड़**

महाशिवरात्रि को लेकर जामताड़ा के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालु और शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। रविवार सुबह से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालु बाबा के जलाभिषेक करने के लिए आ रहे हैं। शिव भक्त श्रद्धालु महाशिवरात्रि को व्रत भी रखते हैं। शिवरात्रि को लेकर आकर्षक विद्युत रोशनी और फूलों से शिवालयों को सजाया गया है। भजन कीर्तन और महाप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिले में बालेश्वर धाम दुखिया बाबा मंदिर भी खास आकर्षण का केंद्र होता है।

**महाशिवरात्रि के मौके पर कोडरमा के ध्वजाधारी धाम में दो दिवसीय मेला**

महाशिवरात्रि के मौके पर कोडरमा के ध्वजाधारी धाम पर दो दिवसीय शिवरात्रि मेले का आयोजन किया गया है। यहां बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंच रहे हैं और 777 सीढ़ियां चढ़कर बाबा भोले को जलाभिषेक कर रहे हैं। शिवरात्रि के मौके पर लगने वाले दो दिवसीय मेले में करीब 1 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। जिसको लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह महिला और पुरूष सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी लगाए गए हैं। इसके साथ ही एनसीसी के कैडेट और मेला कमेटी के वालंटियर श्रद्धालुओं की सहायता और भीड़ कंट्रोल में लगे हुए हैं।

## महाशिवरात्रि पर बासुकीनाथ धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब




**दुमका/ नबिटा संवाददाता।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर झारखंड के प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भोलेनाथ के भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ आया, और पूरा मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। आज भगवान शिव और माता पार्वती का विवाहोत्सव है, जिसके चलते हर भक्त दर्शन और पूजन के लिए आतुर नजर आ रहा है।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जरमुंडी एसडीपीओ अमित कच्छप ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर सहित भीड़-भाड़ वाले सभी महत्वपूर्ण पॉइंट्स पर पुलिस बल की मजबूत तैनाती की गई है। देर रात निकलने वाली भोलेनाथ की बारात पर भी पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। प्रवेश के सभी चेक पॉइंट्स पर पुलिस के साथ-साथ मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं, ताकि आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पंडा धर्म रक्षिणी सभा के महामंत्री संजय झा ने बताया कि बासुकीनाथ धाम में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाता है। हिंदू धर्म में जहां वर-वधू का वैवाहिक कार्यक्रम होता है, ठीक उसी प्रकार यहां शिव-पार्वती का विवाह पूरे विधि-विधान से संपन्न होता है। आज देर रात मंदिर परिसर से आकर्षक झांकी के साथ शिव बारात निकलेगी, जो नगर भ्रमण करेगी और फिर पार्वती मंदिर में पहुंचकर रुकेगी। इसके बाद शिव-पार्वती का विवाह संपन्न होगा। अगले दिन मर्यादा एवं घूंघट की रस्म अदा की जाएगी तथा बारातियों को विदा किया जाएगा।

# रेलवे पुलिस ने निकाली शिव बारात



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा शिवरात्रि पर शहर के महाराजगंज स्थित रेलवे सुरक्षा बल बैरक के समीप से शिव विवाह लेकर बारात निकाली गई। बारात में रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी एवं जवान के साथ-साथ स्थानीय लोग शामिल हुए। बरात महाराजगंज से शुरू होकर डिहवार स्थान पहुंची। बाबा डिहवार के पूजन उपरांत टिकट काउंटर, मुरली बाबू चौक, मुख्य बाजार होते हुए शहर के महादेव घाट बारात पहुंची जहां पूजन उपरांत बारात वापस महाराजगंज के लिए रवाना हुई। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि बैरक स्थित भगवान शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया था इसके बाद हवन उपरांत बारात निकल गया। रविवार की रात्रि में मां-पार्वती एवं भगवान शिव की विवाह वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं के बीच में प्रसाद का वितरण किया गया। विवाह के दौरान मुख्य जजमान सिपाही अमित कुमार एवं उनकी पत्नी रही। इस मौके पर एस आई इंदल कुमार मंडल, नरेंद्र कुमार, नीतीश कुमार, अविनाश कुमार, मिथिलेश कुमार, भूपेंद्र कुमार, शंकर सिंह, अमित कुमार, विमलेश कुमार, आर आर सिंह, आर एस यादव, दिलीप कुमार रफीगंज थाना से थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई कौशलेंद्र कुमार, निरंजन सिंह, मिथिलेश कुमार, सहित स्थानीय लोग बारात में शामिल थे।

## जम्होर में धूमधाम से निकाली गई महादेव की बारात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में महाशिवरात्रि पूजा महोत्सव के निमित्त महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर भगवान शंकर जी का बारात भव्यता एवं दिव्यता के साथ शुभ मुहूर्त में निकाली गई। सैकड़ों ग्रामीणों के सान्निध्य में जम्होर ग्राम के हृदय स्थली दुर्गा मैदान से शंकर जी की बारात निकली और दक्षिणी मोहल्ला हनुमान जी के परिसर होते हुए पूरा नगर का भ्रमण किया और उसके बाद यह बारात अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पहुंची। तत्पश्चात विभिन्न गलियों से होते हुए माता पार्वती स्थान के पास पहुंचने पर भगवान शंकर एवं माता पार्वती का शुभ विवाह कराया गया। योग्य आचार्यों के उपस्थिति में मंत्रोंच्चार के साथ शिव-पार्वती विवाह में महिलाओं द्वारा मांगलिक गान की प्रस्तुति की गई। आयोजन समिति के संयोजक दीपक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में विशेष सहभागिता निभाई।

# धूमधाम से करायी गई भगवान शिव और माता पार्वती की शादी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के हैबसपुर गांव में आजाद युवा क्लब की ओर से महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, मुखिया चुनु शर्मा, सरपंच बखोरा खां, समाजसेवी शत्रुघ्न सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके उपरांत राधा रानी की झांकी की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंतोष कुमार, सोनू कुमार, डॉ सुधीर कुमार, अनुग्रह महतो, प्रमीत कुमार, प्रिंस कुमार सहित अन्य युवाओं का योगदान सराहनीय रहा। वही हसपुरा बाजार के चौराही रोड स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर सहित ब्लॉक कैम्पस मंदिर, पचरूखिया - हैबसपुर, सोनहथु, कोईलवां,टाल, ईटवां, डुमरा,मनपुरा, सिहाड़ी, चौराही, आदर्शनगर हसपुरा, खुटहन, जैतपुर, महुआड़,अहियापुर सहित अन्य गांव स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर शिवलिंग की पूजा - अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगी रही। शिवलिंग की पूजा में महिलाओं की भीड़ अधिक देखा गया। आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री ने कहा शिव-शक्ति का प्रतीक माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। भोलेशंकर शिव की महिमा अपरम्पार है। श्री शास्त्री ने कहा महादेव महासिद्धिदायिनी हैं। इसे शिव अराधना का महापर्व कहा गया है। कई जगहों पर मंदिरों में शिवशंकर भोलेनाथ - पार्वती की शादी का रस्म पुरी की गई है।

# पॉल्यूशन मुक्त होगा शहर : पियूष रंजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज पथ के कियाखाप पंजाब नेशनल बैंक के समीप रिद्धि सिद्धि बजाज मोटर एलएलपी एजेंसी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पियूष रंजन एवं प्रोपराइटर निर्भय कुमार सिंह उर्फ भोलू सिंह ने फीता काटकर किया। पीयूष रंजन ने बताया कि रफीगंज शहर में पहली बार इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी से संचालित होने वाली थ्री व्हीलर की एजेंसी खुला है। यह एजेंसी खुली जाने से रफीगंज में पॉल्यूशन कम होगा तथा गरीब मजदूर लोग गाड़ी खरीद आय का स्रोत बढ़ा सकते हैं। प्रोपराइटर निर्भय कुमार सिंह उर्फ भोलू सिंह ने बताया कि रफीगंज में बजाज की पहली थ्री व्हीलर ऑटो एवं ई रिक्शा सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक द्वारा चलने वाली लोगों के बीच में उपलब्ध हुआ है। बजाज की सर्विस भी यहां उपलब्ध है और पाट्र्स भी कम कीमत पर मिलेगी यदि 16 फरवरी से होली तक गाड़ी खरीदने हैं तो स्पेशल ऑफर भी ग्राहकों को दिया जाएगा । विशेष छूट के साथ-साथ उपहार के स्वरूप में मिक्सर ग्राइंडर म्यूजिकल सिस्टम डिनर सेट सहित अन्य उपहार ग्राहकों को दी जाएगी। निर्भय ने बताया कि दो घंटे के अंदर लोन की सुविधा सिर्फ आधार कार्ड पैन कार्ड एवं पासबुक के माध्यम से की जा रही है। इस मौके पर गुड्डू यादव, बबलू कुमार, रोहित कुमार, आयुष कुमार, अनुज कुमार, रितेश कुमार, कार्तिक कुमार आदित्य सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 24 घंटे का अखंड ज्योति कीर्तन का आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण स्थित शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड ज्योति कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जैसे ही "हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे" का स्वर गूंजा, पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी और भजन-कीर्तन की मधुर धुनों ने माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। आयोजन की जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर अखंड ज्योति कीर्तन का आयोजन किया गया है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को विधिवत आरती एवं हवन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर जदयू नेता विजय विश्वकर्मा, बबलू सिंह, गोह के बड़ा बाबू अशोक कुमार, पप्पू रजक, बड़ा बाबू सुनील कुमार, रूपेश कुमार, लाल बहादुर, बबलू कुमार सिंह, अकाउंटेंट राजेश कुमार, पीसीएस सुभाष कुमार, बीएमसी शम्मी, सुनील दीप कुमार, प्रमोद, अनिल कुमार, दैनिक आशा कार्यकर्ता आशा कुमारी, रंजना कुमारी, प्रीति कुमारी, सुमन कुमारी, वैजयंती कुमारी तिग्गा सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी उपस्थित रहे।

# असहायों के बीच बांटे गये वस्त्र व भोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मौआरी गांव में दलितों के रहनुमा और समाजसेवी रामचन्दर राम की छठी पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ रामचन्दर राम और उनकी धर्मपत्नी विगनी देवी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर दर्जनों असहाय व अभिवंचित वर्गों में बिफनी कुंवर, सूरजमनि देवी, प्रेमनी कुंवर को धोती साड़ी व अंग वस्त्र अलकरिया देवी, सियामनी कुंवर, कौलेश्वर पासवान, महेन्द्र राजवंशी, दिया मथुरा राजवंशी सहित कई असहायों के बीच अंगवस्त्र वितरण किया गया और भोजन कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेरा युवा भारत केन्द्र (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार)गाजीपुर (उत्तरप्रदेश) के उपनिदेशक कपिल देव ने कहा कि रामचन्दर राम के सामाजिक योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। स्व. राम निरंतर सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहे थे। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार प्रो अलखदेव प्रसाद 'अचल', साहित्यकार व पत्रकार शंभू शरण सत्यार्थी, अधिवक्ता मोहन राम, समाजसेवी कामता प्रसाद कुशवाहा, कृष्णा यादव, शिक्षक मनीष कुमार, नागा सिंह, बीरेंद्र राम, पुष्पा कुमारी, विकास कुमार, परितोष कुमार, आशुतोष कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने श्री राम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# महाशिवरात्रि धूमधाम से संपन्न

## मंदिरों में उमड़े लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना समेत पूरे बिहार में आज महाशिवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर रविवार सुबह से ही विभिन्न शहरों के तमाम शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भोर होते ही भक्तजन भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। गया के प्रमुख शिवालयों, विशेषकर रामशिला मंदिर और मारकंडेय महादेव मंदिर में सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु दूध, जल, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

मंदिर परिसरों में सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई है। स्वयंसेवक भी श्रद्धालुओं की सुविधा में जुटे हैं। दिन भर विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन जारी रहेगा, जिससे शहर का माहौल पूरी तरह शिवमय बना रहा।

**नगरनौसा (नालंदा)से संवाददाता के अनुसार** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगरनौसा प्रखंड क्षेत्रों में विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तजन भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिरों में कतार लगी रही। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना की और भोलेनाथ के शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, दही, शहद तथा गंगाजल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई। मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से जीवन में सुख शांति और सकारात्मक ऊर्जा का



संचार होता है। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे। कई मंदिरों में भजन-कीर्तन और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल तैनात किए गए थे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। महाशिवरात्रि पर बाबा भुनेश्वरनाथ महादेव मंदिर देकुली धाम में सुबह से पूजन, अर्चन, दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी हैं। सुबह से ही लोगों की कतार लगी हुई हैं। यहां रविवार को जलाभिषेक की परंपरा है।

**शिवाजीनगर से संवाददाता के अनुसार** प्रखंड अंतर्गत महाशिवरात्रि धूमधाम से हर्षोल्लास मनाया गया। इस अवसर पर शिव भक्तों के द्वारा शिव मंदिरों में शिवलिंग पर फूल, अक्षत, बेलपत्र चढ़कर जलाभिषेक किया गया। हर हर महादेव की जय घोष से भक्ति मय बना रहा शिव मंदिर परिसर एवं आसपास की इलाका। सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का भीड़ उमर पड़ा ।इस अवसर पर शिव मंदिरों के प्रांगण में कई जगहों पर मेला का भी आयोजन किया गया। पटेल नगर बेला चौक स्थित शिव मंदिर के पुजारी रास बिहारी आचार्य ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर जो भी व्यक्ति फूल और बेलपत्र चढ़कर बाबा भोलेनाथ की जलाभिषेक करते हैं तो उनकी मन्नतें अवश्य ही पूर्ण होती है। उन्होंने कहा शिवलिंग में हर एक भगवान की वासना होती है और भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा किया जाता है तो उसमें भगवान शिव विराजमान रहते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के शिवाजीनगर स्थित शिव मंदिर,बेला चौक स्थित शिव मंदिर, जाखर गांव शिव मंदिर, निंबार्क धाम स्थित शिव मंदिर, मानस मंदिर बंदा, शिव मंदिर बथनाहा, करियन, बल्लीपुर, बाघोपुर शिव मंदिर भानपुर, सहित अन्य शिव मंदिरों के प्रांगण में भव्य मेला का आयोजन किया गया। सभी शिव मंदिरों को दूधिया एवं रंग बिरंगी लाइट से आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिरों के प्रांगण में पूरे दिन भक्ति गीत बजता रहा।

## कार चलाना सीख रहे युवक ने मासूम को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पूर्वी करगहिया वार्ड संख्या 31 निवासी नौ वर्षीय सागर कुमार की रविवार दोपहर कार की ठोकर से मौत हो गई। घटना राम लखन सिंह यादव कॉलेज परिसर दोपहर 01 बजे हुई। बताया जाता है कि एक व्यक्ति कार चलाना सीख रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और खेल रहे बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। मृतक सागर कुमार पिता सिकंदर राम का दूसरा पुत्र था।

बताया जाता है कि वह दोपहर में कॉलेज परिसर में खेलने गया था। इधर, अस्पताल में मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि पूरा परिवार शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए निकला था। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि उनके पुत्र को कार से ठोकर लगी है और उसे अस्पताल भेजा गया है।

जब स्वजन अस्पताल पहुंचे तो सागर का शव वहां पड़ा मिला। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों ने आरोप लगाया है कि चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

मुफस्सिल थानाध्यक्ष सम्राट सिंह ने बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है तथा चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इधर अस्पताल नाका प्रभारी मदन कुमार मांझी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया गया है। संबंधित थाना द्वारा विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक सागर तीन भाइयों और चार बहनों में दूसरे नंबर पर था। बड़ा भाई बादल (14 वर्ष) तथा छोटा भाई शिवधन (5 वर्ष) है, जबकि चारों बहनें उससे बड़ी हैं। पिता सिकंदर राम ठेला चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

# नरकंकाल मिलने से सनसनी

## तीन-चार साल पुराना लग रहा कंकाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मानपुर क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब गया और मानपुर को जोड़ने वाली फल्गु नदी पर बने सिक्स लेन पुल के पिलर के बीच हिस्से पर एक नर कंकाल बरामद किया गया। शनिवार दोपहर पुल की जांच करने पहुंचे पुल निगम के कर्मी की नजर पिलर संख्या नौ के पास पड़े कंकाल पर पड़ी, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना अध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी और अपर थाना अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार कंकाल करीब तीन से चार साल पुराना बताया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि मानपुर सिक्स लेन पूल के पिलर पर एक नर कंकाल मिला है। जिसको अपने कब्जे मे लेकर भेज दिया गया है। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण और पहचान को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल घटना ने इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल बना दिया है।

## फंदे से लटकी मिली विवाहिता की लाश

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महदह गांव में देर रात संदिग्ध परिस्थिति में 20 वर्षीय विवाहिता की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। शव का पोस्टमार्टम करा लिया गया है।

इधर पुलिस ने पूछताछ के लिए पति को हिरासत में लिया है। मृतक की मां उषा देवी ने मारपीट, प्रताड़ना के अलावा दहेज की मांग का आरोप लगाते हुए पति शंकर दयाल समेत ससुर, ननदोई, ननद और जेठानी के खिलाफ प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है।

एक वर्ष पूर्व ब्रह्मपुर निवासी भुनेश्वर सिंह ने अपनी पुत्री नेहा कुमारी की शादी महदह निवासी शंकर दयाल कुशवाहा के साथ की थी। शंकर दयाल दुबई में काम करता है। वह जनवरी में दुबई से घर आया था। ससुराल वालों के मुताबिक नेहा का शव रविवार को अपने कमरे में फंदे से लटकता मिला। इसकी सूचना घरवालों ने ही पुलिस को दी।

घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल एफएसएल टीम को भी बुलाया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। जांच के उपरांत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आरोपित धराया

**मुजफ्फरपुर।** जिले की पुलिस ने टॉप-टेन वांछित कुख्यात अपराधी झामु उर्फ चिंटू उर्फ राजा को गिरफ्तार कर लिया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कई संगीन मामले दर्ज हैं।

पुलिस फरार अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि वांछित अपराधी झामु अहियापुर इलाके में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ टाउन-2 बिनीता सिन्हा और अहियापुर थाना प्रभारी रोहन कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी को चोरी के एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया।

सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि झामु उर्फ चिंटू जिले का टॉप-टेन वांछित अपराधी है। उसके खिलाफ लूट, छिनतई समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पहले भी जेल जा चुका है। हाल ही में एक व्यवसायी से लूट की घटना को अंजाम देकर फरार था।

पुलिस के अनुसार जेल से बाहर आने के बाद वह दोबारा अपने गिरोह को सक्रिय करने की कोशिश में था।

# मनायी गयी किसान आंदोलन के जनक स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल,गांधी विचार मंच, और लोक समिति के तत्वाधान में आदिवासी कॉलोनी पटना सर्वोदय समाज के कार्यालय में दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष ने लोगो को संबोधित करते हुए बताया कि स्वामी जी भारत के राष्ट वादी नेता,एवं स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी के साथ साथ किसान आंदोलन के जनक थे,वे आदि शंकराचार्य परम्परागत दंडी स्वामी और समाज सुधारक ,लेखक ,इतिहास कार थे,उनके द्वारा हुंकार नामक पत्रिका का प्रकाशन भी शुरू किया गया।

किसान नेता योगेंद्र ने कहा के उनका जन्म 1889, और मृत्यु 1950 को हुआ,वे शिवरात्रि के दिन ही पैदा लिए थे,उनके निधन पर गांधी मैदान पटना



में अंतिम दर्शन के लाखों लोग शामिल हुए।बिहार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने ऑन लाइन लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी जी किसानों के शोषण और उनके अधिकार दिलाने के उद्देश्य से लोक संग्रह नामक समाचार पत्र का प्रकाशन भी किया था,उन्होंने बिहार और राष्ट्रीय स्तर पर किसानों का संगठन बनाया।

सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ने कहा कि स्वामी के अनुसार किसान वे लोग है,जो भोजन वस्त्र और अन्य उत्पादों के लिए फसल उपजाने के साथ साथ पशुपालन,का काम करते हो,वे खेतों में काम करते हो,सभी के लिए भोजन उपलब्ध कराने में इनका महत्वपूर्ण भूमिका है। लोक समिति की क्रांति बहन ने कही की स्वामी के द्वारा किसान सभा आंदोलन बिहार से शुरू होकर पूरा देश किसानों के आंदोलन को मजबूत किया।

जयंती समारोह में निर्मला देवी,सुभाष यदुवंशी,विनोद कुमार ,मंगल कुमार, संजीत कुमार,अरब भैया,सज्जन कुमार ,दिलीप कुमार के अलावा अन्य कई लोग शामिल हुए ।

# फूल तोड़ने गयी सात वर्षीया के साथ दुष्कर्म

- खून से लथपथ नग्न मिली पीड़िता
- शिवरात्रि को ले फूल लेने निकली थी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** मेदनी चौकी थाना क्षेत्र के देवघरा गांव में रविवार को फूल तोड़ने गई एक 7 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है।

आरोपी गोपाल मिश्रा को ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार देवघरा गांव में रविवार की सुबह करीब 9:00 बजे शिवरात्रि के मौके पर पूजा करने के लिए फूल तोड़ने गई 7 वर्षीय बच्ची का गांव के ही रतिकांत मिश्रा उर्फ बच्चन बाबा के पुत्र गोपाल मिश्रा (35) द्वारा फूल देने के बहाने घर में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया।

आरोपी गोपाल मिश्रा को ग्रामीणों ने उसके घर से पकड़ कर लिया है और पुलिस को सुपुर्द कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि पीड़ित बच्ची खून से लथपथ किसी तरह से भाग कर अपने घर पहुंची।

बच्ची को बिल्कुल नग्न अवस्था में खून से लथपथ देख उसकी मां ने बच्ची से घटना के संबंध में पूछने पर बताया कि गांव के ही गोपाल मिश्रा ने उनके साथ घर में ले जाकर घटना को अंजाम दिया है।

इसके बाद पीड़ित बच्ची की मां ने आस-पड़ोस के लोगों को घटना के विषय में बताया और पुलिस को भी घटना की सूचना दी। ग्रामीणों द्वारा आरोपी युवक को घर से पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची मेदनी चौकी पुलिस ने तत्काल युवक को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ करने पर युवक ने घटना के संबंध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस द्वारा पीड़ित बच्ची का इलाज हेतु सदर अस्पताल लखीसराय में भर्ती कराया गया है जहां बच्ची की हालत खतरे से बाहर बताई जा रहा है।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष चितरंजन कुमार ने बताया की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। घटनास्थल से बच्ची के खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए गए हैं।

इधर पीड़ित बच्ची की मां ने बताया कि सुबह पूजा करने के लिए बच्ची फूल तोड़ने के लिए गई थी। इसी दौरान आरोपी गोपाल मिश्रा ने बच्ची को फूल देने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने घर लेकर चले गए और बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया उनकी बच्ची किसी तरह से आरोपी के चंगुल से भाग कर नग्न अवस्था में खून से लथपथ दौड़ते हुए घर आई।

बच्ची के हालात देखकर उसे कुछ समझ में नहीं आया तत्काल बच्ची से पूछताछ करने में घटना की सारी जानकारी उन्हें बतायी। बच्ची के पिता मजदूरी करने बेंगलुरु गए हुए हैं। बच्ची की मां अपने तीन बच्चों के साथ गांव में ही रहती है।

घटना को लेकर लखीसराय एसडीपीओ शिवम कुमार मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर थाना अध्यक्ष चितरंजन कुमार आवश्यक को निर्देश दिया। पीड़ीत बच्ची के मेदनी चौकी थाना के एस आई नीतू भारती के प्रतिरक्षण में इलाज हेतु सदर अस्पताल लखीसराय में भर्ती कराया गया है।

## रक्षा मंत्रालय की जमीन पर अतिक्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** राज्य के छह जिलों में सेना की करोड़ों की जमीन पर अतिक्रमण के मामले को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल के निर्देश के बाद वर्षों से दबी फाइलें अब खुलने लगी हैं। प्रशासन को इन मामलों के निष्पादन के लिए 31 मार्च तक की डेडलाइन दी गई है।

उपलब्ध डाटा के अनुसार बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में रक्षा मंत्रालय की 9.36 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण है। इसमें 4.48 एकड़ जमीन पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों का कब्जा है, जबकि 4.88 एकड़ भूमि पर सिविलियन द्वारा कब्जा किया गया है। विभाग की ओर से अतिक्रमणकारी सिविलियन की सूची पहले ही जारी की जा चुकी थी, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

# चाय पीने निकले दो युवकों को अज्ञात अपराधियों ने बनाया निशाना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** महाशिवरात्रि के दिन रविवार को राजधानी पटना में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े गोलीबारी कर दहशत फैला दी। घटना रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के शिवाजी चौक के पास की है, जहां चाय पीने आए दो युवकों को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाते हुए गोली मार दी। गोली लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद घायल युवकों के परिजनों में आक्रोश है। उनका कहना है कि महाशिवरात्रि के दिन पुलिस टीम हर जगह तैनात दिख रही है। लेकिन, अपराधियों में उनका खौफ खत्म हो गया। वह आराम से गोलीबारी कर निकल और पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पाई। इधर, गोलीबारी की सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर थाना पुलिस के साथ सदर एसडीपीओ-2 मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान सुनिश्चित की जा सके। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश समेत अन्य पहलुओं पर भी पड़ताल की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। रामकृष्ण नगर थाना प्रभारी ने बताया कि घायल युवकों की पहचान बिट्टू कुमार और पिंटू कुमार के रूप में हुई है। दोनों आपस में दोस्त हैं। सदर एसडीपीओ 2 रंजन कुमार ने बताया कि दोनों युवक रविवार को स्कॉर्पियो से शेखपुरा से रामकृष्ण नगर पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ अपराधी वहां आए और दोनों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगने से दोनों घायल हो गए।

सदर एसडीपीओ 2 रंजन कुमार ने बताया कि गोली चलाने वाले आरोपियों की पहचान अरमान और दारुल के रूप में की गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### दो ट्रकों की आमने सामने टक्कर

**मनेर।** राजधानी पटना के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनेर-दानापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के हुए सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। श्रीनगर गांव के समीप हुए दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालकों को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान 24 वर्षीय राहुल कुमार, पुत्र दिलीप राय ने दम तोड़ दिया। हादसे में दोनों ट्रकों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की तीव्रता से पास खड़ा एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया।टक्कर के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए जाम लग गया, जिसे पुलिस ने हटवाकर यातायात सामान्य कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक चालक का पीएमसीएच में पोस्टमार्टम चल रहा है और उनके परिजन अस्पताल पहुंच चुके हैं। दूसरे घायल चालक का इलाज किसी अन्य अस्पताल में चल रहा है।

# दरबाजे पर खड़े युवक को हथियारबंद लोगों ने मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव में हथियारबंद तत्वों ने दरवाजे पर खड़े युवक पर गोलीबारी कर दी। इस दौरान उस पर चाकू से भी हमला किया गया।

घटना में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान बड़हरा थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव निवासी महेंद्र चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। उसके पीठ में जख्म का निशान पाया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही बड़हरा थानाध्यक्ष रविकांत कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष बबलू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने खदेड़ कर बाइक सवार दो संदिग्धों सुधीर और दीपक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान दो देसी कट्टा, एक कारतूस और एक प्लेट बरामद किया है। घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त है।

इधर, जख्मी युवक के भाई अजय कुमार चौधरी ने बताया कि उसका भाई सुजीत कुमार घर के बाहर दरवाजे पर खड़ा था, तभी गांव के मंटू सिंह का बेटा हाथ में शराब लेकर वहां पहुंचा और घर में घुसने लगा।सुजीत ने जब उसे रोका तो उसने अभद्र व्यवहार करते हुए थप्पड़ मार दिया। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई हुई, जिसमें सुजीत ने भी उसे थप्पड़ मारा।

आरोप है कि थोड़ी देर बाद तीन बाइक पर सवार होकर कुछ लोगों के साथ लौटा और सुजीत पर गोली चला दी। उधर, इलाज कर रहे सर्जन चिकित्सक डॉ. विकास सिंह ने बताया कि जख्मी युवक के चेहरे पर बारूद के छींटे जैसे निशान दिख रहे हैं, जबकि पीठ पर चाकू से कटने का निशान पाया गया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपित पक्ष के यहां शनिवार को तिलक कार्यक्रम है और ट्रे सेट मांगने को लेकर घर में प्रवेश के प्रयास से विवाद उत्पन्न हुआ।

# बिहार के 41 टोल प्लाजों पर ई-डिटेक्शन सिस्टम चालू

## फिटनेस, इंश्योरेंस और पॉल्यूशन अप-टू-डेट नहीं तो स्वतः कटेगा चालान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए राज्य के कुल 41 टोल प्लाजा पर अत्याधुनिक ई-डिटेक्शन सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन ई-चालान की कार्रवाई करेगा।

इन टोल प्लाजा से गुजरने वाले ऐसे वाहन जिनके पास वैध इंश्योरेंस, फिटनेस प्रमाण-पत्र अथवा प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं होगा, उनका चालान खुद ऑनलाइन कट जाएगा।

परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि पूर्व में राज्य के 31 विभिन्न टोल प्लाजों पर ई-डिटेक्शन सिस्टम के माध्यम से ई-चालान की व्यवस्था लागू की गई थी। इसके सकारात्मक परिणामों के बाद अब इसका विस्तार करते हुए अतिरिक्त टोल प्लाजा को इस प्रणाली से जोड़ा गया है, जिससे पूरे राज्य में जुमार्ने की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

उनके अनुसार आधुनिक तकनीक के उपयोग से प्रवर्तन तंत्र को सशक्त किया जा रहा है, ताकि नियमों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज इंश्योरेंस, फिटनेस एवं प्रदूषण प्रमाण-पत्र समय पर नवीनीकृत कराएं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।

ई-डिटेक्शन सिस्टम से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में भी सहायता मिलेगी।

यह प्रणाली राष्ट्रीय स्तर पर संचालित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के तकनीकी सहयोग से वाहन पंजीकरण एवं संबंधित दस्तावेजों के केंद्रीय डाटाबेस से एकीकृत है।

जैसे ही कोई वाहन टोल प्लाजा से गुजरता है, कैमरों द्वारा उसका नंबर प्लेट, फास्टैग स्कैन किया जाता है और संबंधित डाटाबेस से मिलान कर यह सत्यापित किया जाता है कि वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज वैध हैं या नहीं। यदि दस्तावेज अद्यतन नहीं पाया जाता है, तो संबंधित प्रावधानों के तहत स्वचालित रूप से ई-चालान जारी हो जाता है।

# भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर की मां के हीरे जड़ित गहने की चोरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** दरभंगा जिले के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लालापट्टी गांव में अलीनगर सीट से भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर की मां के हीरे जड़ित गहने और कीमती घड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना एक बैठक के दौरान हुई, जब अज्ञात चोरों ने पर्स से कीमती सामान उड़ा लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मधुबनी जिले के बेनीपट्टी निवासी विधायक मैथिली ठाकुर की मां भारती ठाकुर एक फरवरी की रात अपने पुत्र के साथ लालापट्टी गांव में

## गाड़ी में रखे थे जेवरात और घड़ी

आयोजित एक बैठक में शामिल होने पहुंची थीं। बैठक के दौरान उन्होंने अपना पर्स गाड़ी में ही छोड़ दिया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने पर्स से हीरे जड़ित कान का स्टड और कीमती घड़ी चोरी कर ली।

घटना की जानकारी मिलने के बाद भारती ठाकुर ने घनश्यामपुर थाना में विगत 11 फरवरी को आवेदन दिया, जिसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि मामले में कांड संख्या 54/26 दर्ज की गई है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत दर्ज किया गया है।

पुलिस ने जांच की जिम्मेदारी एएसआई अश्विनी कुमार को सौंपी है। साथ ही घटना स्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। घटना के बाद इलाके में चचाओं का बाजार गर्म है, वहीं पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# पूर्वोत्तर भारत में आईटी हब के रूप में विकसित होगा बिहार

### 100 से अधिक देशों की बड़ी आईटी व एआई कंपनियों से रूबरू होंगी बिहार की आईटी व एआई कंपनियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश की राजधानी नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026' का आयोजन 16 से 20 फरवरी तक होने जा रहा है। इस समिट में बिहार की उपस्थिति ने दुनिया को यह सन्देश दिया है कि बिहार पूर्वोत्तर भारत के आईटी हब के रूप में विकसित होने के मार्ग पर अग्रसर है। विदित हो कि बिहार सरकार ने हाल ही में बिहार जीसीसी पॉलिसी, 2026 और बिहार सेमीकंडक्टर पॉलिसी, 2026 को मंजूरी दी है। इस समिट में बिहार पैवेलियन का उद्घाटन मंगलवार को राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इस मौके पर केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे जबकि बिहार की सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह सहित बिहार के सांसदों एवं गणमान्य लोगों की गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026' में बिहार पैवेलियन को भारत मंडपम के हॉल 5-एफ में स्टाल संख्या 8 और 12 में स्थापित किया गया है। बिहार पैवेलियन का पूरा प्रबंधन बिहार सरकार के सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह और विशेष सचिव अरविन्द कुमार चौधरी अपनी देखरेख में कर रहे हैं। इस दौरान बिहार सरकार के द्वारा नवाचार एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने हेतु महत्वपूर्ण घोषणा भी की जाएगी। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी दुनिया की बड़ी कंपनियां हिस्सा लेने जा रही हैं। इस पांच दिवसीय आयोजन में 100 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है। इसमें गूगल, एनवीडिया और ओपनएआई जैसी कई दिग्गज कंपनियां शामिल हैं। साथ ही इन कंपनियों के शीर्ष अधिकारी भी कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य एआई इकोसिस्टम से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाना और उन्हें आपस में जोड़ना है। इस दौरान बिहार के इनोवेटर्स को भी अपनी तकनीक और क्षमताएं दिखाने का मौका मिलेगा। एक्सपो में स्टार्टअप्स और निवेशकों को जोड़ने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर बिहारवासियों को दी शुभकामनाएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने महाशिवरात्रि के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि की रात में जागकर जप और ध्यानादि करने का विशेष महत्व है। यह त्योहार हमें भक्ति और साधना से अन्तर को ऊर्जान्वित कर शिव संकल्प लेने का संदेश देता है। राज्यपाल ने महाशिवरात्रि के पर्व को पूर्ण भक्ति भाव और विश्व कल्याण की भावना के साथ सोल्लास मनाने की अपील की। राज्यपाल ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है।

# सबको बेहतर शिक्षा बिहार सरकार की प्राथमिकता : विजय चौधरी

### पटना में जापानी तर्ज पर पहली बार खुला कोडाबरी प्ले डे केयर स्कूल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एक ऐसा स्कूल खासकर छोटे बच्चों के लिए जो संस्कार, स्वास्थ्य के साथ-साथ माता पिता को कैसे सम्मान किया जाता है। साथ ही बच्चों में एक अलग तरह की पढ़ाई के प्रति जागरूक पैदा करने, उनकी देखभाल करने के साथ जापानी तर्ज पर बच्चों में संस्कार लाना बहुत बड़ी पहल कोडाबरी प्ले डे केयर स्कूल निभाने जा रही है। उक्त बातें जल संसाधन एवं भवन निर्माण मंत्री विजय कुमार चौधरी ने स्कूल का उद्घाटन करते हुए कही। श्री चौधरी ने कहा बिहार जहां शिक्षा के लिए सरकार हमेशा तत्पर रहती है। ऐसे में जापानी परम्परा पर आधारित यह स्कूल हर परिवार के लिए वरदान साबित होगा। परिवार को चाहिए कि अगर छोटे बच्चे हैं तो कोडाबरी में एक बार जरूर अपने बच्चों को लेकर आएं और दिखाएं जिससे जापान की परंपरागत पढ़ाई से रूबरू हो सके। स्कूल की संस्थापिका पायल पालिबाल ने कहा कि बहुत सोच समझकर इस स्कूल को खोला गया क्योंकि कुछ हटकर कोडाबरी बच्चों के भविष्य को संवारने का काम करेगी बिल्कुल जापानी तर्ज पर। यह पहला ऐसा स्कूल होगा जहां बच्चों को स्वयं स्पीच देने और उनके डाइट के बारे में जानकारी दी जाएगी क्योंकि स्कूल के पास बच्चों के लिए आडिटोरियम है। मौके पर कृति पालिवाल एवं दुष्यंत पालिवाल के साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में सभी पेरेंट्स को पूरे स्कूल में घुमा कर स्कूल के बारे में जानकारी दी गई।

# महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल हुए नितिन नवीन, झांकियों का किया अभिनंदन

### भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर देश में सुख-शांति की कामना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन आज खाजपुरा, नेहरू मार्ग स्थित शिव मंदिर के निकट महाशिवरात्रि शोभा यात्रा के अभिनंदन महोत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न इलाकों से आई झांकियों का अभिनंदन किया। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन इस दौरान खाजपुरा मंदिर भी गए और भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर देश और बिहार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजकों ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। उन्होंने इस आयोजन की तारीफ करते हुए निकाली गई झांकियों की प्रशंसा की। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने अभिनंदन समिति के संयोजक सह दीघा के विधायक संजीव चौरसिया की तारीफ करते हुए कहा कि प्रति वर्ष समिति द्वारा यह आयोजन किया जाता है और प्रत्येक वर्ष इसका स्वरूप बढ़ता जा रहा है। इसके बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पटना सिटी गौरी शंकर मंदिर पहुंचे और वहां पूजा अर्चना कर देवों के देव महादेव से आशीर्वाद मांगा। इस क्रम में उन्होंने देश की समृद्धि की कामना की। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## लालू प्रसाद और राबड़ी गए दिल्ली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और पूर्व सीएम राबड़ी देवी रविवार को पटना से नई दिल्ली गए। सूत्रों के मुताबिक दोनों को एक मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश होना है। माना जा रहा है कि यह मामला लैंडफॉर जॉब मामले से जुड़ा है जिसमें लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और उनके परिवार के अन्य सदस्य आरोपी हैं। इस मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई चल रही है और पहले से ही कुछ तारीखों पर व्यक्ति गत पेशी से छूट मिली हुई थी, लेकिन अब पेशी की आवश्यकता पड़ सकती है। इससे पहले नेता प्रति पक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव कोर्ट में हाजिरी दे चुके हैं।

# पटना ने एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 के साथ हरित भविष्य की ओर बढ़ाया कदम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के लखनऊ, चंडीगढ़, भोपाल, विशाखापत्तनम, बेंगलुरु, गुवाहाटी, कोलकाता, अहमदाबाद, तिरुवनंतपुरम और जयपुर जैसे शहरों में जोश भरने के बाद एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 का आयोजन पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में किया गया। 'रन फॉर ग्रीनर इंडिया' संदेश के साथ आयोजित इस मैराथन में 4,500 से अधिक प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के समर्थन में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिष्ठित अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई जिनमें अनुराग जोशी-सीजीएम, एसबीआई पटना सर्कल, रविंद्र कुमार श्रीवास्तव-जीएम, साउथ बिहार, आर. नटराजन-जीएम, नॉर्थ बिहार, विवेक चंद्र जायसवाल -जीएम, झारखंड, देवेश मित्तल-डीजीएम एवं सीडीओ, एसबीआई पटना सर्कल, सुजीत कुमार अरविंद-क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई पटना, कुमार राजेश रंजन-सीजीएम (बैंकिंग लोकपाल), आरबीआई पटना तथा गौतम सिंह -सीजीएम, नाबार्ड शामिल रहे। 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और हाफ मैराथन श्रेणियों में एम्स-प्रमाणित मार्ग पर आयोजित इस दौड़ में पेशेवर धावकों, छात्रों, परिवारों, कॉर्पोरेट टीमों और रक्षा बलों के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आरजे शशि और आरजे अंजली ने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। ईको-फर्स्ट पहल के तहत ऑर्गेनिक टी-शर्ट, प्लांटेबल बीआईबी, पुनः उपयोग योग्य गुडी बैग, ब्लैक अल्कलाइन वॉटर और समर्पित वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 के साथ पटना ने एक बार फिर हरित और सतत भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# नीतू नवगीत ने नारियों की आवाज की बुलंद, गाये महिला सशक्तिकरण के गीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सिवान।** जिला प्रशासन द्वारा महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मेंहदार महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने सभी उपस्थित लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई दी। बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने महोत्सव में नारी सशक्तिकरण तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। अयि गिरि नन्दिनी, नंदित मेदिनी विश्वविनोदिनी नन्दनूते महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र का गायन किया जो नारी शक्ति को समर्पित था। भोजपुरी के महान साहित्यकार भिखारी ठाकुर भी नारी के दर्द को पहचानते थे। सांस्कृतिक महोत्सव में नीतू नवगीत ने भिखारी ठाकुर लिखित गीत की शानदार प्रस्तुति दी। भिखारी ठाकुर के बेमेल विवाह पर आधारित विदेशिया नाटक का विवाह गीत चलनी के चालल दूल्हा सूप के फटकारल हो को भी उन्होंने गाकर सुनाया। लोक गायिका नीतू ने महेंद्र मिसिर का गीत पटना से बैदा बुलायी द, नजरा गाईनीं गुइयां, कहे तोसे सजना ये तोहरी सजनियां, बिटिया के भैया बचावल जाई हो, पढ़ लिखकर लेहब जिनगी संवार बाबा, सहब हम न दहेजवा के मार बाबा जैसे गीतों के माध्यम से बालिकाओं की भावनाओं की शानदार अभिव्यक्ति दी। उन्होंने मिथिलांचल और बिहार की बिटिया सीता मां को समर्पित एक गीत सिया जी बहिनियां हमार हो राम लगीहैं पाहूंनवां जैसे गीत भी गाए जिसे दर्शकों ने बहुत ही पसंद किया। वादक कलाकारों ने बेहतरीन संगत किया। हारमोनियम पर राजेश केशरी, ढोलक पर धीरज पांडेय, पैड पर आशीष पंडित एवं कैसियो पर संजय मिश्रा ने संगत किया।


## प्रेमचंद रंगशाला में 'गज फूट इंच' नाटक का मंचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** द स्ट्रगलर्स संस्था के तत्वावधान में पद्मश्री के. पी. सक्सेना द्वारा लिखित नाटक 'गज फूट इंच' का शानदार मंचन रविवार को प्रेमचंद रंगशाला में हुआ। उद्घाटन राज्य कर सहायक आयुक्त डॉ. विनीता कुमारी, वरिष्ठ अभिनेता नीलेश्वर मिश्रा व हम प्रवक्ता रवींद्र शास्त्री नेकिया। नाट्य मंचन में मुख्य पात्र टिल्लू आज भी अपना हिसाब-किताब गज फुट इंच में लगाता है। उसके इस सादगी को लोग पिछड़ापन मानते हैं, लेकिन नाटक की नायिका जुगनी उसके भीतर के इंसान को पहचानने में सफल हो जाती है और अंत में उनकी शादी हो जाती है। इसके बाद टिल्लू लोगों को यह संदेश देता है कि जिंदगी में खुश रहना भी एक कला है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की मौजूदगी में सैकड़ों लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह बिहार प्रभारी शाहनवाज आलम के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष सबीह महमूद, गया के समाजसेवी सनउल्लाह खान, विस्फी के समाजसेवी मिस्बाहुल होदा (अरमान) तथा केवटी के अवकाश प्राप्त शिक्षक अब्दुल वाकी सहित उनके सैकड़ों समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा देश को जोड़ने और समाज के हर वर्ग के सम्मान व अधिकार की लड़ाई लड़ने की है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवाओं, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों का कांग्रेस से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि जनता भाजपा-जदयू सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है और कांग्रेस के नेतृत्व में बदलाव चाहती है। बिहार प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नए साथियों से संगठन को मजबूत करने और जनता की आवाज बनने का आह्वान किया। पार्टी में शामिल इन नेताओं ने कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हसीब अनवर, राशिद फाकरी, मुदस्सीर शम्स, अजय राम सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शक्तिधाम में भक्ति और आस्था के साथ मनी महाशिवरात्रि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बैंक रोड स्थित शक्तिधाम शिव महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आस्था से परिपूर्ण भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व यहां प्रतिवर्ष पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि अत्यंत धूमधाम, उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं जो 'हर हर महादेव' के जयघोष के साथ शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर रहे थे। मंदिर परिसर को फूलों एवं आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। दिन भर चले इस धार्मिक आयोजन में महाशिवरात्रि की विशेष कथा का पाठ किया गया, वहीं संध्या टेकरीवाल द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय भजनों ने वातावरण को पूर्णतः शिवमय बना दिया।

# गोबर से गैस, तालाब से तरक्की से मोतीपुर बन गयी बिहार की आदर्श पंचायत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समस्तीपुर जिले के रोसड़ा प्रखंड में स्थित मोतीपुर ग्राम पंचायत आज बिहार के आदर्श मॉडल पंचायतों में शुमार है। यहां गोबर गैस प्लांट से लेकर पोषण वाटिका तक के प्रयासों ने ग्रामीण जीवन की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। 2016 में मुखिया बनने के बाद प्रेमा देवी ने पंचायत की मूलभूत समस्याओं पर काम करना शुरू किया। पहले यहां गर्मियों में तालाब सूख जाते थे। जलभराव और खराब ड्रेनेज से लोगों को भारी परेशानी होती थी। उन्होंने मनरेगा, 15वें वित्त आयोग जैसी सरकारी योजनाओं के साथ ग्रामीणों की जनभागीदारी से आधारभूत ढांचे को मजबूत किया। आज पंचायत के हर घर तक पेयजल, पक्की नलियां, सड़कें, आवास, बिजली, शौचालय पहुंच चुके हैं। उज्ज्वला योजना, बुजुर्गों, दिव्यांगों व विधवाओं के लिए पेंशन और गरीबों को राशन कार्ड जैसी सुविधाएं शत-प्रतिशत उपलब्ध कराई गईं हैं। प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम ने जलभराव और गंदे पानी से होने वाली बीमारियों को लगभग खत्म कर दिया है। मुखिया ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ भी ठोस कदम उठाए गए हैं। अमृत सरोवर, सार्वजनिक और निजी तालाबों का निर्माण व नवीनीकरण किया गया जिससे कुल 11 एकड़ से अधिक क्षेत्र में जल संचयन हुआ। दो दर्जन से ज्यादा निजी तालाब, सोख्ते और सरकारी भवनों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं भी बनीं। भूजल स्तर में सुधार से किसान अब साल में दो फसलें उगा रहे हैं, मत्स्य पालन और पशुओं को पानी मिल रहा है। इसके अलावा सरोवरों के आसपास मियावाकी (जर्मन तकनीक) से वृक्षारोपण कर क्षेत्र को हरा-भरा और ठंडा बनाया गया है। एक लाख से अधिक पौधे लगाए गए।

गोवर्धन योजना के तहत एक सार्वजनिक और सभी पशुपालकों के घरों में निजी बायोगैस (गोबर गैस) प्लांट स्थापित किए गए हैं। इससे खाना पकाने में एलपीजी की लागत शून्य करने की दिशा में मजबूत प्रगति हुई है। जैविक कम्पोस्ट से रासायनिक खाद पर निर्भरता घटी, खेती की लागत कम हुई और किसान आत्मनिर्भर बने है। एक एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली पोषण वाटिका में 25 प्रकार के फलदार पौधे और 40 प्रकार के औषधीय पौधे लगाए गए हैं। 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और छोटे बच्चों को निःशुल्क फल वितरित किए जाते है। शहरों की तर्ज पर सुविधाजनक मॉडल ग्रामीण हाट बनाया गया जहां ताजे फल-सब्जी का बाजार है और करीब 350 परिवारों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। आसपास की पंचायतों को भी इससे लाभ हो रहा है। इसके साथ ही सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, सोलर पैनल और चिल्ड्रेन पार्क बनाए गए जिससे ड्रॉपआउट दर में कमी आई है। प्रेमा देवी के इन दूरदर्शी प्रयासों को कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। वर्ष 2020 में उन्हें नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार, 2023 में स्वास्थ्य पंचायत पुरस्कार और 2025 में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूल योजनाओं के लिए क्लाइमेट एक्शन स्पेशल पंचायत अवार्ड दिया गया।

## बॉलीवुड रेट्रो थीम पर इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र का होली मिलन समारोह




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फाल्गुन मास की मधुर शुरुआत के साथ रंगों और उल्लास से सराबोर वातावरण में इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंद्राणी ग्रुप ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ 'बॉलीवुड रेट्रो होली' थीम पर सखियों को आमंत्रित किया जिसने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। समारोह के दौरान हास्य कविताओं की मनमोहक प्रस्तुति, बॉलीवुड के सदाबहार गीतों पर रंगारंग नृत्य और लक्ष्मी व सुनीता के चटकीले चुटकुलों ने उपस्थित सदस्यों का भरपूर मनोरंजन किया। मंच का संचालन गुंजन अग्रवाल ने अपने फिल्मी अंदाज में किया जिसे सभी ने खूब सराहा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष शीतू गांधी ने सभी सदस्यों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश दिया।

# शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन इरशाद अली आजाद पर जांच एवं पुनर्नियुक्ति की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राष्ट्रीय मोमिन कांफ्रेंस सह वक्फ सुरक्षा परिषद, बिहार की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से वक्फ सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष अली इमाम भारती ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अत्यंत गंभीर और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। परिषद की स्पष्ट मांग है कि वर्तमान शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन इरशाद अली आजाद पर अविलंब जांच बैठाई जाए और यह सार्वजनिक किया जाए कि पूर्व कार्यकाल में इतने गंभीर आरोपों के बावजूद उन्हें किस आधार पर दोबारा पेयरमैन नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल आरोपों का नहीं है, बल्कि पुख्ता दस्तावेजी सबूती, एफआईआर और लीज एग्रीमेंट्स का है जिन्हें आज हम मीडिया के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। मुख्य आरोप एवं सबूत है कि खाजकला थाना कांड नवढाल कब्रिस्तान की जमीन इरशाद अली आजाद के कार्यकाल के दौरान नवढाल कब्रिस्तान की वक्फ जमीन को अवैध रूप से लीज पर दे दिया गया। स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के बाद और कोर्ट से अनुमति लेकर इस मामले में खाजकला थाना में एफआईआर दर्ज हुई जिसमें 420 और कई संगीन धाराएं के तहत मामला दर्ज है एफआईआर के कागजात आज हम मीडिया को दिखा रहे हैं। वहीं बीबी फैजुतुल निसा बेगम एवं उम्मुल निसा बेगम लगभग 600-650 एकड़ वक्फ भूमि इरशाद अली आजाद के पूर्व कार्यकाल में अवैध तरीके से मुतवली तनवीर की नियुक्ति की गई उसी तनवीर के जरिए अरक्कम निवासी अशोक कुमार सिंह को पूरी 500 एकड़ भूमि लीज पर दे दी गई थी। सबसे गंभीर बात यह है कि लीज एग्रीमेंट में यह अधिकार दे दिया गया कि अशोक कुमार सिंह चाहे तो इस वक्फ भूमि को अपने नाम से म्यूटेशन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ एक्ट का सीधा उल्लंघन है और वक्फ संपति को निजी संपति में बदलने की खुली साजिश है। लीज और म्यूटेशन से जुड़े कागजात आज प्रस्तुत किए जा रहे हैं। वक्फ एस्टेट नंबर 27 अमीरी बेगम की भूमि पर पूर्व से मस्जिद मौजूद थी मस्जिद को तुड़वाकर उसी भूमि पर भव्य कमर्शियल मल्टीप्लेक्स/कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया यह न केवल वक्फ कानून बल्कि धार्मिक भावनाओं का भी गंभीर उल्लंघन है। वक्फ एस्टेट नंबर 19-मौर नाजिर अली, सदर गली, पटना सिटी यहां एक मस्जिद थी मस्जिद के पूरे भूभाग को नष्ट कर दो मंजिला इमारत खड़ी कर दी गई मस्जिद के नाम पर केवल 10 फीट 10 फीट की प्रतीकात्मक जगह छोड़ी गई। वहीं वक्फ एस्टेट नंबर 28-अमौरी बेगम, टिकियाटोली (गुरु गोविंद सिंह हॉस्पिटल, गिरजा हॉस्पिटल के पास) यहां मस्जिद और इमामबाड़ा दोनों मौजूद ये इमामबाड़ा के ऊपर अपार्टमेंट/फ्लैट का निर्माण करा दिया गया।

## किसान आंदोलन के जनक, दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती मनायी गयी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल, गांधी विचार मंच और लोक समिति के तत्वावधान में आदिवासी कॉलोनी पटना सर्वोदय समाज के कार्यालय में दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वामी जी भारत के राष्ट्रवादी नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी के साथ-साथ किसान आंदोलन के जनक थे। वे आदि शंकराचार्य परम्परागत दंडी स्वामी और समाज सुधारक, लेखक, इतिहासकार थे। उनके द्वारा हुंकार नामक पत्रिका का प्रकाशन भी शुरू किया गया। किसान नेता योगेंद्र ने कहा कि उनका जन्म 1889 और मृत्यु 1950 को हुआ। वे शिवरात्रि के दिन ही पैदा लिए थे।

## संपादकीय

# आठ लाख से ज्यादा लोग लापता, दिल्ली के आंकड़ों ने बढ़ाई चिंता


देश भर में बच्चों की गुमशुदगी के मामलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से एक पोर्टल बनाया गया है, जिस पर सभी राज्य ऐसी घटनाओं का ब्योरा दर्ज करा सकते हैं। देश भर में हर साल बड़ी संख्या में लोग लापता हो जाते हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे, महिलाएं और लड़कियां शामिल होती हैं। इस वर्ष जनवरी के पहले पखवाड़े में दिल्ली से आठ सौ से अधिक लोगों के लापता होने की खबरों ने इस मसले की गंभीरता को फिर से उजागर किया है। मगर हैरत की बात है कि इस आपराधिक समस्या से निपटने के लिए अब तक राष्ट्रीय स्तर पर कोई एकीकृत प्रयास होते नजर नहीं आए हैं। यहां तक कि लापता होने की घटनाएं और उनमें से कितने लोगों को ढूंढ़ लिया गया तथा ऐसे मामलों के पीछे किसका हाथ था, इसका एकीकृत राज्यवार ब्योरा भी मुश्किल से दर्ज हो पाता है।यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को इस मसले पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से कहा कि वह इस बात का पता लगाए कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। इसके लिए तमाम राज्यों से ऐसे मामलों की संख्या और कार्रवाई का ब्योरा संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश भी दिया गया है।गौरतलब है कि देश भर में बच्चों की गुमशुदगी के मामलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से एक पोर्टल बनाया गया है, जिस पर सभी राज्य ऐसी घटनाओं का ब्योरा दर्ज करा सकते हैं। मगर, इस प्रक्रिया में भी सरकारी तंत्र की उदासीनता साफ देखी जा सकती है। केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में खुद यह बात स्वीकार की है कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं।दरअसल, पिछले वर्ष दिसंबर में शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को लापता बच्चों के सिलसिले में छह साल के राष्ट्रव्यापी आंकड़े उपलब्ध कराने और ऐसे आंकड़ों के संकलन में राज्यों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने को कहा था। इससे पहले राज्यों को बच्चों की गुमशुदगी के मामलों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का निर्देश भी दिया गया था। इसके बावजूद अगर राज्यों की ओर से संबंधित ब्योरा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, तो इससे सरकारी तंत्र में व्यवस्थागत खामियों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।इसमें दोराय नहीं कि देश की राजधानी दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों में विशेषकर बच्चों, महिलाओं और लड़कियों के लापता होने की घटनाएं जितनी बड़ी संख्या में सामने आ रही हैं, उससे इस आशंका को दरकिनार नहीं किया जा सकता है कि इसके पीछे देशव्यापी या राज्य स्तरीय गिरोहों का हाथ हो सकता है।

**ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन एंड रेगुलेशन) अधिनियम, 2025 पर सरकार ने उद्योग संगठनों को स्टेकहोल्डर मीटिंग्स, संसदीय बहस और आधिकारिक बयानों के माध्यम से आश्वासन दिए। जिसमें मुख्य फोकस रियल मनी गेमिंग प्रतिबंध के बावजूद स्किल-बेस्ड सेक्टर की सुरक्षा और विकास पर था। ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन एंड रेगुलेशन) अधिनियम, 2025 में रियल मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाने से सरकार और स्टेकहोल्डर्स दोनों को अल्पकालिक व दीर्घकालिक नुकसान हुआ है। हालांकि, सरकार इसे सामाजिक सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम मानती है, जबकि उद्योग जगत दीर्घकालिक हानि का दावा करता है। आंकड़े बताते हैं कि आम बजट 2026 और उससे ठीक पहले आए आर्थिक सर्वे भी केंद्र सरकार के बढ़ते वित्तीय घाटे की ओर इशारा कर चुके हैं, इसलिए बेहतर तो यह होता कि मोदी सरकार ऐसे द्विपक्षीय हानिप्रद फैसले लेने से पहले इससे जुड़े उद्योग जगत व अन्य स्टेक होल्डर्स से उन्मुक्त हृदय से बातचीत के बाद ही किसी अंतिम नतीजे पर पहुंचती।**

# रियल मनी गेम्स पर प्रतिबंध से सरकार और स्टेकहोल्डर्स दोनों को हुआ भारी नुकसान!

**(कमलेश पांडे)**

जहां तक सरकार को नुकसान की बात है तो सरकार को सालाना 15,000-20,000 करोड़ जीएसटी (जीएसटी) राजस्व का सीधा नुकसान हुआ, क्योंकि रियल मनी सेक्टर 86 प्रतिशत राजस्व का स्रोत था। वहीं, इस क्षेत्र में सक्रिय 400+ कंपनियों के बंद होने से कॉर्पोरेट टैक्स और एफडीआई (25,000 करोड़) प्रभावित हुए। वहीं, जहां तक स्टेकहोल्डर्स को हानि की बात है तो रियल मनी गेम्स सेक्टर में 2 लाख नौकरियां (प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से) खतरे में हैं, जिसमें डेवलपर्स, मार्केटर्स और फिनटेक शामिल हैं। जिससे 50 करोड़ गेमर्स अवैध ऑफशोर प्लेटफॉर्म्स की ओर मुड़ सकते हैं, जिससे धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग बढ़ने के आसार प्रबल हैं। हालांकि, सरकार ने अपने निर्णय के बचाव में तर्क दिया है कि 45 करोड़ लोगों को 20,000 करोड़ का नुकसान हुआ था, जबकि नए प्रतिबंध से ई-स्पोर्ट्स (.1-2 बिलियन) मजबूत होगा। इस प्रकार लंबे समय में नया राजस्व (टूर्नामेंट्स, स्पॉन्सरशिप) नुकसान की भरपाई करेगा। बताया जाता है कि जिस तरह से ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन एंड रेगुलेशन) अधिनियम, 2025 को अगस्त 2025 में संसद के दोनों सदनों से मात्र दो दिनों में पारित किया गया, वह त्वरित निर्णय है, जिसने रियल मनी गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया, जो अर्थव्यवस्था पर कई दुष्प्रभाव डाल चुका है और आगे भी पड़ेगा। जहां तक नौकरियों पर प्रभाव की बात है तो इससे लगभग 2 लाख प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष नौकरियां खतरे में पड़ गई हैं, क्योंकि 400 से अधिक कंपनियां बंद होने की कगार पर हैं। इंडस्ट्री बॉडीज के अनुसार, 25 अरब डॉलर के सेक्टर का बड़ा हिस्सा रियल मनी गेमिंग था, जिसका अचानक अंत होने से मानव संसाधन संकट पैदा हो गया। वहीं, जहां तक सरकारी राजस्व हानि की बात है तो सरकार को सालाना 20,000-25,000 करोड़ रुपये के टैक्स रेवेन्यू का नुकसान हो सकता है, जिसमें जीएसटी प्रमुख है। इससे डिजिटल इकोसिस्टम जैसे फिनटेक, विज्ञापन और कंटेंट क्रिएशन प्रभावित हुए हैं। दिलचस्प तो यह कि सरकार के तुगलकी फैसलों का असर भारत में होने वाले विदेशी निवेश पर भी पड़ेगा। इसलिए जहां तक निवेश प्रभाव की बात है तो देश में होने वाले 25,000 करोड़ के विदेशी निवेश पर असर पड़ा है, क्योंकि नीतिगत अनिश्चितता से निवेशक पीछे हट रहे हैं। आखिर इसके त्वरित पारित होने से परामर्श की कमी ने डिजिटल अर्थव्यवस्था में विश्वास कमजोर किया। वहीं, जहां तक अन्य जोखिम की बात है तो उपभोक्ता अवैध ऑफशोर प्लेटफॉर्म्स या ग्रे मार्केट की ओर मुड़ सकते हैं, जिससे धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग बढ़ सकता है। हालांकि ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन समग्र आर्थिक नुकसान प्रमुख चिंता है। यही वजह है कि ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन एंड रेगुलेशन) अधिनियम, 2025 पर सरकार ने उद्योग संगठनों को स्टेकहोल्डर मीटिंग्स, संसदीय बहस और आधिकारिक बयानों के माध्यम से आश्वासन दिए। जिसमें मुख्य फोकस रियल मनी गेमिंग प्रतिबंध के बावजूद स्किल-बेस्ड सेक्टर की सुरक्षा और विकास पर था। इसलिए संक्रमणकालीन समर्थन देते हुए सरकार ने 6-12 महीने का ट्रांजिशन पीरियड घोषित किया, जिसमें प्रभावित कंपनियों को लाइसेंस कन्वर्जन और रिस्किलिंग फंड की सुविधा दी गई। साथ ही फीफा और अन्य बॉडीज को आश्वस्त किया कि ई-स्पोर्ट्स को पूर्ण संरक्षण मिलेगा।



जहां तक निवेश व नीतिगत सुरक्षा की बात है तो केंद्रीय बोर्ड की स्थापना से नियामक स्पष्टता का वादा किया गया, एफडीआई को प्रोत्साहन के लिए टैक्स इंसेंटिव्स बढ़ाए। वहीं खेल मंत्रालय ने स्टार्टअप्स के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रांट्स का ऐलान किया, जो 500 करोड़ का है। जहां तक कानूनी निपटारा की बात है तो सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिकाओं पर सरकार ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि अधिनियम व्यवसाय स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता, बल्कि जुआ रोककर स्वस्थ इकोसिस्टम बनाता है। इससे उद्योग का अधिकांश विरोध शांत हुआ। यही वजह है कि ई-स्पोर्ट्स उद्योग ने ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन एंड रेगुलेशन) अधिनियम, 2025 पर मुख्य रूप से चिंता जताई, लेकिन पूर्ण विरोध कम था। दरअसल ई-स्पोर्ट्स प्लेयर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने बिल पारित होने से ठीक पहले पीएम मोदी को पत्र लिखकर स्किल-बेस्ड गेम्स और चांस-बेस्ड गेम्स के बीच अंतर न करने पर आपत्ति दर्ज की। क्योंकि इनकी प्रमुख चिंताएं निम्नलिखित हैं- पहला, एसोसिएशन ने कहा कि पूर्ण प्रतिबंध से खिलाड़ियों की आजीविका (कोचिंग, स्ट्रीमिंग, टूर्नामेंट आयोजन, कंटेंट क्रिएशन) खतरे में पड़ जाएगी। दूसरा, आर्थिक रूप से कमजोर गेमर्स के अवैध प्लेटफॉर्म्स की ओर मुड़ने और भारत की वैश्विक ई-स्पोर्ट्स प्रतिष्ठा को नुकसान का डर जताया। यह बात अलग है कि ईपीडब्ल्यूए के विरोध का स्वरूप सिर्फ विरोध पत्र के रूप में सीमित रहा, न कि मुकदमेबाजी; बल्कि उन्होंने बिल का स्वागत किया लेकिन सभी गेम्स को एकसमान मानने के खिलाफ आग्रह किया। साथ ही 450 मिलियन गेमर्स वाले उद्योग को बचाने के लिए स्टेकहोल्डर परामर्श की मांग की। बाद में अधिनियम के ई-स्पोर्ट्स को मान्यता देने वाले प्रावधानों से अधिकांश चिंताएं कम हुईं। हालांकि ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन एंड रेगुलेशन) अधिनियम, 2025 से संबंधित ई-स्पोर्ट्स प्लेयर्स वेलफेयर एसोसिएशन की चिंताओं पर सरकार ने औपचारिक लिखित जवाब सार्वजनिक रूप से तो नहीं दिया। लेकिन, बिल पारित होने के बाद जारी आधिकारिक बयानों और प्रावधानों से स्पष्ट होता है कि सरकार ने इनका अप्रत्यक्ष संज्ञान लिया। जहां तक उद्योग जगत की चिंताओं का समाधान की बात है तो ईपीडब्ल्यूए द्वारा उठाई गई स्किल गेम्स और चांस गेम्स के अंतर की मांग को अधिनियम ने स्वीकार किया, ई-स्पोर्ट्स को राष्ट्रीय खेल का दर्जा देकर प्रतिबंध से बाहर रखा। गौरतलब है कि ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन एंड रेगुलेशन) अधिनियम, 2025 ई-स्पोर्ट्स को स्किल-बेस्ड प्रतियोगिताओं के रूप में मान्यता देता है, जिससे इसे रियल मनी गेमिंग से अलग कर आधिकारिक खेल का दर्जा मिला। यह अधिनियम राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम के तहत ई-स्पोर्ट्स को मुख्यधारा का खेल बनाता है। बताया जाता है कि वर्तमान अधिनियम ई-स्पोर्ट्स इंडस्ट्री को आधिकारिक खेल का दर्जा देकर आर्थिक विकास को गति देगा। इससे निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी, हालांकि रियल मनी गेमिंग बैन के बाद शुरुआती संक्रमण चुनौतीपूर्ण रहेगा। जहां तक निवेश वृद्धि की बात है तो ई-स्पोर्ट्स को नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट के तहत मान्यता से एफडीआई और स्पॉन्सरशिप आकर्षित होगी, जो इंडस्ट्री को .1-2 बिलियन तक बढ़ा सकती है। वहीं विशेषज्ञ इसे अनिश्चितता दूर करने वाला कदम मानते हैं, जिससे इनोवेशन और स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, जहां तक रोजगार सृजन की बात है तो ट्रेनिंग अकादमियां और रिसर्च सेंटर्स से हजारों नौकरियां पैदा होंगी, खासकर कोचिंग, इवेंट मैनेजमेंट और टेक डेवलपमेंट में। इस प्रकार लंबे समय में यह रियल मनी सेक्टर के नुकसान की भरपाई कर 50,000+ जॉब्स जोड़ सकता है। जहां तक राजस्व लाभ की बात है तो सरकारी समर्थन से टूर्नामेंट्स, ब्रॉडकास्टिंग और मर्चेंडाइज से नया राजस्व स्ट्रीम बनेगा, जिसमें जीएसटी संग्रह भी शामिल है। भारत को ग्लोबल ई-स्पोर्ट्स हब बनाने से निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वहीं, जहां तक आधिकारिक मान्यता की बात है तो ई-स्पोर्ट्स को अब क्रिकेट या फुटबॉल जैसी पारंपरिक खेलों के बराबर एक्सपोजर और वैधता मिलेगी, जिससे खिलाड़ियों को स्पॉन्सरशिप और सरकारी समर्थन आसानी से उपलब्ध होगा। वहीं सभी राज्यों में एकसमान नियम लागू होने से क्षेत्रीय असमानताएं दूर होंगी। जहां तक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की बात है तो केंद्रीय खेल मंत्रालय ट्रेनिंग अकादमियां, रिसर्च सेंटर और टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म स्थापित करेगा, जो टैलेंट विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे। इससे भारत को ग्लोबल ई-स्पोर्ट्स हब बनाने की दिशा मजबूत होगी। वहीं जहां तक आर्थिक व नीतिगत लाभ की बात है तो नई गाइडलाइंस से निवेश, इनोवेशन और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में भागीदारी बढ़ेगी, जबकि रियल मनी गेम्स पर प्रतिबंध से फोकस शुद्ध स्किल गेम्स पर शिफ्ट हो गया। उद्योग विशेषज्ञ इसे अनिश्चितता दूर करने वाला मील का पत्थर मानते हैं। स्पष्ट है कि ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन एंड रेगुलेशन) अधिनियम, 2025 ई-स्पोर्ट्स को आधिकारिक खेल का दर्जा देकर नए रोजगार क्षेत्र खोलेगा। यह स्किल-बेस्ड गेमिंग को रियल मनी गेम्स से अलग कर टैलेंट पूल को आकर्षित करता है। जहां तक ट्रेनिंग और कोचिंग भूमिकाएं की बात है तो केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा स्थापित ट्रेनिंग अकादमियां कोच, मेंटॉर और स्काउट्स की मांग बढ़ाएंगी, जिससे हजारों नौकरियां पैदा होंगी। साथ ही युवा खिलाड़ियों के लिए छात्रवृत्तियां और सरकारी योजनाएं इन पदों को स्थायी बनाएंगी। जबकिं इवेंट व इंफ्रास्ट्रक्चर जॉब्स की दृष्टि से राष्ट्रीय ई-स्पोर्ट्स प्राधिकरण टूर्नामेंट आयोजकों, इवेंट मैनेजर्स और टेक स्पेशलिस्ट्स के अवसर सृजित करेगा। वहीं रिसर्च सेंटर्स से कंटेंट क्रिएटर्स, डेवलपर्स और लॉजिस्टिक्स स्टाफ को रोजगार मिलेगा। अधिनियम, 2025 के भविष्य के कार्यान्वयन की योजना चरणबद्ध तरीके से तैयार की गई है। यह केंद्रीय बोर्ड की स्थापना, डिजिटल प्लेटफॉर्म एकीकरण और ई-स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित है। जहां तक चरणबद्ध कार्यान्वयन की बात है तो 2026 तक केंद्रीय ऑनलाइन गेमिंग नियामक बोर्ड पूर्ण रूप से कार्यरत होगा, जो लाइसेंसिंग, अनुपालन निगरानी और अपील प्रक्रिया संभालेगा। वहीं राज्यों के साथ समन्वय समितियां गठित हो रही हैं, जो स्थानीय नियमों को अधिनियम के अनुरूप बनाने का लक्ष्य रखती हैं। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# विकास की चमक और प्रदूषित जल का अंधेरा, एक सामूहिक आत्मघात

**(विनोद के शाह)**

भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। आर्थिक प्रगति, आधारभूत संरचनाओं के विस्तार और तकनीकी विकास के दावे हर मंच पर किए जा रहे हैं। मगर इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक कड़वी आंतरिक सच्चाई भी छिपी है और वह यह कि मानव जीवन के लिए सबसे आवश्यक पेयजल की उपलब्धता और गुणवत्ता लगातार बदतर होती जा रही है।

यह विडंबना ही है कि जिस देश ने विकास की ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लिया है, वह स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल के मामले में वैश्विक स्तर पर निचले पायदान पर फिसलता जा रहा है।

कुछ समय पहले मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में प्रदूषित पेयजल आपूर्ति के कारण कई लोगों की असमय मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया। इसके तुरंत बाद गुजरात के गांधीनगर में प्रदूषित पानी से टाइफाइड फैलने की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी।

यह समस्या केवल एक-दो शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में पेयजल की स्थिति गंभीर और चिंताजनक बनी हुई है। 'वर्ल्ड पापुलेशन रिव्यू' की स्वच्छ जल रैंकिंग- 2025 में 172 देशों की सूची में भारत 138वें स्थान पर है। वर्ष 2013 के बाद से देश की पेयजल गुणवत्ता में निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है। बढ़ती जनसंख्या के साथ विकास का कथित माडल आज स्वच्छ जीवन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है।

रासायनिक औद्योगिक अपशिष्ट, चिकित्सीय कचरा और सीवेज का गंदा पानी बिना समुचित शोधन के नदियों और दूसरे जलस्रोतों में सीधे छोड़ा जा रहा है। खेती, उद्योग और शहरी आबादी द्वारा पारंपरिक जलस्रोतों का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। बदले में उन्हीं स्रोतों में प्रदूषित जल प्रवाहित कर दिया जाता है। यह स्थिति किसी सामूहिक आत्मघात से कम नहीं है। कभी कल-कल बहने वाली नदियां आज गंदे नालों में तब्दील हो चुकी हैं।

जो नदियां धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का केंद्र थीं, वे गर्मियों में बदहाल दिखाई देती हैं। यही नदियां किनारों पर बसे शहरों और गांवों की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराती हैं। ऐसे में मानव दूषित जल को शुद्ध करने के प्रयास में कमजोर पड़ता जा रहा है और अंततः जीवन से हारने लगता है। दूसरी ओर छोटी और स्थानीय नदियां अब बरसाती नालों के रूप में पहचानी जाने लगी हैं।

जल प्रदूषण नियंत्रण एवं रोकथाम अधिनियम 1974 और अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 1969 जैसे कानून आज केवल कानूनी पुस्तकों तक सीमित होकर रह गए हैं। देश का लगभग सत्तर फीसद जल किसी न किसी रूप में प्रदूषित हो चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट बताती है कि भारत में संक्रामक बीमारियों का पांचवां सबसे बड़ा कारण प्रदूषित जल है। केवल अतिसार से ही देश में प्रतिवर्ष लगभग पांच लाख बच्चों की मृत्यु हो जाती है, जबकि दो लाख से अधिक वयस्क गंदे पानी से होने वाली बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं।

देश की लगभग साठ करोड़ आबादी प्रतिदिन पानी की व्यवस्था करने के लिए संघर्ष कर रही है। उन्हें जैसा भी पानी उपलब्ध होता है, उसकी गुणवत्ता की परवाह किए बगैर वह उसे पीने और दैनिक उपयोग में लाने के लिए मजबूर हैं। 'इंटरनेशनल सेंटर फार सस्टेनेबिलिटी' की रपट के अनुसार वर्ष 2030 तक भारत में पानी की मांग वर्तमान से दोगुनी हो जाएगी। आज स्थिति यह है कि विश्व के कुल शुद्ध जल का केवल चार फीसद हिस्सा भारत के पास है, जबकि दुनिया की लगभग सत्रह फीसद जनसंख्या का बोझ कंधों पर है। बढ़ती जनसंख्या, अव्यवस्थित शहरीकरण और जल संरचनाओं पर अतिक्रमण भविष्य के लिए गंभीर खतरे के संकेत हैं। दुर्भाग्यवश, इस विषय पर गहन और ईमानदार चिंतन के बजाय जिम्मेदार संस्थाएं केवल सतही उपायों तक सीमित रह जाती हैं। नमामि गंगे जैसी महत्त्वाकांक्षी परियोजनाएं गंगा और उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से शुरू की गईं, लेकिन अपेक्षित परिणाम आज भी दूर हैं। वर्ष 2017 में नई दिल्ली में आयोजित नदी दिवस पर नदियों के संरक्षण पर बड़ी बातें हुईं, लेकिन आठ वर्षों में वह जमीन पर उतरती नहीं दिखीं।

# विकास के दावे और बढ़ती बेरोजगारी

**श्रम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में संगठित क्षेत्र में रोजगार वृद्धि की दर दो फीसद से भी कम रही है, जबकि श्रम बल की वृद्धि इससे कहीं अधिक तेज है। हाल के महीनों में देश के अलग-अलग हिस्सों से जो खबरें सामने आईं, वे भारत की आर्थिक कहानी के उस पक्ष को उजागर करती हैं जिसे प्रायः विकास दर, निवेश और बड़े आयोजनों की चमक में ढक दिया जाता है। एक ओर नीति-निर्माता भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बताने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर पढ़े-लिखे युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, अस्थिर रोजगार और घटती आय गहरी चिंता पैदा करती हैं।**

**(देवेंद्रराज सुथार)**

हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों ने यह साफ कर दिया कि शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर फिर से बढ़ रही है और युवाओं के लिए स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है। यह विरोधाभास केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह उस विकास के तरीके पर बुनियादी सवाल है जिसे देश बीते एक दशक से अपनाए हुए हैं।

आधिकारिक अनुमानों के अनुसार देश की लगभग पैंसठ फीसद आबादी पैंतीस वर्ष से कम उम्र की है और हर वर्ष लगभग एक करोड़ से अधिक युवा काम की तलाश में श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। यह तभी सार्थक हो सकता है जब अर्थव्यवस्था पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण रोजगार पैदा करे। मगर वास्तविकता यह है कि संगठित क्षेत्र में नई नौकरियों की संख्या सीमित रही है।

### संगठित क्षेत्र में रोजगार वृद्धि की दर दो फीसद से भी कम


श्रम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में संगठित क्षेत्र में रोजगार वृद्धि की दर दो फीसद से भी कम रही है, जबकि श्रम बल की वृद्धि इससे कहीं अधिक तेज है। नतीजा यह कि बेरोजगारी और अल्प बेरोजगारी दोनों समस्या गहराती जा रही है। शहरी बेरोजगारी दर पर नजर डालें, तो तस्वीर और भी चिंताजनक दिखाई देती है।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2024 के अंत तक शहरी बेरोजगारी दर लगभग सात फीसद के आसपास पहुंच गई थी, जबकि युवाओं यानी अठारह से उनतीस वर्ष के आयु वर्ग में यह दर बारह फीसद से अधिक दर्ज की गई। उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं में बेरोजगारी दर इससे भी अधिक है। इंजीनियरिंग, प्रबंधन और सामान्य स्नातक डिग्री रखने वाले लाखों युवा या तो काम की तलाश में भटक रहे हैं या अपनी योग्यता से बहुत कम वेतन और अस्थिर शर्तों पर काम करने पर मजबूर हैं। यह स्थिति न केवल आर्थिक असुरक्षा पैदा करती है, बल्कि सामाजिक असंतोष और मानसिक दबाव को भी जन्म देती है।

ग्रामीण भारत में स्थिति इससे अलग नहीं है। कृषि पर निर्भर आबादी का अनुपात अभी भी लगभग पैंतालीस फीसद है, जबकि कृषि का योगदान सकल घरेलू उत्पाद में पंद्रह फीसद से भी कम रह गया है। इसका अर्थ यह है कि बड़ी संख्या में लोग कम उत्पादकता वाले क्षेत्र में फंसे हुए हैं। खेती से आय बढ़ाने के तमाम सरकारी दावों के बावजूद वास्तविक आय वृद्धि सीमित रही है।

### औसत किसान परिवार की मासिक आय आज भी इतनी नहीं

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार औसत किसान परिवार की मासिक आय आज भी इतनी नहीं है कि वह सम्मानजनक जीवन स्तर सुनिश्चित कर सके। नतीजतन ग्रामीण युवाओं का शहरों की ओर पलायन जारी है, लेकिन शहरों में भी उन्हें स्थायी और सम्मानजनक रोजगार नहीं मिल पा रहा। पिछले एक दशक में सरकार ने रोजगार संकट से निपटने के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। कौशल विकास मिशन और आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य नई नौकरियां पैदा करना और उद्यमिता को बढ़ावा देना बताया गया। इन पहलों से कुछ सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। 'स्टार्टअप इंडिया' के तहत दो लाख से अधिक नए उद्यम पंजीकृत हुए हैं और इनके माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों रोजगार सृजित हुए हैं। मगर यह भी सच है कि इन रोजगारों का बड़ा हिस्सा अस्थायी, परियोजना आधारित या डिजिटल मंचों से जुड़ा हुआ है, जहां सामाजिक सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थिरता का अभाव है। उद्योगों की स्थिति भी रोजगार सृजन के लिहाज से उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है।




विनिर्माण क्षेत्र को रोजगार वृद्धि का प्रमुख इंजन माना जाता रहा है, लेकिन भारत में इसका योगदान सकल घरेलू उत्पाद में लगभग सोलह से सत्रह फीसद के आसपास अटका हुआ है। चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों की तुलना में भारत विनिर्माण में बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने में पिछड़ता दिखता है। श्रम कानूनों की जटिलता, भूमि अधिग्रहण की समस्याएं, बुनियादी ढांचे की कमी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दबाव ने उद्योगों की रोजगार सृजन क्षमता को सीमित कर दिया है।

### सेवा क्षेत्र में भी रोजगार का स्वरूप बदल गया

सेवा क्षेत्र ने पिछले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था को संभाला है, लेकिन यहां भी रोजगार का स्वरूप बदल गया है। सूचना प्रौद्योगिकी और आधुनिक सेवाओं में उच्च कौशल वाले लोगों को अवसर मिल रहे हैं, लेकिन पारंपरिक सेवाओं में रोजगार या तो ठहरा हुआ है या घट रहा है। इसके अलावा एक ऐसी अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ है, जहां लोग परिवहन, आपूर्ति और डिजिटल सेवाओं से जुड़े छोटे-छोटे काम करते हैं।

बेरोजगारी का असर केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक भी है। बेरोजगार या असुरक्षित रोजगार में फंसे युवा अपने भविष्य को लेकर निराश हो रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ती भीड़, बार-बार परीक्षाओं का रद्द होने और भर्ती प्रक्रियाओं में देरी से इस निराशा को और गहरा करती है। कई राज्यों में बेरोजगारी को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन इस बात का संकेत हैं कि यह समस्या अब केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रही, बल्कि सड़कों पर दिखने लगी है।

शिक्षा व्यवस्था और रोजगार बाजार के बीच बढ़ती खाई भी इस संकट का एक बड़ा कारण है। हर साल लाखों विद्यार्थी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से डिग्रियां लेकर निकलते हैं। मगर इनमें ज्यादातर विद्यार्थी उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित नहीं होते। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की रपटों के अनुसार भारत की बड़ी कार्यशील आबादी औपचारिक कौशल प्रशिक्षण से वंचित है।

नतीजतन, कंपनियां कुशल श्रमिकों की कमी की शिकायत करती हैं और युवा रोजगार न मिलने की। यह विरोधाभास नीति और क्रियान्वयन दोनों स्तरों पर व्यापक सुधार की मांग करता है। महिलाओं की स्थिति इस पूरे परिदृश्य में विशेष रूप से चिंताजनक है। भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लंबे समय से कम बनी हुई है। हाल के वर्षों में इसमें कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन अभी भी यह दर तीस फीसद के आसपास है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है।

**शिक्षित महिलाएं अभी भी कार्यबल से बाहर:** शिक्षित होने के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक कारणों से कार्यबल से बाहर रहती हैं। यदि इनकी भागीदारी बढ़े, तो न केवल रोजगार का दायरा विस्तृत होगा, बल्कि आर्थिक वृद्धि भी अधिक समावेशी बन सकेगी। सरकार की नीतियों में रोजगार को प्राथमिकता देने की बात बार-बार कही जाती है, लेकिन बजटीय आबंटन और वास्तविक क्रियान्वयन में यह प्राथमिकता साफ नहीं दिखती। शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास पर सार्वजनिक खर्च अभी भी सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में सीमित है।

अंतरराष्ट्रीय तुलना करें, तो भारत इन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम निवेश करता है। यदि मानव पूंजी में पर्याप्त निवेश नहीं होगा, तो रोजगार सृजन की किसी भी योजना की सफलता संदिग्ध रहेगी। इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारत किस तरह के विकास की ओर बढ़ रहा है। यदि विकास का अर्थ केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि और कुछ चुनिंदा क्षेत्रों की प्रगति तक सीमित रहेगा, तो बेरोजगारी और असमानता की समस्या बनी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मदरसा अंजुमन इस्लामिया में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के मदरसा अंजुमन इस्लामिया अरमारा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मदरसा के प्रधान मौलवी अबूतलहा ने बताया कि तहतनिया से लेकर वस्तानिया के छात्र -



छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में नाटक, तकरीर,गजल,नज्म आदि का प्रोग्राम हुआ। नाटक प्रतियोगिता में जोरू का गुलाम,जैसी करनी वैसी भरनी,बीवी का गुलाम, शिक्षा, सूद आदि पर नाटक दिखाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस नाटक को देखकर छात्र - छात्राएं,शिक्षक एवं अभिभावक झूम उठे। इस बाबत प्रधानाध्यापक अबूतलहा ने कहा कि मदरसा में पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं को उनके इल्म को जानने के लिए इस तरह का आयोजन कराया जाता हैं। इस अवसर पर मदरसा अंजुमन इस्लामिया अरमारा के प्रधान मौलवी अबूतलहा शिक्षक मो. जुबे आलम, मो. तारिक अनवर, मो. कौसर,मो. निजामुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

### हजारीबाग आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट द्वारा निकली भव्य शिव बारात, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा हजारीबाग

**हजारीबाग (नबिटासं)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हजारीबाग आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य शिव बारात का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। जैसे ही शोभायात्रा प्रारंभ हुई, पूरा शहर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्त नृत्य करते, ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते और भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ आगे बढ़ते नजर आए। इस भव्य आयोजन का मुख्य आकर्षण उज्जैन से पहुंची शिव तांडव टीम रही, जिनकी सजीव और ऊजार्वान प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों की भाव-भंगिमा, परिधान और प्रस्तुति ने ऐसा प्रतीत कराया मानो साक्षात देवाधिदेव महादेव की बारात नगर भ्रमण



पर निकली हो। शोभायात्रा में आगे-आगे बुलेट पर सवार युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कार्यक्रम के संयोजक हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विकाश प्रीतम,भाजपा समर्थित महापौर उम्मीदवार सुदेश कुमार चंद्रवंशी,जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,हरीश श्रीवास्तव,सुमन पप्पू, कुवर मनोज सिह ,कुणाल दुबे,आनंद देव, शैफाली गुप्ता, दिनेश सिहं राठौर, राजकरण पाण्डेय, हजारीबाग आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुबोध सिन्हा,सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं शिव भक्त कदम से कदम मिलाकर चल रहे। शोभायात्रा देवांगना चौक से प्रारंभ होकर कोर्रा चौक, बाबुगाँव, मटवारी, डिस्ट्रिक बोर्ड चौक, आनंदा चौक, नवाबगंज रोड, मेन रोड, झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा, महावीर स्थान, पंच मंदिर चौक, बंसीलाल चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड के समीप संपन्न हुई। मार्ग के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शिव बारात का भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर छोटे-बड़े, महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया।कार्यक्रम के संयोजक हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि शिव बारात हमारी सांस्कृतिक परंपरा और धार्मिक आस्था का जीवंत प्रतीक है। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर जिस प्रकार शहरवासियों ने एकजुट होकर भाग लिया, वह सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देता है। हमारा उद्देश्य है कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे की भावना को मजबूत करें। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं,आयोजकों एवं प्रशासन व मीडिया का आभार व्यक्त किया।

# महाशिवरात्रि पर गोरखनाथ धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा गोरखनाथ के दरबार में पूजा अर्चना के लिए भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से देर संध्या तक लगातार लंबी कतारों में भक्तजन खड़े रहे और बाबा को जलार्पण किया ।भक्तों नें मनवांछित फल प्राप्ति केलिए श्वेत शिवलिंग पर विधि विधान से जलाभिषेक किये। इस दौरान विधि व्यवस्था को ले कर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहे। अनुमंडल पदाधिकारी राजु कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार विधि व्यवस्था का जायजा लेते दिखे।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हुए मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने भीड़ नियंत्रण तथा सुरक्षा व्यवस्था को ले प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। वहीं इस दौरान आजमनगर बीडीओ, सीओ रिजवान आलम, आरओ अल्का आर्या, सालमारी थाना अध्यक्ष कुमारी जुली सहित कई स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा मंदिर समिति के सचिव पिंटू यादव, अक्षय सिंह आदि कार्यकर्ता सक्रिय रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया की महाशिवरात्रि के मौके पर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। जलाभिषेक के लिए महिला, पुरूष के लिए अलग अलग कतार की व्यवस्था थी। बाबा गोरखनाथ धाम परिसर में भीड़ नियंत्रण करने के लिए सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती थी। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, अग्निशामक यंत्र, एसडीआरएफ की टीम, विभिन्न चौक चौराहों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल तैनात रहे।

### महाशिवरात्री के पावन मौके पर हर-हर महादेव से गुंजायमान हुए शिवालय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** महाशिवरात्री के मौके पर जिले भर के शिवालयों व देवालयों में पूजा अर्चना को ले शिवभक्तों का तांता लगा रहा। रविवार को शिव भक्त जलाभिषेक को लेकर मनिहारी गंगातट सहित पवित्र सरोवरों, तालाबों,जलाशयों में स्नान कर श्रद्धालू अपने अपने क्षेत्र में स्थित शिवालयव देवालयों मे पहुंचकर जलाभिषेक किया।इस मौके पर मंदिरों को सुरूचिपूर्ण ढंग से सजाया गया।

मंदिर व देवालयों मे शिव वंदना, स्तुति, भजन सहित हरहर महादेव की गुंज से गुंजायमान रहा। शिव आराधना,पूजन अर्चन में धूप,अगरबत्ती



की सुगंध से मंदिर परिसर मे भक्तमय वातावरण बना रहा। भगवान शिव व माता पार्वती की विवाहोतस्व की परम्परागत रश्मों का निर्वहण करते हैं। भगवान शिव एवं माता पार्वती की विवाह भी धमार्चार्यो वैदिक रीति व मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न करायी। मनिहारी वार्ड संख्या दस स्थित ऐतिहासिक अर्द्धनारीश्वर मन्दिर परिसर से शिव विवाह के मौके पर चिताकर्षक मनोरम झांकी निकाली गयी।

# चिंतन दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पूसी रेलवे स्काउट गाइड फेलोशिप कटिहार मंडल सचिव गणेश कुमार ठाकुर एवं रवि रानू ने चिंतन दिवस 22 फरवरी पूर्व संध्या पर एनएफ रेलवे इम्प्लाइज यूनियन कटिहार मंडल के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अपना सहयोग प्रदान किया। कटिहार मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. नियाज अहमद के निगरानी में रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर में मंडल रेल प्रबन्धक किरेंन्द्र नरह, प्रभात रंजन सिंह वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय, उप मुख्य अभियंता निर्माण



गौरव सिंह, यूनियन अध्यक्ष मनीष कुमार, सचिव रजनीश कुमार, प्रेम शंकर, अरविंद कुमार, विनय कुमार, सूरज कुमार, बबन सिंह, सौरभ कुमार, नितेश सिंह, राजेश कुमार सिंह, संतोष कुमार, मुकुंद मिश्रा आदि प्रमुख रेल कर्मचारी अधिकारी एवं पदाधिकारी के निगरानी में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया । यूनियन कि ओर से प्रमाणपत्र भी निर्गत किया गया।

# चार महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न ट्रेनों के नये ठहराव का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के अंतर्गत चार महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न ट्रेनों के नये ठहराव का शुभारंभ किया गया है । इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद खगेन मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर ट्रेनों के परिचालन का शुभारंभ किया। नये ठहराव क में मालाहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 15709 मालदाझन्यू जलपाईगुड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव प्रदान किया गया।

श्रीपुर हाल्ट पर ट्रेन संख्या 15710 न्यू जलपाईगुड़ीझमालदा इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया। हरिशचंद्रपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 13175 कंचनजंगा




एक्सप्रेस का ठहराव प्रारंभ किया गया। भालुका रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 13160 जोगबनी-कोलकाता चितपुर एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया गया। हरिशचंद्रपुर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक तजमुल हुसैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से क्षेत्रीय रेल सेवाओं के विस्तार पर प्रसन्नता व्यक्त की। अपने संबोधन में सांसद श्री खगेन मुर्मू ने कहा कि इन ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। उन्होंने रेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी जनहित से जुड़े प्रस्तावों को आगे बढ़ाने की बात कही।कटिहार रेल मंडल द्वारा यह पहल स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए की गई है। नये ठहराव से आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और यात्रा अधिक सुगम एवं सुविधाजनक होगी।

# प्रखंड मुख्यालय मनसाही के मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड मुख्यालय मनसाही के मैदान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया । इस मौके पर कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रोफेसर डॉक्टर नागेंद्र कुमार निराला ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल से शरीर चुस्त एवं दुरुस्त होता हैं, खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता हैं। इसलिए सभी को कबड्डी हो या अन्य कोई खेल अवश्य खेलना चाहिए। इस अवसर पर कजरा कबड्डी प्रतियोगिता के अध्यक्ष नाजीर हुसैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच इमली टोला वर्सेस कोसी कटिहार के बीच खेला गया



जिसमें उद्घाटन मैच कोसी कटिहार की टीम ने जीता।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक कुमार अग्रवाल, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य फुलहरा मिथलेश सिंह, मुखिया प्रत्याशी फुलहरा अकीबुर रहमान, कजरा कबड्डी सदस्य विशाल कुमार, राहुल कुमार, दिलावर हुसैन, मोहम्मद शाहील, रवि कुमार, सनी परिहार, कुणाल यादव, जाकिर हुसैन, दीपक यादव, मनीष यादव, राजा मुराद रहमान करण सोनी आदि उपस्थित रहे ।

### सीज टोला गुरुमेला में संतमत का 49वां जिला अधिवेशन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के सीज टोला गुरुमेला में आयोजित कटिहार जिला राष्ट्रीय संतमत सत्संग का 49वां वार्षिक अधिवेशन दो दिवसीय जबकि सच्चा आनंद आत्मिक शांति में निहित है। उन्होंने आत्मनिरीक्षण और सादगीपूर्ण जीवन अपनाने का आह्वान किया। वहीं स्वामी चितानन्द बाबा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए



आध्यात्मिक कार्यक्रम के बाद श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में संपन्न हो गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और संतों के मुखारविंद से निकले अमृत वचनों का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। पूरे परिसर में भजन, कीर्तन और सत्संग की मधुर ध्वनि गूंजती रही। इस अवसर पर आचार्य महर्षि योगानंद परमहंस जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत मूल्यवान है और इसे ईश्वर भक्ति, सेवा तथा सदाचार के मार्ग पर चलकर सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सत्संग से मन की शुद्धि होती है और व्यक्ति के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन आता है। स्वामी सुभाषानंद बाबा ने कहा कि आज का मानव बाहरी सुख-सुविधाओं में उलझा हुआ है, कहा कि विपरीत परिस्थितियों में धैर्य और विश्वास ही मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने क्षमा, संयम और पारिवारिक सद्भाव को जीवन की आधारशिला बताया। कार्यक्रम में स्वामी सुनीलानंद बाबा, स्वामी परलोक बाबा, स्वामी मनीषानंद बाबा,स्वामी सौरव बाबा और स्वामी विद्यानन्द बाबा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए भक्ति, नैतिकता और मानवता का संदेश दिया। अखिल राष्ट्रीय संतमत सत्संग के उपाध्यक्ष एवं मुखिया राज कुमार यादव के नेतृत्व में इस आयोजन को सफल बनाया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के आध्यात्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और नैतिक जागरूकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी ग्रामवासियों और सहयोगकताओं के प्रति आभार

### महाशिवरात्रि पर मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगरनौसा प्रखंड क्षेत्रों में विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तजन भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिरों में कतार लगी रही। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना की और भोलेनाथ के शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, दही, शहद तथा गंगाजल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई। मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से जीवन में सुख शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।

# शिवरात्रि पर शिवालयों मे उमड़ी भक्तों की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू ।** शिवरात्रि के अवसर पर पूरे प्रखंड के शिवालयो मे भक्तो कि भारी भीड़ उमड़ी। बाबा भोलेनाथ के भक्तो कि लम्बी कतारे सुबह से ही शिव मंदिरो मे उमड़ी और भक्तों ने पूरे भक्ति भाव से बाबा कि पूजा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रखंड के पिपचो, दारु थाना स्तिथ शिव मंदिर, बक्शीडीह, दारु खैरका, सेवाने नदी बासोबार स्तिथ शिव मंदिर, पेटो, हरली, झुमरा, रामदेव खैरका, जिनगा, दिगवार, मेडकुरी, कबलासी , पुनाई आदि के मंदिरो की साफ सफाई कर आकर्षक विद्युत सज्जा व फूलों से सजावट



कि गयी थी। बाबा भोले के गीत मंदिरो मे बज रहे थे। महिला पुरुष भक्तो ने उपवास रखकर पूरे विधि विधान से भगवान भोलेनाथ कि पूजा किया। मंदिरो मे संध्याकाल से भगवान का तिलक, मड़वा व अन्य विधि विधान के साथ भोलनाथ और माँ पार्वती का विवाह संपन्न कराया। बक्शीडीह सहित अन्य जगहों के मंदिरो से भगवान भोलेनाथ कि बारात गाजे बाजे के साथ निकली और बारात मे शामिल सभी लोगों के बीच खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया। प्रखंड मे महाशिवरात्रि कि पूजा पूरे विधि विधान से शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

# महाशिवरात्रि पर कांटाकोश शिव मंदिर में वैदिक रीति से शिवलिंग की स्थापना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कांटाकोश स्थित शिव मंदिर में रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शिवलिंग अर्चना की गई और भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के तहत अष्टयाम हरिनाम संकीर्तन का भी आयोजन निर्धारित किया गया है, जिसके



की विधिवत स्थापना की गई। धमार्चार्यो के सान्निध्य में आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी अशोक अग्रवाल ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर संतमत के सत्यप्रकाश बाबा,चन्द्रभूषण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धमार्नुरागी उपस्थित रहे। शिवलिंग स्थापना के उपरांत मंदिर परिसर में विधिवत पूजा- लिए विशेष यज्ञ मंडप का निर्माण कराया गया है। इससे पूर्व हजारों की संख्या में महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने गंगा जल भरकर संकीर्तन स्थल तक पहुंचकर पूजा-अनुष्ठान में हिस्सा लिया। पूरे मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा और क्षेत्र में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

# अहंकार साधना के मार्ग की बड़ी बाधा : मां विजया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना ।** अहंकार साधना के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है। थोड़ी सी भी उपलब्धि प्राप्त होते ही बड़े-बड़े भक्त और साधकों को भी अहंकार हो जाता है। अहंकार एक बड़े शत्रु की भांति साधकों को साधना के मार्ग से डिगा देता है। इसलिए प्रत्येक साधक को सदुरु में प्रीति रखते हुए, निरन्तर यह प्राथना करनी चाहिए कि बड़ी से बड़ी आध्यात्मिक उपलब्धि के बाद भी अहंकार न आए !

यह बातें रविवार को १ माल रोड के प्रांगण में निर्मित विशाल पण्डाल में, आध्यात्मिक संस्था 'अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज' द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि-महोत्सव में अपना आशीर्वचन देती हुई संस्था की अध्यक्ष और ब्रह्मनिष्ठ सदुरुमाता माँ विजया जी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य में परमात्मा स्वयं विराजते होते हैं। प्रत्येक मनुष्य में शिव और शक्ति का वास है। इस्सयोग की साधना से शिव और शक्ति एकत्व को प्राप्त करते हैं। साधना से शक्ति आती ही है। किंतु अर्जित शक्तियां निरंतर इंद्रियों के माध्यम से निकलती भी रहती है। जिस प्रकार सूर्य की किरणों को मैग्निफाइंग ग्लास के माध्यम से एक स्थान पर केंद्रित कर वस्तु में आग लगायी जा सकती है, उसी प्रकार आंतरिक-साधना से मन की शक्तियों को संचित और केंद्रित कर अद्भुत लगने वाली उपलब्धियाँ प्राप्त की जा सकती है। माताजी ने कहा कि मन बहुत शक्तिशाली किंतु चंचल है। यही सभी समस्याओं का कारण भी है, और इसी में निदान भी है। मन को साधने से शक्ति आती है। जैसे-जैसे विश्वास दृढ़ होता है, वैसे-वैसे मन भी सधने लगता है। जो साधक मन को साध लेता है। उसमें अपार शक्तियां आ जाती हैं। श्रद्धा और विश्वास के साथ साधना के नियमित अभ्यास से मन के समस्त मल दूर होते जाते हैं और आत्मा प्रकाशित होने लगती है। इसके पूर्व संस्था




के संयुक्त सचिव छोटे भैया श्री श्री संदीप गुप्ता ने अपने उद्गार में शिव-विवाह के रोचक प्रसंगों की चर्चा करते हुए कथात्मक व्याख्यान दिया और इस्सयोग की महिमा बतायी। कार्यक्रम का आरंभ पूर्वाहन दस बजे ११ बार 'ओमकारम' के सामूहिक उद्घोष के साथ हुआ। संस्था के संयुक्त सचिव और वरिष्ठ इस्सयोगी सरोज गुटगुटिया ने महोत्सव में माताजी सहित देश-विदेश से आए हजारों इस्सयोगियों और अतिथियों का अभिनन्दन किया। अपने संबोधन में उन्होंने'इस्सयोग' की सूक्ष्म साधना-पद्धति की दिव्यता से अतिथियों का परिचय कराया। इसके पश्चात एक घंटे का अखंडित भजन-संकीर्तन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसके उपरांत सदगुरुदेव के आह्वान की साधना की गयी। शिव-स्तुति और रुद्राष्टकम के पश्चात प्रभात झा एवं गोल्डी ने 'शिव ताण्डव स्त्रोत्रह्व का गायन किया। यह जानकारी देते हुए संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया कि इस अवसर पर विश्व के विभिन्न स्थानों से आए दो दर्जन इस्सयोगियों ने अपने उद्गार भी व्यक्त किए, जिनमे संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा, दीनानाथ शास्त्री, इशा कुमारी, सीमा बाबेजा, सुनील कुमार, संगीता ठाकुर, संतोष कुमार, निहारिका, सुमन सुहसरिया, गिरिजा शंकर, डा धीरेन्द्र कुमार, पूनम गुलाटी, अमीना राज, हरिवंश मोहाली, उदित गुटगुटिया, नंदिनी कुमारी, प्रो प्रशान्त, दीपक गुलाटी, बबीता हरिनगर तथा सुनीता गामी के नाम सम्मिल्लित हैं। बाल-इस्सयोगियों शानवी सिंह, प्रसून झा, आफरीन शैन, वेद तोतानानावर, लावण्या, हृदेश, श्रेयांश, शिवानी कुमारी, अमित और लंदन के बाल इस्सयोगी दैविक ने भी अपनी अनुभूतियाँ सुनायीं। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा और संयुक्त सचिव (मुख्यालय) ई उमेश कुमार ने किया। इस अवसर पर 'शक्तिपात-दीक्षा का कार्यक्रम गोला रोड स्थित संस्था के उत्सव-भवन 'एम एस एम बी भवन' में आयोजित किया गया, जिसमें माताजी ने तीन सौ से अधिक नव-जिज्ञासु स्त्री-पुरुषों को इस्सयोग की साधना आरंभ करने के लिए आवश्यक शक्ति-पात दीक्षा प्रदान की। संस्था की कार्य समिति की बैठक, सांस्कृतिक-कार्यक्रम, जगत-कल्याण के लिए सामूहिक 'ब्रह्मांड-साधना' और महाप्रसाद के साथ महोत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर, संस्था की संयुक्त सचिव नैना दुबे गुप्ता, मोकामा की पूर्व विधायक नीलम सिंह, लक्ष्मी प्रसाद साहू, शिवम झा, वंदना वर्मा, अनंत कुमार साहू, अजीत पटनायक, डा द्राशनिका सोलंकी, कपिलेश्वर मण्डल, जोगेन्द्र प्रसाद, संजय कुमार, राजेश वर्णवाल, नितिन साहू, अरविन्द कुमार, सतीश प्रसाद, किरण प्रसाद, मंजू देवी, अंजलि मंजीता, डा गिरिजा शंकर, माया साहू, अजय कुमार पांडेय, रवि कुमार, प्रभात झा, अमित लालू आदि बड़ी संख्या में संस्था के अधिकारी, कार्यसमिति के सदस्य और स्वयंसेवक निरंतर सक्रिय रहे। समारोह में देश विदेश के पाँच हजार से अधिक इस्सयोगियों ने भाग लिया।

## 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी

## भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनी पर यूएई की कंपनी का आया दिल

**मुंबई, एजेंसी।** सॉफ्टवेयर और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी करने का विचार कर रही है। शेयर बाजार को दी गई सूचना के अनुसार कंपनी की अगली



सिल्वरलाइन टेक्नोलॉजीज करीब 80 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की आगामी 18 फरवरी को एक मीटिंग होगी। इसी मीटिंग में 80 करोड़ रुपये तक के स्ट्रेटेजिक इक्विटी इनवेस्टमेंट प्रोपोजल पर विचार किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, इससे कंपनी का पोस्ट-मनी वैल्यूएशन लगभग 400 करोड़ रुपये हो सकता है। यूएई की कंपनी खरीदेगी हिस्सेदारी उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात की कंपनी टूलेजर टेक्नोलॉजीज एफजेडई ने सिल्वरलाइन टेक्नोलॉजीज में 20 प्रतिशत तक इक्विटी हिस्सेदारी खरीदने में रुचि दिखाई है। उन्होंने इसके लिए एक गैर-बाध्यकारी लेटर ऑफ इंटेंट भी भेजा है। उस कंपनी से मिली राशि का इस्तेमाल कंपनी की बैलेंस शीट को मजबूत करने, विकास की पहलों को तेज करने और टेक्नोलॉजी-आधारित विस्तार की रणनीति को समर्थन देने के लिए किया जाएगा। कंपनी इस 20 प्रतिशत हिस्सेदारी को प्रेफरेंशियल बेसिस पर ऑफर बोर्ड मीटिंग में एक स्वतंत्र - रजिस्टर्ड वैल्युअर और प्रोफेशनल एडवाइजर्स की नियुक्ति पर भी विचार किया जाएगा। यह सुनिश्चित करेगा कि कंपनी का सही मूल्यांकन हो। सिल्वरलाइन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और याकिन जोशी का कहना है कि कंपनी टूलेजर टेक्नोलॉजीज एफजेडई से मिले एलओआई का मूल्यांकन कर रही है। उन्होंने कहा, यह प्रस्तावित लेनदेन शेयरधारकों के लिए लंबे समय तक वैल्यू बढ़ाने और कंपनी को स्केलेबल ग्रोथ के अगले चरण के लिए तैयार करने पर हमारे निरंतर फोकस को दर्शाता है। हाल ही में लॉन्च किए गए सिल्वर एआई को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। पहले ही हफ्ते में इसके 24,000 से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स हो गए हैं। यह दिखाता है कि कंपनी की नई टेक्नोलॉजी लोगों को पसंद आ रही है। यह फंड जुटाने का कदम कंपनी को और मजबूत बनाएगा और भविष्य में और भी बड़ी सफलता दिलाने में मदद करेगा।

## यूएस डील ने बदला विदेशी निवेशकों का मूड, भारतीय बाजार में डाले 19675 करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** एफपीआई ने जनवरी में भारतीय शेयर बाजार से 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। कुल मिलाकर, 2025 में एफपीआई ने भारतीय शेयरों से 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार की ओर रुझान बढ़ा है। ऐसे निवेशकों ने फरवरी के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में 19,675 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई का यह फ्लो लगातार तीन माह की भारी बिकवाली के बाद हुआ है। बता दें कि एफपीआई ने जनवरी में भारतीय शेयर बाजार से 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। कुल मिलाकर, 2025 में एफपीआई ने भारतीय शेयरों से 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) की निकासी की है। यह एफपीआई के फ्लो की दृष्टि से सबसे खराब वर्षों में रहा है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि हाल की खरीदारी को वैश्विक वृहद चिंताओं में कमी, खासकर अमेरिका के नरम महंगाई आंकड़ों से समर्थन मिला है। इससे उन की भारत समेत उभरते बाजार में जोखिम लेने की क्षमता बेहतर हुई है। इसी तरह की राय जताते हुए एंजेल वन के विश्लेषक वकारजावेद खान ने कहा कि यह फ्लो अमेरिका-भारत व्यापार करार, समर्थन देने वाले 2026-27 के आम बजट और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं में कमी की वजह से देखने को मिला है।

**1374 करोड़ रुपये की बिकवाली**–एफपीआई फरवरी माह के 11 कारोबारी सत्रों में से सात में खरीद रहे और चार सत्रों में बिकवाल रहे। इसके बावजूद आंकड़ों से पता चलता है कि एफपीआई ने इस महीने शुद्ध रूप से 1,374 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। इसकी वजह यह है कि 13 फरवरी को निफ्टी में 336 अंक की गिरावट के दौरान एफपीआई ने 7,395 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस सप्ताह एंथ्रोपिक झटके की वजह से आईटी शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिली।

# भाई से मिला तोहफा बेच लगाया ठेला, मां के हुनर का किया इस्तेमाल

● अपने भाई-बहनों में सबसे छोटे ● अब हनी अपने स्टॉल से रोजाना 5,000 रुपये से 6,000 रुपये की बिक्री करते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी 18 साल के हनी खान की है। वह लखनऊ के रहने वाले हैं। उनकी अब एक अलग पहचान बन गई है। लखनऊ यूनिवर्सिटी के बाहर वह इडली और मेंडू वड़ा बेचते हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने पिछले साल सितंबर से की थी। भाई से गिफ्ट में मिले प्लेस्टेशन को 14,000 रुपये में बेचकर उन्होंने इडली स्ट्रीट नाम का स्टॉल शुरू किया था। हनी की मां रजिया का हुनर इसमें बहुत काम आया। वह चेन्नई के रोयापुरम की रहने वाली हैं। दक्षिण भारतीय व्यंजन बहुत अच्छी तरह बनाती हैं। शादी के बाद वह 20 साल की उम्र में लखनऊ आ गई थीं। अब हनी अपने स्टॉल से रोजाना 5,000 रुपये से 6,000 रुपये की बिक्री करते हैं। उनकी इडली और मेंडू वड़ा हाथों-हाथ बिकते हैं। आइए, यहां हनी खान की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। चार भाइयों और एक बहन में शहजाद खान उर्फ हनी खान सबसे छोटे




हैं। ऐशबाग में एक साधारण दो बेडरूम के किराए के अपार्टमेंट में रहते हैं। उनके दूसरे भाई खाड़ी देशों में काम करते हैं। बहन हरियाणा में रहती है। लखनऊ विश्वविद्यालय के बाहर इडली और मेंडू वड़ा बेचकर हनी हर महीने चोखी कमाई कर रहे हैं। उन्होंने सितंबर 2025 में इडली स्ट्रीट की शुरुआत की थी। अपनी मां के दक्षिण भारतीय व्यंजनों को बनाने में महारत का फायदा उठाकर उन्होंने इस स्टॉल को शुरू किया था। हनी की मां रजिया खान शादी के बाद 20 साल की उम्र में लखनऊ आ गई थीं। वह मूल रूप से चेन्नई के रोयापुरम की रहने वाली हैं। वहीं उन्होंने दक्षिण भारतीय व्यंजन बनाने सीखे। हनी को अपने बड़े भाई से गिफ्ट में मिला था। इसे 14,000 रुपये में बेचकर उन्होंने 2,500 रुपये का एक मेटल बॉक्स खरीदा। उसमें इडली और मेदू वड़ा रखकर लखनऊ विश्वविद्यालय के बाहर बेचना शुरू किया।

# दुनिया के टॉप 10 रईसों में आए तीन भाई-बहन, देशों की जीडीपी से ज्यादा है परिवार की दौलत

### वॉरेन बफे और स्टीव बालमर जैसे दिग्गज टॉप 10 से बाहर हो चुके हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के टॉप रईसों की लिस्ट में हाल में काफी उलटफेर देखने को मिला है। वॉरेन बफे और स्टीव बालमर जैसे दिग्गज टॉप 10 से बाहर हो चुके हैं जबकि एक ही परिवार के तीन भाई-बहनों ने इसमें जगह बनाई है। इनमें जिम वॉल्टन, उनके भाई बॉब वॉल्टन और बहन एलिस वॉल्टन शामिल हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स में जिम आठवें, बॉब नौवें और एलिस दसवें नंबर पर शामिल हैं। एलिस दुनिया की सबसे रईस महिला अरबपति हैं। इन तीनों का संबंध वॉल्टन परिवार से है जो रेवेन्यू के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी वॉलमार्ट की प्रमोटर फैमिली है। इस परिवार के दो अन्य सदस्यों को भी दुनिया को टॉप 100 रईसों में जगह मिली है।

वॉल्टन फैमिली को दुनिया का सबसे रईस परिवार माना जाता है। वॉलमार्ट में वॉल्टन परिवार की 47 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस कंपनी की स्थापना साल 1962



में सैम वॉल्टन ने की थी। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक सैम वॉल्टन के बेटे जिम वॉल्टन 158 अरब की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में आठवें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 21.3 अरब डॉलर की तेजी आई है। उनके भाई रॉब वॉल्टन 154 अरब की नेटवर्थ के साथ नौवें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ 20.7 अरब डॉलर बढ़ी है। जिम और बॉब की बहन एलिस वॉल्टन 154 अरब की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 10वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 21 अरब डॉलर की तेजी आई है। सैम वॉल्टन के एक बेटे जॉन वॉल्टन की मौत हो चुकी है। उनके पुत्र लुकास वॉल्टन की नेटवर्थ 53.9 अरब है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 33वें नंबर पर हैं। जॉन वॉल्टन की विधवा क्रिस्टी वॉल्टन 25.4 अरब की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 100वें नंबर पर हैं। जॉन वॉल्टन की 2005 में एक हवाई हादसे में मौत हो गई थी। इससे क्रिस्टी वॉल्टन को वॉलमार्ट में करीब 2 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली थी। टॉप 100 रईसों में शामिल वॉल्टन परिवार के पांच सदस्यों की कुल नेटवर्थ 545 अरब डॉलर है जो ग्रीस, हंगरी और ईरान जैसे कई देशों की जीडीपी से ज्यादा है। वॉलमार्ट के दुनिया के 19 देशों में 10,500 से अधिक स्टोर हैं। वॉल्टन का बिजनेस पूरी तरह डिस्काउंट कल्चर पर आधारित था और यही वजह है कि मंदी के दौरान भी इसका स्टॉक हमेशा तेजी में रहा।

## आत्मनिर्भर नहीं, डोनाल्ड ट्रंप पर निर्भर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शनिवार को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो सरकार देश को आत्मनिर्भर बनाने की बात करती है, वह अब ट्रंप पर निर्भर होती नजर आ रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिब्बल ने आरोप लगाया कि सरकार ने भारत की विदेश और आर्थिक नीतियों को अमेरिका के साथ संरेखित करने पर सहमति जताई है, जो देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका के कार्यकारी आदेशों का हवाला देते हुए संकेत दिया गया है कि यदि भारत रूसी तेल की खरीद जारी रखता है तो 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ फिर से लगाया जा सकता है। सेवा तीर्थ पर क्या बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन-1 और 2 के



उद्घाटन का जिक्र करते हुए सिब्बल ने सवाल किया कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश के प्रति कौन सा कर्तव्य निभाया है। उन्होंने कहा कि इमारतें बनाना अच्छी बात है, लेकिन शासन और नीतियों पर जवाबदेही भी जरूरी है। सिब्बल ने यह भी दावा किया कि सरकार ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान और सेवाएं खरीदने पर सहमति जताई है और इस पूरे समझौते पर प्रधानमंत्री को संसद में आकर स्पष्ट बयान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी चुनाव जीतना जानती है।

## प्राइमरी मार्केट में इस हफ्ते आ रहे हैं 3 कंपनियों के आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइमरी मार्केट में इस हफ्ते तीन कंपनियों के आईपीओ खुल रहे हैं। इन तीन कंपनियों के आईपीओ में दो एसएमई सेगमेंट के हैं। वहीं, एक आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है। आइए एक-एक करके जानते हैं इन कंपनियों के विषय में ...

कंपनी के आईपीओ का साइज 49 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 23 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। यह इश्यू पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर आधारित है। आईपीओ 16 फरवरी से 18 फरवरी तक खुला रहेगा। कंपनी ने 205 रुपये से 216 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। वहीं, लॉट साइज 600 शेयरों का बनाया है। रिटेल निवेशकों को कम से कम 1200 शेयरों पर दांव लगाना होगा। जिसकी वजह से मिनिमम इन्वेस्टमेंट वैल्यू 259200 रुपये है।

ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 4 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। इन्वेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी के आईपीओ का सबसे अधिक जीएमपी 6 रुपये प्रति शेयर है। वहीं, सबसे कम जीएमपी जीरो रुपये है। यह आईपीओ 18 फरवरी को खुलेगा। कंपनी का आईपीओ 20 फरवरी तक ओपन रहेगा। कंपनी ने 110 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। वहीं,




लॉट साइज 1200 शेयरों का बनाया गया है। रिटेल निवेशकों को कम से कम 2400 शेयरों पर दांव लगाना होगा। मिनिमम इन्वेस्टमेंट वैल्यू 264000 रुपये है। इस आईपीओ का साइज 88.88 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 81 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी।

### गौडियम आईवीएफ और महिला स्वास्थ्य आईपीओ

इस हफ्ते के आखिरी में यह आईपीओ खुलेगा। निवेशकों के पास 20 फरवरी से 24 फरवरी तक आईपीओ पर दांव लगाने का मौका रहेगा। यह मेनबोर्ड सेगमेंट का आईपीओ है। आईपीओ के जरिए कंपनी 2.09 करोड़ शेयर जारी करेगी। इसमें 1.14 करोड़ शेयर फ्रेश इश्यू के जरिए जारी होंगे।

## इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में स्टार्टअप्स के दिन लद गए

### पुरानी कंपनियों ने जमाया कब्जा, लगातार अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक टूव्हीलर को भारत में लोकप्रिय करने का श्रेय भले ही स्टार्टअप्स को जाता हो। लेकिन अब वे ग्राहकों की चित्त से उतर रहे हैं। जी हां, भारत के ई 2व्हीलर बाज़ार में एक बड़ा बदलाव आया है। इस साल से पहले तक स्टार्टअप्स का भले ही दबदबा रहा हो, लेकिन अब पुरानी और जानी-मानी कंपनियां इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में आगे बढ़ रही हैं।

हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी 2026 तक, टीवीएस मोटर, बजाज ऑटो और हीरो मोटोकॉर्प जैसी बड़ी कंपनियों ने इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार का 60 प्रतिशत हिस्सा अपने कब्ज़े में ले लिया है। यह आंकड़ा 2023 में सिर्फ 34 प्रतिशत था। ऑटोमोटिव मार्केट रिसर्च फर्म जाटो डायनेमिक्स के मुताबिक, यह एक बड़ा बदलाव है। इस रिपोर्ट के मुताबिक यह बदलाव पिछले एक साल में तेजी से हुआ है। स्टार्टअप्स ने भले ही इस बाज़ार की शुरुआत की और शुरुआती खरीदारों को आकर्षित किया। लेकिन अब पुरानी कंपनियां अपने बड़े डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, बिक्री के बाद की सर्विस और सही समय पर नए मॉडल लॉन्च करके आम ग्राहकों को जीत रही हैं। पहले से जमा-जमाया नाम भी है इन कंपनियों का। तभी तो इनका भरोसा ईवी में भी सामने



आ रहा है ऐसा क्यों हुआ, इस पर एक इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव ने कहा, शुरुआती दौर में सबसे पहले आना मायने रखता था। अब लगातार अच्छा प्रदर्शन करना ज़्यादा ज़रूरी है। उन्होंने आगे कहा, पुरानी कंपनियों ने इंतज़ार किया, अपनी सप्लाई चेन और डीलरों को तैयार किया, और अब वे सही समय पर अपने प्रोडक्शन को बढ़ा रही हैं। बड़ा फायदा किस कंपनी को

रिपोर्ट के मुताबिक टीवीएस मोटर इस बदलाव का एक बड़ा फायदा उठाने वाली कंपनी बनकर उभरी है। उनकी इलेक्ट्रिक व्हीकल की रणनीति में शामिल है- लगातार प्रोडक्शन बढ़ाना और प्रोडक्ट्स की रेंज को वाइड करना शामिल है। इससे वे अलग-अलग तरह के ग्राहकों को आकर्षित कर पा रहे हैं। कंपनी के क्यू3 एफवाय26 नतीजों के बाद, टीवीएस मोटर ह के सीईओ और डायरेक्टर, के.एन. राधाकृष्णन ने बताया कि उनके फ्लैगशिप आईक्यूब और नए लॉन्च हुए ऑर्बिटर , जो अलग तरह के खरीदारों को टारगेट करता है, दोनों की मांग बहुत अच्छी है। तभी तो दिसंबर 2025 की तिमाही में, कंपनी ने पहली बार एक लाख (100,000) से ज़्यादा इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे। यह तब हुआ जब साल की शुरुआत में प्रोडक्शन में कुछ दिक्कतें थीं। विश्लेषकों का कहना है कि यह टीवीएस की डिस्ट्रीब्यूशन पहुंच का फायदा दिखाता है, जब प्रोडक्शन बड़े पैमाने पर होता है।

बजाज ऑटो बजाज ऑटो ने भी बैटरी पैक की सप्लाई की शुरुआती दिक्कतों को दूर करने के बाद ज़बरदस्त वापसी की है। इससे पहले तो बैटरी पैक की वजह से प्रोडक्शन को धीमा कर रही थीं। प्रोडक्शन बढ़ने के साथ, दिसंबर की तिमाही में बिक्री तेज़ी से बढ़ी। तभी तो बजाज ऑटो ने इलेक्ट्रिक स्कूटर बाज़ार में दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया। कंपनी ने रेंज को एक नए एंट्री-लेवल वेरिएंट के साथ बढ़ाया है, जो युवा खरीदारों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इससे इसकी पहुंच बढ़ी है और विश्वसनीयता और वैल्यू पर इसका ज़ोर और मज़बूत हुआ है। इस समय स्टार्टअप्स के लिए ग्रोथ की राहें अब ज़्यादा अलग-अलग हो रही हैं। हालांकि, एथर एनर्जी ने अपना रिज्टा स्कूटर की बढ़ती मांग और बेहतर ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस के कारण दिसंबर की तिमाही में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन ओला इलेक्ट्रिक के मार्केट शेयर में बड़ी गिरावट आई है। ज़्यादा प्रतिस्पर्धी बाज़ार में बढ़ती हुई मुश्किलों से अब कंपनी को दो-चार होना पड़ रहा है।

# एनवीडिया सीईओ का भारत दौरा रद्द: इंडिया एआई समिट में नहीं दिखेंगे जेनसन हुआंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट से ठीक पहले आयोजकों और तकनीकी जगत के लिए एक निराशाजनक खबर आई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप निर्माण में दुनिया की अग्रणी कंपनी एनवीडिया (एनवीडिया) के सीईओ जेनसन हुआंग ने अपना भारत दौरा रद्द कर दिया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार शाम को इस घटनाक्रम की पुष्टि की।

हुआंग का यह दौरा भारत के एआई ईकोसिस्टम के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था, लेकिन अब कंपनी ने साफ किया है कि अपरिहार्य कारणों से वे इस शिखर



सम्मेलन में व्यक्तिगत रूप से मौजूद नहीं रह पाएंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने जानकारी दी है कि एनवीडिया के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी यात्रा रद्द करने का निर्णय लिया है। अधिकारी ने कहा, एनवीडिया सीईओ ने कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण अपनी यात्रा रद्द कर दी है।


हालांकि, कंपनी ने यह सुनिश्चित किया है कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उनकी भागीदारी बनी रहे। सीईओ की अनुपस्थिति में, एनवीडिया अपना एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेज रही है जो समिट में कंपनी का प्रतिनिधित्व करेगा और भारत के एआई विजन पर चर्चा करेगा।

16 फरवरी से भारत मंडपम में महाकुंभ इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन हो रहा है। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित प्रतिष्ठित भारत मंडपम में होगा। यह शिखर सम्मेलन 16 फरवरी से शुरू होकर 20 फरवरी तक चलेगा। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का मकसद भारत को दुनिया के एआई मानचित्र पर स्थापित करना और तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देना है। जेनसन हुआंग इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में से एक थे, और उनकी उपस्थिति से भारत की एआई महत्वाकांक्षाओं को वैश्विक मंच पर एक बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद थी।

तकनीकी दुनिया में एनवीडिया की स्थिति किसी परिचय की मोहताज नहीं है। यह कंपनी वैश्विक एआई ईकोसिस्टम में सबसे प्रमुख खिलाड़ियों में से एक है। एनवीडिया का प्रभुत्व मुख्य रूप से इसके फास्ट प्रोसेसिंग जीपीयू सर्वर के कारण है, जो एआई मॉडल की ट्रेनिंग और संचालन के लिए रीढ़ की हड्डी माने जाते हैं। भारत, जो अपने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और एआई क्षमता को तेजी से बढ़ा रहा है, के लिए एनवीडिया जैसी कंपनी के साथ साझेदारी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। हालांकि सीईओ का आना टल गया है, लेकिन उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति यह सुनिश्चित करेगी।

## 10 देशों की 15 दिग्गज टेक कंपनियों ने मिलाया हाथ, वैश्विक स्तर पर मुहैया कराएंगे भरोसेमंद तकनीक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तकनीक को लेकर वैश्विक सीमाओं से परे भरोसा और उच्च मानक कायम करने के लिए 10 देशों की 15 दिग्गज टेक कंपनियों ने हाथ मिलाया है। अफ्रीका, एशिया, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका की इन अग्रणी कंपनियों ने ट्रस्टेड टेक एलायंस (टीटीए) के गठन की घोषणा की है। समान सोच वाले वैश्विक टेक्नोलॉजी प्रदाताओं के इस समूह में भारत की ओर से जियो प्लेटफॉर्म शामिल है। जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान टीटीए का ऐलान किया गया, जिसका उद्देश्य कनेक्टिविटी, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और



सत्यापित मानक विकसित करना है। इसके संस्थापक सदस्यों में अमेजन, वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी समेत 15 कंपनियां शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयरमैनऔर प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सकें। एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है। टीटीए के तहत सदस्य कंपनियों ने पांच प्रमुख सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इनमें पारदर्शी कॉरपोरेट गवर्नेंस और नैतिक आचरण, सुरक्षित विकास प्रक्रिया और स्वतंत्र मूल्यांकन, मजबूत सप्लाई चेन व सुरक्षा निगरानी शामिल है।

# महादेव बाबा धाम में उमड़ी श्रद्धा की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिले के मुरहू प्रखंड में महाशिवरात्रि के पावन महापर्व पर क्षेत्र में भक्ति की बयार बहती रही। मुरहू, महादेव टोली, सोनपुरगढ़ सहित प्राचीन ग्यारह महादेव बाबा धाम, बम्हनी में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने शिवालयों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

ग्यारह महादेव बाबा धाम, बम्हनी में विशेष पूजा, अखंड कीर्तन और शिव बारात का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं के बीच खीर, पुरी-सब्जी और बुन्दिया का भोग वितरित किया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। पंडित प्रभात नाथ कर, कमल सिंह, अमर सिंह, जयसिंह नायक, ध्रुवेंद्र भास्कर, संजय सिंह, कृष्ण सिंह, खुशभल सिंह, प्रेम नायक सहित अन्य श्रद्धालुओं ने शिवालय की साज-सज्जा, पूजन, प्रसाद वितरण और भंडारे की व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस प्राचीन धर्मस्थल के संबंध में ग्रामीणों के अनुसार सतयुग में भगवान हनुमान की वानर सेना के सदस्य नल और नील ने यहां रात्रि पहर में ग्यारह शिवलिंगों की स्थापना की थी।

मान्यता है कि मध्य रात्रि में मुर्गे के बांग देने से स्थापना कार्य अधूरा रह गया, जिसके कारण यहां आज भी एक शिवलिंग को छोड़ अन्य शिवलिंग खुले आकाश के नीचे स्थित हैं। इस धाम के प्रति श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है और दूर-दूर से भक्त यहां पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। आयोजन को सफल बनाने में

धर्मेंद्र नाथ तिवारी, फुलकुमा सिंह, रविंद्र सिंह, ललित सिंह, प्रदीप जगत सिंह, मनमोहन सिंह, परशुराम सिंह, रविंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, कलेस सिंह और प्रेभ नायक का योगदान रहा।

# शहरी क्षेत्रों में 24 फरवरी तक नहीं छलकेंगी जाम

- निकाय चुनाव को ले 21 से 24 फरवरी तक रहेगा ड्राई डे
- प्रशासन ने इसे सख्ती से लागू करने की दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** निकाय चुनाव को लेकर जिले के दोनों निकाय क्षेत्र जामताड़ा नगर पंचायत और मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र में 21 से 24 फरवरी तक ड्राई डे घोषित किया गया है। इस दौरान किसी भी तरह से शराब की बिक्री नहीं की जाएगी। यह आदेश रविवार को डीसी रवि आनंद ने जारी किया है।

जिला अधिकारी के आदेश में बताया है कि निकाय चुनाव को लेकर 21, 22, 23 और 24 तारीख तक ड्राई डे रहेगा। 21 तारीख शाम पांच बजे से लेकर 24 तारीख सुबह सात बजे तक किसी भी तरह से शराब की बिक्री नहीं की जाएगी। इसका उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव के अवसर पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 576 के अधीन संबंधित नगर निकाय क्षेत्र में ड्राई-डे घोषित करने के प्राप्त निर्देश दिया है।

इसके तहत जामताड़ा जिलान्तर्गत मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र (वर्ग-ख) एवं जामताड़ा नगर पंचायत क्षेत्र में मतदान के लिए निर्धारित तिथि दिनांक 23 फरवरी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न कराना है।

इस कारण डीसी से रवि आनंद ने झारखण्ड उत्पाद अधिनियम की धारा-26 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र (वर्ग-ख) एवं जामताडा नगर पंचायत क्षेत्र में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान के लिए नियत समय की समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति के अगले दिन प्रातः 07:00 बजे तक ड्राई-डे घोषित किया गया है।

ड्राई-डे की अवधि के दौरान मतदान क्षेत्रों की सभी खुदरा उत्पाद दुकानें, सभी बार एवं रेस्तरों, झारखण्ड राज्य विवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड डिपो संचयनकर्त्ता गोदाम सरखेंलडीह, जामताड़ा सहित अन्य अनुज्ञप्ति प्रदत्त परिसर बंद रहेंगे तथा किसी होटल/रेस्तरों/क्लब या अन्य ऐसे प्रतिष्ठान से शराब की न तो बिक्री की जा सकेगी और न ही उपलब्ध कराया जा सकेगा।

भोजनालय, दुकान या किसी अन्य सार्वजनिक या निजी स्थान में भी शराब की बिक्री नहीं की जा सकेगी और न ही वितरण किया जायेगा। किसी भी प्रकार के अनलाईसेन्सड प्रीमिसेस में शराब के भंडारण हेतु लगाये गये प्रतिबंधों का सख्ती से अनुपालन किया जायेगा।

# बेलगाम हाथियों को प्रेम जाल में फंसाने आयेगी कुनकी हाथी



## कर्नाटक से आयेगी अभिमन्यु नामक हथिनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य में हाथियों के खौफ में दिन और रात बिता रहे चाईबासा और हजारीबाग के लोगों की मदद करने कर्नाटक से छह कुनकी हथिनियां आ रहे हैं।

विशेष तौर पर प्रशिक्षित ये हाथी झारखंड के बेलगाम हाथियों को अपनी अदाओं से फंसाएंगे और उन्हें वापस जंगल ले जाएंगे। व्यस्क नर हाथियों में टेस्टेस्टेरान हार्मोन बढ़ जाने से वो बेलगाम हो जाते हैं। ऐसे बौराए हाथियों की वजह से महीने भर में 25 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। चाईबासा में अकेले हाथी ने 15 से अधिक लोगों की जान ले ली है। हजारीबाग में पांच हाथियों का समूह सात लोगों की एक ही रात में जान ले चुका है।

अब ये कुनकी हाथी इन बौराए हाथियों को अपने प्रेमजाल में लाकर शांत करेंगे और लोगों की जान बचाएंगे। कर्नाटक वन विभाग ने हाथियों को प्रशिक्षित करने और उनके साथ महावत रखने का प्रयोग किया है। इन्हें कुनकी हाथी कहा जाता है। कुनकी या कुमकी फारसी भाषा का शब्द है जसका अर्थ होता है सहायक। हाथियों को प्रशिक्षित और अनुशासित बनाकर उन्हें बिगड़ैल हाथियों पर नियंत्रण करने भेजा जाता है।

तमिलनाडू में कालेम और कर्नाटक का अभिमन्यु नामक कुनकी हाथी कई सफल अभियान में सहायक रहा है। हाथियों के शरीर से निकलने वाली गंध और आपसी व्यवहार के ये बेलगाम हाथियों पर नियंत्रण करते हैं।

झारखंड में करीब 600 हाथी रहते हैं। ये जंगलों में विचरण करते रहते हैं। लेकिन वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में जंगल छोटे हुए हैं। इस वजह से हाथियों को पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं मिल पा रहा है। सामान्य तौर पर एक हाथी की भोजन आवश्यकता दिन में 17 घंटे खाने से होती है।

लेकिन जंगल में संसाधन कम हुए हैं और हाथी आबादी वाले इलाके में प्रवेश कर रहे हैं। यहां खेतों में तैयार फसल, केला जैसे तैयार फल इन्हें खाने को मिल रहा है। इससे इनकी भोजन आवश्यकता पूरी हो जा रही है। लेकिन क्षेत्र को लेकर आपसी प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। इस वजह से किसी नर हाथी को झुंड छोड़ना पड़ता है और वह हिंसक हो जाता है।

# कंट्री क्लब ने प्यार का जश्न मनाया

## कपल्स के लिए डार्लिंग्स डे आउट से भी आगे बढ़कर : राजीव रेड्डी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई ।** कंट्री क्लब का ₹डार्लिंग्स डे आउट प्यार का त्योहार बहुत सफल रहा, जिसमें कपल्स, परिवार और दोस्त प्यार के हर रूप का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए। यह इवेंट कंट्री क्लब, वीरा देसाई, अंधेरी वेस्ट में हुआ, जिसमें चीफ गेस्ट कंट्री क्लब के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रेड्डी और स्पेशल गेस्ट रहिला रहमान, दिलीप सेन, संजय भूषण पटियाला, अन्नू कश्यप, इंद्राणी तालुकदार, ताहिर कमाल खान, अरुण सिंह, रोशन सिंह, अरविंद सिंह ने शिरकत की।

इस अवसर पर राजीव रेड्डी ने कहा, कंट्री क्लब में, हम हमेशा अविस्मरणीय अनुभव बनाने और अतुल्य लक्सरी और एक्सक्लुसिविटी प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। हम अपने सदस्यों और मेहमानों के साथ कई विशेष क्षणों का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हैं। शाम में लाइव म्यूज़िक, उख नाइट, हाई-एनर्जी डांस परफॉर्मेंस और खास मॉडल्स का स्टाइलिश रैंप वॉक हुआ। मेहमानों ने इंटरैक्टिव कपल और फैमिली सेगमेंट, लव ऑनर्स और ऑन-स्टेज अवॉर्ड मोमेंट्स का आनंद लिया, जिसमें विजेताओं के लिए 2-दिन/3-रात पटाया में रहने सहित लग्जरी प्राइज भी थे।

इस मौके पर बोलते हुए, मिस्टर राजीव रेड्डी ने कहा, कंट्री क्लब में, हमारा फोकस हमेशा यादगार अनुभव देने के साथ-साथ बेमिसाल लग्जरी और एक्सक्लूसिविटी देने पर रहा है। हम अपने मेंबर्स और गेस्ट्स के साथ कई खास पल मनाने का इंतजार कर रहे हैं। यह इवेंट कम्युनिटी स्पिरिट को बढ़ावा देने और हर तरह के प्यार का जश्न मनाने के कंट्री क्लब के कमिटमेंट का सबूत था।

# निकाय चुनाव में झामुमो ने कांग्रेस को दिखाया आइना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** नगर निकाय का शोर अपने चरम पर है। भाजपा, झामुमो, कांग्रेस, आजसू, भाकपा माले समेत तमाम राजनीतिक पार्टियों ने किसी ने किसी प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया है और उसके पक्ष में प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

ताजा मामला आईएनडीआईए गठबंधन से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस के धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने झामुमो समर्थित मेयर पद के प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल को भटकती आत्मा बताते हुए खुद को मजबूत जिलाध्यक्ष घोषित किया। इसी बात पर झामुमो ने संतोष सिंह को राजनीतिक गठबंधन धर्म का पाठ पढ़ाते हुए मयार्दा में रहने की सलाह दे डाली है।

धनबाद नगर निगम के मेयर पद पर कांग्रेस की ओर से शमशेर आलम चुनाव लड़ रहे हैं। नया बाजार में चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि झामुमो समर्थित प्रत्याशी विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान उनके पास आए थे। वे भटकती आत्मा हैं।

सिंह ने यह भी कहा कि मुक्तिधाम बना देने से विकास नहीं होता। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में ही निगम के कार्यों को लेकर जांच हुई थी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के बोल को झामुमो जिला कमेटी ने गंभीरता से लिया और कहा कि यह मामला गठबंधन की बैठक में उठेगा। झामुमो जिला सचिव मन्नू आलम ने बहुत ही कड़े शब्दों में कहा कि संतोष सिंह अपनी मयार्दा में रहें। यदि वे मजबूत जिलाध्यक्ष हैं तो लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को संतोष सिंह के बूथ में ही महज 18 वोट मिले थे।

आलम ने आरोप लगाया कि संतोष सिंह अपने प्रत्याशी के पक्ष में नहीं, बल्कि भाजपा के तरफ से काम कर रहे हैं। चंद्रशेखर अग्रवाल ने केवल कब्रिस्तान और शमशान ही नहीं बनाया बल्कि, आठ लेन सड़क, पार्क, गया पुल चौड़ीकरण, मटकुरिया आरा मोड़ फ्लाईओवर समेत तमाम काम किए हैं।

# युवक ने की आत्महत्या

**शेरघाटी।** गया जिले के शेरघाटी में रविवार को महाशिवरात्रि पर विचित्र घटना देखने को मिली। शेरघाटी थाना के शेखपुरा मोहल्ला निवासी स्वीटी देवी अपनी सुहाग की दुआ मांगने के लिए महाशिवरात्रि पर शिवमंदिर गई थी, वे भोलेनाथ से पति की लंबी आयु की कामना कर रही थी, इसी दौरान उसके पति ने अपने ही घर में पेट्रोल छिड़कर आग लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। दुआ कबूल होने से पहले ही उसकी सुहाग उड़ गया। महाशिवरात्रि का व्रत अधूरा रह गया। पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने के बाद सतेंद्र गंभीर रूप से झुलस गया। उसे बचाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# ब्रेस्ट कैंसर की जागरूकता के लिए सुता भी पिंक टैग पहल में शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** स्वदेशी डी-टू-सी फैशन ब्रांड सुता ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के उद्देश्य से पिंक टैग प्रोजेक्ट से जुड़ गया है। यह पहल फेडरल बैंक होर्मिस मेमोरियल फाउंडेशन और नेटवर्क-एटीन संजीवनी द्वारा शुरू की गई है।

इस पहल के तहत सुता अपने ब्लाउज में वॉश-केयर लेबल के पास एक गुलाबी टैग जोड़ रही है, जिस पर बने सरल चित्र महिलाओं को स्वयं स्तन जांच की जानकारी देते हैं। बिना डर या चेतावनी के, यह टैग महिलाओं को रोजमर्रा के जीवन में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करता है। सुता की सह-संस्थापक सुजाता बिस्वास ने कहा कि कपड़े सिर्फ पहनने की चीज नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और पहचान का माध्यम हैं, और अब इसके जरिए स्वास्थ्य की देखभाल का संदेश भी जुड़ रहा है। वहीं सह-संस्थापक तानिया बिस्वास ने कहा कि कपड़े पहनने का समय महिलाओं का अपना निजी पल होता है, इसलिए उसी क्षण स्वास्थ्य की याद दिलाना स्वाभाविक है। न्यूज-एटीन स्टूडियोज के सीओओ सिद्धार्थ सैनी ने कहा, न्यूज-एटीन के टीवी नेटवर्क और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संजीवनी पहल बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंची है। फेडरल बैंक के सीएमओ एम.वी.एस. मूर्ति ने कहा कि सुता के साथ साझेदारी से यह साबित होता है कि फैशन उद्योग भी सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पिंक टैग पहल अब ग्रामीण इलाकों से निकलकर फैशन की मुख्यधारा में पहुंच चुकी है और महिलाओं में समय पर जांच की आदत विकसित करने की दिशा में एक अहम कदम साबित हो रही है।

# जामाडोबा बाजार बना रणक्षेत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अलकडीहा।** झरिया के जामाडोबा बाजार में शनिवार देर रात उस वक्त रणक्षेत्र जैसी स्थिति बन गई, जब बीसीसीएल में आउटसोर्सिंग कंपनी देवप्रभा के संचालक एलबी सिंह के अंगरक्षकों और स्थानीय निवासियों के बीच हिंसक झड़प हो गई।

सड़क जाम के दौरान हुई इस घटना में स्थानीय लोग अंगरक्षकों से भिड़ गए। कहासुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गई। घटना का वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, जामाडोबा बाजार में रोजाना की तरह शनिवार रात भी हाइवा परिचालन के कारण लंबा सड़क जाम लगा हुआ था।

इसी दौरान भौंरा की ओर से आउटसोर्सिंग कंपनी के संचालक एलबी सिंह अपने काफिले के साथ आ रहे थे। जाम में फंसने के बाद स्थिति को देखते हुए संचालक के निजी अंगरक्षक सड़क पर उतरे और जाम हटाने लगे। इसी क्रम में अंगरक्षकों और जामाडोबा बड़कीटांड निवासी एक ऑटो चालक के बीच झड़प हो गई। आरोप है कि अंगरक्षकों ने ऑटो चालक की पिटाई कर दी।

# त्रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल व क्षितीश्वर नाथ सिंह इंटर कॉलेज का स्थापना दिवस समारोह संपन्न




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के नचाप गांव स्थित रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल का 14वां एवं क्षितीश्वर नाथ सिंह इंटर कॉलेज का 15वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम व उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। समारोह का शुभारंभ क्षितीश्वर नाथ ट्रस्ट के चेयरमैन परमेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय परिवार की ओर से निदेशक राकेश कुमार सिंह एवं संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार सिंह ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। नृत्य, नाटक, कॉमेडी एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित फैशन शो ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कृतिका सिंह, सोनाक्षी, मोनालिका, प्रतिज्ञा कुमारी, शिवानी, पलक, सुहानी, आदर्श, विराट, रजनीश, वेदांत समेत अन्य विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से समारोह को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने शिक्षकों व अभिभावकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों से युक्त शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सतत प्रक्रिया है। जब शिक्षा में संस्कार, अनुशासन व नैतिकता का समावेश होता है, तभी वह समाज व राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बनती है। विशिष्ट अतिथि एकमा विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रयास को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसी शिक्षा मिले जो उन्हें ज्ञानवान के साथ-साथ संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाएं, यही सच्ची सफलता है।

स्वागत भाषण रिद्धि-सिद्धि ग्रुप के चेयरमैन परमेश्वर सिंह ने दिया, जबकि प्राचार्य दशरथ साह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में सीपीएस छपरा के चेयरमैन डॉ हरेंद्र कुमार सिंह, नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह अविनाश चंद्र उपाध्याय, बंटी ओझा, अंतिम सिंह, यमुना सिंह इंटर कॉलेज एकमा के पूर्व प्राचार्य प्रो. अभय सिंह, ठाकुर सिंह, चंद्रशेखर सिंह, विकास मिश्रा, सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति नचाप के वरिष्ठ सदस्य सूर्यदेव लाल, राजनाथ सिंह, गौतम सिंह, पारस सिंह, विजय कुमार सिंह, डीलर मदन गोपाल सिंह, मनीष कुमार सिंह, रुचि सिंह सेंगर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वहीं समारोह को सफल बनाने में स्कूल के प्राचार्य दशरथ साह, एकेडमिक इंचार्ज उमेश कुमार सिंह, एचआर हेड अरविंद कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक-शिक्षिकाएं क्रमशः वीर सिंह राजपूत, सूरज कुमार शर्मा, ममता, गायत्री कुमारी, ब्रजेश कुमार सिंह, ज्योति यादव, महमूद आलम, संतोष कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार यादव, मोहम्मद नईम खान, बसंत कुमार राय, मनोरमा कुमारी, संतोष कुमार ठाकुर, तेजप्रताप सिंह, निकिता कुमारी, प्रिंस कुमार, चंदन पंडित, अर्जुन राय, विक्की कुमार सिंह, मल्लिकार्जुन कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, अतुल तिवारी, शैलेश कुमार महतो, अंजलि भारद्वाज, पूजा सिंह, संतोष कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सुहानी सिंह, नुपुर श्रीवास्तव, नैन्सी कुमारी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# दून एक्सप्रेस में फिर कछुए बरामद

## थम नहीं रही कछुओं की तस्करी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। 66 दिनों बाद योग नगरी ऋषिकेश से हावड़ा जा रही दून एक्सप्रेस में फिर जीवित कछुए पकड़े गये। तस्करी की शिकायत पर आरपीएफ ने ट्रेन के जनरल कोच की जांच की।

जांच के दौरान सीट के नीचे कपड़े के थैले में छिपाकर रखे गए 16 जीवित कछुए मिले। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के धनबाद स्टेशन पर पहुंचने पर इंजन से सटे जनरल कोच के पास वाले कोच में सीट के नीचे नीले रंग के बैग में छिपा कर रखे गए कछुए उतारे गये। उन्हें वन विभाग को सौंप दिया गया।

कछुए की तस्करी का तरीका भी पहले जैसा ही है। पहले भी बैग में छिपाकर सीट के नीचे कछुए रख दिए गए थे। दूर से उसकी निगरानी की जा रही थी ताकि पोल खुलने पर तस्कर पकड़ा न जाए। इस बार का तरीका भी ठीक वैसा ही था।

बरामद कछुए फ्लैप सेल प्रजाति हैं जो मीठे पानी में पाए जाते हैं। इससे पहले पकड़े गए कछुए भी इसी प्रजाति के थे। मीठे पानी के कछुओं का पश्चिम बंगाल में बड़ा कारोबार है।

पूर्व में पकड़े गए पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के राम दास और उत्तर प्रदेश के आंबेडकर नगर के रहने वाले हिमांशु वैध ने इसका खुलासा भी किया था। बताया था कि 24 परगना के कारोबारी को कछुए बेचते हैं।

राम दास और हिमांशु ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में रहने वाले मूसहर लोगों से 120 केजी कछुआ खरीदते हैं। उन्हें ट्रेन से पश्चिम बंगाल ले जाकर ऊंचे दामों में बेच देते हैं। हालांकि जीवित कछुए किस काम में उपयोग किए जाते हैं, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी थी।

## प्रेम प्रसंग में खौफनाक मंजर

# पत्नी ने खाया जहर, प्रेमिका ने खायी गोलियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजमहल (साहिबगंज)।** राजमहल में गुरुवार को एक प्रेम प्रसंग ने उस वक्त नाटकीय और खौफनाक मोड़ ले लिया, जब एक युवक की पत्नी और उसकी कथित प्रेमिका ने आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार पुन्नी टोला निवासी सैयद राहुल शेख का नीलकोठी की रहने वाली एक महिला से लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा था। इस संबंध की भनक जैसे ही उनकी पत्नी मुस्कान को लगी, उसने आवेश में आकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। परिजनों की तत्परता से उसे तुरंत राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही कथित प्रेमिका ने भी भावनात्मक दबाव में आकर एक साथ पारासिटामोल की छह गोलियां निगल लीं। उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों मामलों को लेकर अनुमंडल अस्पताल में पीआई दर्ज की गई है।

अस्पताल में प्रेमिका ने कहा कि वह राहुल के साथ रहना चाहती है और दोनों कई वर्षों से एक-दूसरे से प्रेम करते हैं।

घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने किया चाय दुकानदार की हत्या का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** महागामा थाना क्षेत्र के मांगन पीपरा गांव में 27 जनवरी की रात चाय-पान दुकानदार अमित कुमार मोदी की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर लिया है।

इस हत्याकांड में शामिल तीनों अपराधियों को महगामा पुलिस ने पकड़ लिया है। इस मामले में रविवार को महगामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद के द्वारा खुलासा कर दिया गया है।

इस हत्याकांड का सूत्रधार कोई और नहीं, बल्कि मृतक का भाई व उसकी पत्नी थी। दोनो देवर-भाभी के बीच अवैध सबंध के कारण ही पान दुकानदार अमित मोदी की निर्ममता से हत्या कर दी गई।

मामले का खुलासा करते हुए एसडीपीओ ने बताया कि मृतक का छोटे भाई रोहित मोदी और पत्नी सोनी देवी के बीच पिछले पांच-छह वर्षों से अवैध संबंध चल रहा था।

पान दुकानदार, जो मृतक है दोनो के रिश्ते के बीच आ रहा था। इसलिये दोनो ने रास्ते से हटाने के लिए अमित मोदी को ही ठीकाने लगा दिया। मृतक का छोटा भाई रोहित मोदी गांव के ही मो शाईन आलम को एक लाख रुपये की सुपारी हत्याकांड के लिए दिया।

हत्याकांड में शामिल होने के लिए गांव के ही विजेंद्र पासवान उर्फ बिदो को 25 हजार रुपये में शामिल किया गया। योजना के तहत हत्या से एक सप्ताह पूर्व मेदनीचक हाट से गंडासा भी हत्यारों ने खरीदा।


27 जनवरी की रात शराब पिलाने के बहाने घर से बुलाकर सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी तथा लाश को कब्रिस्तानर के समीप फेंक दिया।

वहीं पत्नी ने साक्ष्य मिटाने की नीयत से मोबाइल छिपाकर बाद में गंगा नदी में फेंक दिया। पुलिस ने 25 वर्षीय मो शाईन आलम, 35 वर्षीय विजेंद्र पासवान उर्फ बिदो तथा 30 वर्षीय सोनी देवी को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गंडासा, खून लगा मिट्टी, दो मोबाइल फोन तथा शराब की बोतल बरामद की गई है।

एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि मृतक का छोटा भाई रोहित मोदी फिलहाल फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मालूम हो कि महगामा में पान दुकानदार की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। सुबह शव मिलने पर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुकेश कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था।

छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो, थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल, पुअनि रोमा कुमारी, पुअनि जुगनु महथा, सअनि खालिद अहमद खान सहित अन्य शामिल थे।



# न्यूजीलैंड को हराकर सुपर-8 के करीब पहुंचा साउथ अफ्रीका

### ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ी

**कोलंबो (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के 24 मुकाबले खेले जा चुके हैं। 6 दिन में 16 मैच और बचे हैं। अब तक किसी भी टीम ने सुपर-8 में जगह नहीं बनाई, लेकिन शनिवार को साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को हराकर अपनी पोजिशन लगभग कन्फर्म कर ली। अफगानिस्तान का क्वालिफाई कर पाना मुश्किल है, वहीं ओमान एलिमिनेट होने वाली पहली टीम बन गई।

### ग्रुप-एः भारत-पाकिस्तान के पास क्वालिफिकेशन का मौका

ग्रुप-ए में मेजबान भारत और 2009 की चैंपियन पाकिस्तान के अलावा अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया हैं। भारत और पाकिस्तान 2-2 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 पोजिशन पर हैं। आज दोनों के बीच होने वाला मैच जीतने वाली टीम सुपर-8 में अपनी जगह लगभग कन्फर्म कर लेगी। वहीं हारने वाली टीम को आखिरी दोनों मैच जीतने ही होंगे।

इस ग्रुप में नामीबिया दोनों मैच हार चुकी है, टीम ने एक और मुकाबला गंवाया तो एलिमिनेट हो जाएगी। अमेरिका और नीदरलैंड भी 2-2 मैच हार चुकी है, इन्हें भी क्वालिफाई करने के लिए आखिरी मुकाबले जीतने ही होंगे। दोनों टीमें 1-1 जीत के साथ तीसरे और चौथे नंबर पर हैं।

### ग्रुप-बीः ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ीं

ग्रुप-बी की सिचुएशन इस समय सबसे ज्यादा मजेदार है। होम टीम श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया को हराने वाली जिम्बाब्वे 2-2 जीत के साथ टॉप-2 पोजिशन पर हैं। ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ एक मैच खेलना है, यहां अगर कंगारू टीम हार गई तो उनका अगले राउंड में पहुंचना नामुमकिन सा हो जाएगा। क्योंकि जिम्बाब्वे फिर आयरलैंड को हराकर ही सुपर-8 में पहुंच जाएगी।

श्रीलंका का एक मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ भी है, इसे जीतने वाली टीम अपनी जगह अगले राउंड में कन्फर्म कर लेगी। ऑस्ट्रेलिया को ओमान से भी भिड़ना है, लेकिन उन्हें क्वालिफाई करने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे। ओमान 3 मैच हारकर बाहर हो चुकी है। आयरलैंड 2 मैच हार चुकी है, टीम का क्वालिफाई कर पाना बेहद मुश्किल है। उनका आखिरी मैच जिम्बाब्वे से होगा।

### ग्रुप-सीः इंग्लैंड को सभी मैच जीतने होंगे

2-2 बार की चैंपियन इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के अलावा इस ग्रुप में स्कॉटलैंड, इटली और नेपाल भी हैं। दोनों वर्ल्ड चैंपियन टीमें 2-2 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में शुरुआती 2 पोजिशन पर हैं। इंग्लैंड को इकलौती हार विंडीज से ही मिली। अब इंग्लिश टीम को क्वालिफाई करने के लिए इटली के खिलाफ आखिरी मैच जीतना ही होगा। वेस्टइंडीज को इटली और नेपाल से भिड़ना है, दोनों मुकाबले जीतकर टीम नंबर-1 पर रहकर फिनिश करेगी। स्कॉटलैंड और नेपाल ने 1-1 मैच और गंवाया तो टीमें अगले राउंड से बाहर हो जाएंगी। इटली को 1 जीत और 1 हार मिली है, लेकिन उनके 2 मुकाबले इंग्लैंड और वेस्टइंडीज से बचे हैं, ऐसे में टीम का दोनों मैच जीतकर क्वालिफाई कर पाना मुश्किल है।

### ग्रुप-डीः अफगानिस्तान लगभग बाहर, साउथ अफ्रीका की राह आसान

टूर्नामेंट का सबसे मुश्किल ग्रुप यही था। इसमें 2024 की फाइनलिस्ट साउथ अफ्रीका, 2021 की रनर-अप न्यूजीलैंड और 2024 की सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान की टीमें थीं। अफगानिस्तान ने कीवी और प्रोटियाज टीम के खिलाफ अपने दोनों मैच गंवा दिए। अब उन्हें क्वालिफाई करने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने के साथ न्यूजीलैंड के हारने की दुआ भी करनी होगी।



# वेस्टइंडीज लगातार तीसरी जीत के साथ सुपर-8 में

## नेपाल को 9 विकेट से हराया, होप का अर्धशतक, होल्डर ने 4 विकेट लिए

**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज लगातार तीन जीत के साथ इस वर्ल्ड कप के सुपर-8 में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। टीम ने रविवार को दिन के पहले मैच में नेपाल को 9 विकेट से हराया। वहीं, नेपाल लगातार तीसरा मुकाबला हारकर सुपर-8 से बाहर हो गई है। वेस्टइंडीज ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। नेपाल ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 133 रन बनाए। जवाब में विंडीज ने 15.2 ओवर में 1 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। दोनों टीमें ग्रुप-सी में हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**नेपाल–** कुशल भुर्तेल, आसिफ शेख, रोहित पौडेल (कप्तान), दीपेंद्र सिंह ऐरी, आरिफ शेख, लोकेश बम, गुलशन झा, सोमपाल कामी, करण केसी, नंदन यादव, संदीप लामिछाने और।

**वेस्टइंडीज–** शाई होप (कप्तान), ब्रैंडन किंग, शिमरोन हेटमायर, रोस्टन चेज, रोवमन पॉवेल, शेरफन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर, मैथ्यू फोर्ड, अकील हुसैन, गुडाकेश मोती, शमार जोसेफ।

### होप की नाबाद हाफ सेंचुरी

वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने नाबाद अर्धशतक लगाया। उन्होंने 44 बॉल पर नाबाद 61 रन बनाए। उनके अलावा शिनरोन हेटमायर ने नाबाद 46 और ब्रैंडन किंग ने 22 रन बनाए। नेपाल के लिए नंदन यादव को 1 विकेट मिला।

### ऐरी ने अर्धशतक लगाया

नेपाल के लिए दीपेंद्र सिंह ऐरी ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 47 बॉल पर 58 रन बनाए। सोमपाल कामी 15 बॉल पर 26 रन बनाकर नाबाद रहे। लोकेश बम 13, गुलशन झा और आसिफ शेख 11-11 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए जेसन होल्डर ने 4 विकेट झटके। रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, अकील हुसैन और शमार जोसेफ को 1-1 विकेट मिला। ऐरी टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नेपाल के लिए 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले 2014 में चटगांव में अफगानिस्तान के खिलाफ सुभाष खाकुरेल ने 56 रन बनाए थे।


# प्रमोद भगत ने पैरा बैडमिंटन में रिकॉर्ड छठा विश्व खिताब जीता




**मनामा (एजेंसी)।** मनामा में आयोजित बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंमिपयनशिप में भारत के स्टार पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने इतिहास रच दिया। 37 वर्षीय भगत ने पुरुष एकल एसएल3 वर्ग के फाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान को 21-12, 21-18 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उनके करियर का लगातार चौथा विश्व चैंपियनशिप एकल स्वर्ण और कुल मिलाकर छठा विश्व खिताब है। एसएल3 वर्ग में वे खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके निचले अंगों में गंभीर विकलांगता होती है। पांच साल की उम्र में पोलियो से प्रभावित होने के बावजूद भगत ने अपने खेल से दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है।

उन्होंने इससे पहले 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में भी विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। इस जीत के साथ वह विश्व चैंपियनशिप इतिहास में सबसे सफल एकल खिलाड़ी बन गए हैं।

# मैच से पहलेः पाकिस्तानी खेमे में घुसा सांप, स्टेडियम में मचा हड़कंप





**कोलंबो (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले से पहले एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान टीम के डगआउट में करीब छह से साढ़े छह फुट लंबा सांप दिखाई देने से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को तुरंत सक्रिय कर दिया। हालांकि स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया, लेकिन इस वाक्य ने रोमांचक मुकाबले से पहले माहौल और भी गर्म कर दिया है।

**प्रेमदासा स्टेडियम में दिखा सांप –** शुक्रवार शाम पाकिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम जब अभ्यास के लिए आर. प्रेमदासा स्टेडियम पहुंचने वाली थी, उससे कुछ ही समय पहले उनके डगआउट में एक लंबा सांप देखा गया। स्टेडियम स्टाफ ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए खिलाड़ियों के आने से पहले ही उसे सुरक्षित तरीके से बाहर की ओर खदेड़ दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सांप को किसी तरह की चोट पहुंचाए बिना मैदान से दूर किया गया। कर्मचारियों ने इसे बेहद सावधानी से संभाला, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो।

**सुरक्षा व्यवस्था हुई सख्त –** घटना के बाद स्टेडियम मैनेजमेंट और ग्राउंड स्टाफ ने पूरे परिसर की जांच की। भारत-पाकिस्तान मैच जैसे बड़े आयोजन को देखते हुए सुरक्षा में कोई ढील नहीं बरती जा रही है। रविवार, 15 फरवरी को जब भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे, तब अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। इस मुकाबले पर दुनियाभर की नजरें टिकी हैं, ऐसे में आयोजकों के लिए यह जरूरी है कि मैदान और आसपास का क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहे।

**कप्तानों के बीच जुबानी जंग –** मैदान के बाहर भी माहौल कम गर्म नहीं है। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली अगा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय खिलाड़ियों पर टिप्पणी की, जिसका जवाब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने अंदाज में दिया। इस बयानबाजी ने मुकाबले में अतिरिक्त रोमांच जोड़ दिया है। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को लेकर भी अटकलें थीं, लेकिन उन्हें शुक्रवार शाम अभ्यास करते देखा गया, जिससे उनके खेलने की संभावना मजबूत हो गई है।

# क्रिकेटर कनिष्क चौहान अब आईपीएल में मचाएगा धूम

### अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में किया था बेहतरीन प्रदर्शन, आरसीबी की टीम में शामिल



**झज्जर (एजेंसी)।** हरियाणा के क्रिकेटर कनिष्क चौहान अब आईपीएल में आरसीबी की टीम में धमाल मचाने की तैयारी में जुट गए हैं। कनिष्क की प्रतिभा को पहचानते हुए दुनिया की सबसे लोकप्रिय लीग आईपीएल ने भी उनके लिए दरवाजे खोल दिए हैं। कनिष्क चौहान को आईपीएल में आरसीबी की टीम ने शामिल किया है।

आईपीएल की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। झज्जर जिले के कुलाना के रहने वाले कनिष्क चौहान भी इस बार आईपीएल में आरसीबी की टीम से खेलते नजर आएंगे। हाल ही में हुए अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में कनिष्क चौहान ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। कनिष्क को आरसीबी की टीम में बेस प्राइस 30 लाख रुपए में शामिल किया गया है।

**ऑल राउंडर की निभाएंगे भूमिका –** पिछले साल 16 दिसंबर को आईपीएल में खेलने वाली टीमों में शामिल करने के लिए खिलाड़ियों की बोली लगाई गई थी, उसी में झज्जर जिले के खिलाड़ी कनिष्क चौहान को भी जगह मिली है। कनिष्क चौहान दाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज और ऑफ-ब्रेक स्पिन गेंदबाज हैं।

**आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीदें –** कनिष्क के माता पिता का कहना है कि जिस प्रकार से उनके बेटे ने वर्ल्ड कप में अपना दबदबा दिखाया उसी प्रकार से अब उनसे आईपीएल में अपनी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीदें हैं। आईपीएल में आरसीबी की टीम ने कनिष्क चौहान को ऑल राउंडर प्रदर्शन के लिए शामिल किया है। कनिष्क चौहान इंडिया अंडर 19 टीम में 8 वें नंबर पर बैटिंग करने आते हैं।

**अंडर 19 फाइनल में लगाए छक्के-चौके –** वहीं बोलिंग में टीम में वे 10 ओवर का स्पेल करते आए हैं। 2024 में अंडर 19 क्रिकेट टीम में उन्होंने जगह बनाने के बाद लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वर्ल्ड कप में कनिष्क पाकिस्तान के खिलाफ हुए मैच में प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीत चुके हैं। कनिष्क चौहान ने फाइनल में इंग्लैंड के बॉलर को छक्के-चौके लगाकर 37 रन बनाएं थे।

**इंग्लैंड टीम के कप्तान को किया था आउट –** उसके अलावा वर्ल्ड कप में इंग्लैंड टीम के खिलाफ फाइनल मुकाबले में 20 गेंदों में 37 रन बनाकर स्कोर 400 पार ले जाने में उनका बेहतरीन योगदान रहा है। साथ ही फाइनल मुकाबले में कनिष्क चौहान ने इंग्लैंड टीम के कप्तान थॉमस की विकेट के साथ मुकाबले की आखिरी विकेट लेकर भारत को जीत दिलाई थी।

# एडेन मार्कराम ने रचा इतिहास, रोहित शर्मा की एलीट लिस्ट में हुए शामिल



**मुंबई (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर इतिहास रच दिया। मार्करम ने सिर्फ 19 गेंदों में अर्धशतक जड़ते हुए न सिर्फ टीम को जीत दिलाई, बल्कि टी20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले कप्तानों की एलीट लिस्ट में जगह बना ली।

**कप्तानों की एलीट सूची में मार्करम –** मार्करम टी20 वर्ल्ड कप में 19 गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में शामिल हो गए। इस लिस्ट में अब उनके साथ- रोहित शर्मा (भारत) - 19 गेंद, दासुन शनाका (श्रीलंका) - 19 गेंद, इसके अलावा मोहम्मद अशरफुल (20 गेंद, 2007) और महेला जयवर्धने (21 गेंद, 2007) भी इस सूची में शामिल हैं। मार्करम टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में यह कारनामा करने वाले पहले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बने।

**दक्षिण अफ्रीका-न्यूजीलैंड –** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड की शुरुआत आक्रामक रही, जहां फिन एलन ने 17 गेंदों में 31 रन बनाए। हालांकि 64/4 पर टीम दबाव में आ गई। इसके बाद मार्क चैपमैन (48 रन, 26 गेंद) और डेरिल मिचेल (32 रन, 24 गेंद) ने 74 रनों की साझेदारी कर पारी संभाली। जेम्स नीशम ने अंत में 23* रन बनाकर स्कोर 175/7 तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन ने 4/40 के शानदार आंकड़े दर्ज किए।

**17.1 ओवर में लक्ष्य हासिल –** 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने धमाकेदार शुरुआत की। मार्करम और क्विंटन डी कॉक ने सिर्फ 4.4 ओवर में 62 रन जोड़ दिए। डी कॉक ने 14 गेंदों में 20 रन बनाए और इसी के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 3000 रन पूरे किए। उनके नाम अब 105 मैचों में 3018 रन दर्ज हैं, जिसमें 2 शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं।

# धोनी की कप्तानी खत्म करने का फैसला बीसीसीआई का था

## चयनकर्ताओं ने कहा–अब बदलाव का समय, धोनी ने खुद लिखा, मैं पद छोड़ना चाहता हूं



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी ने साल 2017 में टी-20 और वनडे की कप्तानी खुद नहीं छोड़ा था, बल्कि सिलेक्शन कमेटी ने उन्हें कप्तानी छोड़ने का सुझाव दिया था। चयनकर्ताओं ने धोनी से यह भी कहा था कि वे लिखित में मेल में अपना इस्तीफा दें ताकि ट्रांजिशन को औपचारिक रूप दिया जा सके। पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो' में बताया कि उस समय के मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने धोनी से इस विषय पर बातचीत की थी। धोनी ने 2014 में टेस्ट कप्तानी पहले ही छोड़ दी थी, लेकिन 2017 वह साल था जब विराट कोहली को तीनों फॉर्मेट की कमान सौंपी गई थी4 जनवरी 2017 को एमएस धोनी ने वनडे और टी20 कप्तानी छोड़ दी थी।

**धोनी ने बिना किसी विरोध के फैसले पर सहमति जताई –** पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो' में बताया कि वह और उस समय के मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे धोनी से मिलने पहुंचे। उन्होंने सम्मान के साथ कहा कि अब बदलाव का समय आ गया है। धोनी ने बिना किसी विरोध के फैसले पर सहमति जताई और कहा कि यह सही निर्णय है।उन्होंने एमएसके से कहा, अन्ना, यह बिल्कुल सही फैसला है। मुझे बताइए कि आपको मुझसे क्या चाहिए। एमएसके ने उनसे कहा कि आपको लिखकर देना होगा कि आप आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। इस पर उन्होंने कहा, ठीक है, मैं कर दूंगा।

### देर रात धोनी की ओर से ईमेल आया

परांजपे के मुताबिक, देर रात धोनी की ओर से ईमेल आया मैं पद छोड़ना चाहता हूं। इस फैसले की आलोचना भी हुई, लेकिन चयनकर्ताओं ने इसे टीम के भविष्य के लिए जरूरी बताया। परांजपे ने यह भी बताया कि धोनी ने विराट कोहली को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया था। उन्होंने कहा, चिंता मत करो। मैं विराट के साथ पूरी तरह काम करूंगा। वह मेरे भाई जैसा है। मैं उसके लिए जो भी जरूरी होगा, करूंगा। मेरा जितना भी अनुभव है, मैं उसे दूंगा। और हम एक अच्छी टीम बनाएंगे।

### धोनी सभी आईसीसी खिताब हासिल कर चुके थे

उस समय धोनी 35 साल के थे। वह 2007 का पहला टी20 वर्ल्ड कप, 2011 का वनडे वर्ल्ड कप और 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर सभी आईसीसी खिताब हासिल कर चुके थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में उम्र पूरी कर चुके वाहन सीधे होंगे जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली शहर में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए परिवहन विभाग ने शनिवार को एक बेहद सख्त और डराने वाला सार्वजनिक नोटिस जारी किया, जिसमें उसने



बताया कि वह अब शहर में ऐसे किसी भी वाहन को नहीं रहने देगा जो अपनी समयसीमा पूरी कर चुके हैं। फिर चाहे वह वाहन सड़क पर चल रहा हो या फिर कहीं पर खड़ा हुआ हो। विभाग की मानें तो ऐसे वाहनों को बिना किसी पूर्व सूचना के ही जब्त कर लिया जाएगा और फिर कबाड़ में बदल दिया जाएगा। दिल्ली में लागू नियमों के अनुसार 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन एंड ऑफ लाइफ व्हीकल्स वाहनों की श्रेणी में आते हैं, यानी जिनकी उम्र पूरी हो चुकी है। कार्रवाई से बचने के लिए विभाग ने ऐसे वाहनों के मालिकों को अपने वाहन को एनसीआर से बाहर ले जाने की सलाह दी है। अपने नोटिस में परिवहन विभाग ने ऐसे सभी इओवी वाहनों के मालिकों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने और अपने वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर ट्रांसफर कराने के लिए कहा है। नोटिस में कहा गया है, दिल्ली के सार्वजनिक स्थानों पर चल रहे या खड़े बीएस-3 और उससे नीचे के उत्सर्जन मानकों वाले पुराने वाहनों को कानून के अनुसार बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त करके कबाड़ कर दिया जाएगा। ऐसे वाहन मालिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी गाड़ियां शहर से बाहर स्थानांतरण के लिए हहष्ट प्राप्त कर लें। साथ ही परिवहन विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि अपनी उम्र समाप्त कर चुके वाहनों को दिल्ली से हटाने के लिए जल्द ही एक नया अभियान भी चलाया जाएगा। वैसे बता दें कि शहर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए समय-समय पर इस तरह की मांग उठती रही है कि 15 साल से ज्यादा पुराने वाहनों को सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि इस बार परिवहन विभाग ने जो नोटिस जारी किया है, उसमें उसने सड़क पर खड़े वाहनों को भी जब्त करते हुए ले जाने और उन्हें कबाड़ में बदलने की बात कही है।

### योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली को बताया गैस चेंबर जैसा


**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज



ने शनिवार को दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार पर बेहद खास अंदाज में निशाना साधा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक वीडियो शेयर किया और बताया कि किस तरह वे दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को उनकी सरकार के एक साल पूरा होने पर सर्टिफिकेट दे रहे हैं। दरअसल भारद्वाज ने जो वीडियो शेयर किया उसके जरिए उन्होंने दिल्ली सरकार पर तगड़ा तंज कसा, क्योंकि इस वीडियो में योगी आदित्यनाथ दिल्ली की घुटन भरी हवा के बारे में बताते हुए उसकी तुलना गैस चेम्बर से करते दिखाई दे रहे हैं। इस तरह सौरभ ने आदित्यनाथ की कही बातों से ही रेखा सरकार पर हमला बोला। वह भी तब जब आगामी 20 फरवरी को दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार को बने हुए एक साल पूरा होने वाला है, इसलिए आप नेता ने यूपी के सीएम की बातों को एक साल का सर्टिफिकेट बताया। अपनी पोस्ट में सौरभ भारद्वाज ने योगी आदित्यनाथ का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, सीएम आदित्यनाथ का सीएम रेखा गुप्ता सरकार को एक साल पूरा होने पर सर्टिफिकेट', इसके बाद सौरभ ने अपनी पोस्ट में वह बातें लिखीं जो उस वीडियो में आदित्यनाथ कहते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके शेयर किए वीडियो में योगी आदित्यनाथ कह रहे हैं, 'देख रहे हो ना दिल्ली में किस तरह घुटन भरी जिंदगी हो गई है, ऐसे लगता है जैसे गैस चेम्बर में हों। एयर क्वालिटी इंडेक्स में वो 400 से ऊपर है, दम घुटता है.

# दिल्ली में देर रात एनकाउंटर: बिश्नोई गैंग से जुड़े तीन शूटर्स पकड़े, एक शूटर के पैर में लगी गोली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक शूटर के पैर में गोली लगी है जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अब तीनों शूटर्स से हाल में हुई वारदातों को लेकर गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस को शक है कि हाल में हुई वारदातों में इन शूटर्स का हाथ हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार रात बवाना थाना क्षेत्र में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े तीन शूटर्स को एनकाउंटर के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि वॉन्टेड अपराधी मुनक नहर के पास आने वाले हैं और इसी के बाद इलाके में घेराबंदी शुरू की गई थी। पुलिस ने जानकारी दी है कि एनकाउंटर के दौरान शूटर और पुलिस के बीच कुल चार राउंड फायरिंग हुई। शूटर्स ने फायरिंग की तो सेल्फ-डिफेंस में पुलिस ने भी फायरिंग की। आरोपी मौके से भागने की फिराक में थे मगर जैसे ही पुलिस ने फायरिंग की और जब एक गोली शूटर को लगी तो उनकी रफ्तार धीमी हो गई। एक शूटर के पैर में गोली लगी है जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अब तीनों शूटर्स से हाल में हुई वारदातों को लेकर गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस को शक है कि हाल में हुई वारदातों में इन शूटर्स का हाथ हो सकता है। पुलिस आरोपियों के




आपराधिक रिकॉर्ड और नेटवर्क की जांच में भी जुटी है। रंगदारी न देने पर दी थी हत्या की चेतावनी हाल में दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में हमलावरों द्वारा एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के एक दिन बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस घटना की जिम्मेदारी ली थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड की जिम्मेदारी कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों रणदीप मलिक और अनिल पंडित ने ली थी। पुलिस हमलावरों का पता लगाने के लिए कई टीम का गठन किया था। हत्याकांड के बाद पुलिस पर सवाल उठ रहे थे तो लोगों में दहशत का माहौल था। दरअसल सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दावा किया गया था कि हत्या इस वजह से की गई है क्योंकि रंगदारी नहीं दी गई थी। पोस्ट में ये भी कहा गया था कि यह घटना एक चेतावनी है कि जो कोई भी उनके काम में बाधा डालेगा उसे बिना किसी सूचना के जान से मार दिया जाएगा। मृतक व्यापारी की पहचान वैभव गांधी (35) की रूप में हुई थी। वे प्लास्टिक के दाने बनाने वाली फैक्टरी चलाते थे।

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, सरकार से मांगा सबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर कांग्रेस ने फिर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहाकि यह कह देना बहुत आसान है कि कोई झूठ बोल रहा है या गलत कह रहा है। बात बहुत साफ है कि क्या ट्रेड डील हुई है वे बता दें। खुर्शीद ने आगे कहाकि अभी तक इसमें कोई हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। कांग्रेस पार्टी के पास या किसी भी जानकार के पास जो खबर पहुंच रही है उसी की बुनियाद पर कहा जा रहा है कि इस ट्रेड डील में वो बातें नहीं हैं जो सरकार की ओर से कही जा रही हैं। यदि सरकार इसे ठीक नहीं समझती है तो वे दस्तावेज सामने रख दें, इसमें क्या समस्या है? सलमान खुर्शीद ने कहाकि सरकार सबूत दे कि क्या ट्रेड डील हुई है। उन्होंने कहाकि यह तो अंतरिम ट्रेड डील है। हस्ताक्षर हुए नहीं हैं। यह मार्च के आखिरी में होंगे। सलमान खुर्शीद ने आगे कहाकि अभी तक जो भी बातें सामने आई हैं, वह कहां से आई हैं। देर रात वाइट हाउस से ट्वीट आता है, उसी से हम अंदाजा लगाते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आगे कहाकि जो भी खबर कांग्रेस के पास पहुंच रही है या किसी के पास भी पहुंच रही



है, उसमें यह कहा जा रहा है कि इस ट्रेड डील में वह बातें नहीं हैं जो सरकार द्वारा कही जा रही हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहाकि अगर सरकार समझती है कि जो बातें हो रही हैं वो सही नहीं है तो ट्रेड डील के जो दस्तावेज हैं वो सामने रख दें। इसमें क्या प्रॉब्लम है। उन्होंने कहा कि हमें जो पता चल रहा है उसके मुताबिक जो भी बातें ट्रेड डील को लेकर चल रही हैं, वह असलियत में नहीं हैं। गौरतलब है कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है।

**पवन खेड़ा ने आरोपों पर जवाब दिया**

# एपस्टीन फाइल्स को लेकर भाजपा ने कपिल सिब्बल को घेरा, राहुल गांधी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के बदनाम फाइनेंशर और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइल्स ने भारत में भी राजनैतिक बवाल मचाया हुआ है। कांग्रेस की तरफ से पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के ऊपर हमला किया गया, अब भाजपा ने भी पलटवार करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल पर निशाना साधा है। भाजपा ने राहुल गांधी से जवाब देने की मांग करते हुए दावा किया कि कपिल सिब्बल को एक ऐसे कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार मिला था, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने फंड किया था। कपिल सिब्बल से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस दावे के बकवास बताकर खारिज कर दिया। कांग्रेस की तरफ से प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इन आरोपों पर जवाब दिया। मीडिया से बात करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि उस समय सिब्बल केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री थे। उन्हें ''शिक्षा में वैश्विक सहयोग के प्रति उनके दृढ़ समर्थन' के लिए समारोह में पुरस्कार दिया गया था। खेड़ा ने कहा, ''इसका जेफ्री एप्स्टीन से कोई संबंध नहीं है।'' दरअसल यह पूरा मामला उस वक्त शुरू हुआ, जब भाजपा प्रवक्ता




प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कपिल सिब्बल पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, '2010 में, जेफ्री एप्स्टीन द्वारा कथित तौर पर वित्त पोषित एक पुरस्कार कांग्रेस के (तत्कालीन) वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल को मिला था। सिब्बल को लंबे समय से गांधी परिवार के करीबी के रूप में देखा जाता रहा है।'' भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की विदेश इकाई के प्रमुख सैम पित्रोदा भी ''उसी गुट'' से जुड़े हुए थे। 2010 में, जेफ्री एप्स्टीन द्वारा कथित तौर पर वित्त पोषित एक पुरस्कार कांग्रेस के (तत्कालीन) वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल को मिला था। सिब्बल को लंबे समय से गांधी परिवार के करीबी के रूप में देखा जाता रहा है।

# हिंडन को निर्मल करने की तैयारी, नमामि गंगे मिशन के तहत नालों के 'जहर' पर लगेगी लगाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंडन को प्रदूषणमुक्त करने की तैयारी तेज हो गई। जल निगम ने डीपीआर तैयार कर मुख्यालय को भेज दी। 630 करोड़ रुपये की इस परियोजना को हरी झंडी मिलते ही केंद्र सरकार को भेज दी जाएगी। इसे स्वीकृति मिलने के बाद योजना की टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मौजूदा वक्त में आलम यह है कि औद्योगिक इकाइयों और घरों से निकलने वाला गंदा पानी सालों से हिंडन में गिर रहा है। इससे यह पूरी तरह से प्रदूषित हो चुकी है।

**नौ नालों की पहचान:** एनजीटी के आदेश पर शासन ने नमामि गंगे मिशन के तहत हिंडन को निर्मल करने के लिए जल निगम को प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया था। नगर निगम क्षेत्र के नौ नालों को चिह्नित किया है, जिनसे जहरीला पानी हिंडन में गिर रहा है। जल निगम ने इसकी डीपीआर तैयार कर ली है।

**सभी नाले किए जाएंगे टैप:** इसके तहत हिंडन में गंदा पानी गिराने वाले सभी नाले टैप किए जाएंगे। पाइपलाइन से गंदा पानी एसटीपी पर लाया जाएगा और यहां शोधित करने के बाद इस पानी को हिंडन में छोड़ा जाएगा। डीपीआर जल निगम ने लखनऊ स्थित मुख्यालय भेजी है। इसी महीने तक हरी झंडी



मिलने की उम्मीद है।

**बायोडायवर्सिटी पार्क के पास एसटीपी बनेगा:** डीपीआर में सात नालों की टैपिंग शामिल है, क्योंकि करेहड़ा के पास हिंडन में गिर रहे दो नालों को 331 करोड़ रुपये की सीवर योजना के तहत ही टैप कर लिया जाएगा। 140 एमएलडी का एसटीपी बनाने के लिए बायोडायवर्सिटी पार्क के पास 40 हजार वर्गमीटर जमीन चिह्नित कर ली गई है। नगर निगम से मिली जमीन का जल निगम ने सत्यापन भी कर लिया है। जमीन को लेकर कोई विवाद भी नहीं है। ऐसे में योजना का कार्य केंद्र से स्वीकृति मिलते ही शुरू कर दिया जाएगा।

# बांग्लादेश में नए पीएम का शपथ ग्रहण, भारत के अलावा12 देशों को भेजा गया है न्योता

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के आम चुनवों में बीएनपी को बड़ी जीत मिलने के बाद प्रधानमंत्री समेत पूरे मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण 17 फरवरी को होने जा रहा है। इस समारोह का दिलचस्प पहलू



यह है कि यह राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है जबकि अभी तक शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित होते रहे हैं। समाचारपत्र 'प्रोथोम आलो' और 'इत्तेफाक' में प्रकाशित खबर के अनुसार, समारोह के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन नव-निर्वाचित सांसदों को पद की शपथ दिलाएंगे, जबकि संविधान के अनुसार यह शपथ अध्यक्ष शिरीन शरमिन चौधरी द्वारा दिलाई जानी चाहिए। बांग्लादेश में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत-पाकिस्तान समेत 13 देशों को न्योता भेजा गया है। इनमें चीन, सऊदी अरब, तुर्की, यूएई, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं। बीएनपी चीफ तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। बता दें कि बांग्लादेश ने भारत को न्योता भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ढाका जाना असंभव ही है। 17 तारीख को ही प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित बैठक होने वाली है। ऐसे में किसी प्रतिनिधि को ढाका भेजा जा सकता है। बीएनपी ने कहा, 'बांग्लादेश अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों, समावेशिता और प्रगतिशील विकास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और अपने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता के मार्गदर्शन में, भारत के साथ रचनात्मक रूप से जुड़कर अपने बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।' तारिक रहमान के एक प्रमुख सहयोगी ने नाम न उजागर की शर्त पर बताया कि मौजूदा परिस्थितियों ने मामलों को थोड़ा जटिल बना दिया है। उन्होंने कहा, '' पिछली संसद की अध्यक्ष को सांसदों को शपथ दिलानी होती है, लेकिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और अज्ञात स्थान पर रह रही हैं, जबकि उपाध्यक्ष जेल में हैं। इन परिस्थितियों में राष्ट्रपति संविधान में तय प्रावधान के अनुसार किसी और को शपथ दिलाने के लिए चुन सकते हैं।'' इससे पहले, कैबिनेट सचिव शेख अब्दुर राशिद ने कहा था कि संविधान के अनुरूप राष्ट्रपति नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे, लेकिन उन्होंने समारोह की तारीख नहीं बताई। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच 13वें संसदीय चुनाव को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था। अगस्त 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के बाद 15 वर्ष से अधिक समय तक शासन करने वालीं शेख हसीना को सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा था।


**● झांसा देकर अपने साथ रहने के लिए मजबूर किया करता था**

# नकली शादी और स्टूडेंट वीजा... महिलाओं को अपने साथ रहने के लिए ऐसे मजबूर करता था एपस्टीन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी न्याय विभाग ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जिन फाइलों का रिलीज किया है, उनमें कई चौंकाने वाले खुलासे लगातार हो रहे हैं। अब उसकी गर्लफ्रेंड कैरीना शूलियाक को लेकर नई कहानी सामने आई है। साथ ही इस बात का भी खुलासा हुआ है कि वह अपनी पसंद वाली महिलाओं को झांसा देकर अपने साथ रहने के लिए मजबूर किया करता था।

2013 की शुरुआत में जेफरी एपस्टीन की गर्लफ्रेंड कैरीना शूलियाक अपने अमेरिकी वीजा स्टेटस को लेकर टेंशन में थी। उसी साल बाद में उसने एक अमेरिकन नागरिक से शादी कर ली। इसके बाद ग्रीन कार्ड मिला और 2018 में नागरिकता भी मिली। फिर शूलियाक ने अपने पति जेनिफर को तलाक दे दिया।

**स्टूडेंट वीजा और नकली शादियों का सहारा:** वहीं, शूलियाक किम्बल मस्क के साथ रिलेशनशिप में थी। इसके बाद एपस्टीन के इमिग्रेशन वकीलों में से एक ने शूलियाक के दिन मैसेज किया, अब जब वह एक अमेरिकन है तो तुम्हें उसके लिए बड़ी पार्टी करनी चाहिए।



शूलियाक की इमिग्रेशन कहानी और जारी की गई फाइलों में सामने आई कई दूसरी महिलाओं की कहानियां दिखाती हैं कि कैसे एपस्टीन ने स्टूडेंट वीजा, इंग्लिश भाषा के कोर्स और नकली शादियों का इस्तेमाल यह पक्का करने के लिए किया कि उसके दायरे में आने वाली महिलाएं वहीं रहें जहां वह उन्हें चाहता था।

**ऐसे कराया शूलियाक का एडमिशन:** 2011 में शूलियाक का एडमिशन कोलंबिया यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज में करवाया गया। बताया गया कि उसका बेलारूस से ट्रांसफर हुआ है और उसने अपनी डिग्री पूरी नहीं कर पाई है। उसके एडमिशन के बाद पता चला कि उसका इमिग्रेशन केस एक और मुश्किल थी, जिसे पार करना था।

कोलंबिया के डेंटल स्कूल के एक अधिकारी ने जुलाई 2012 में शुलियाक को लिखा, अगर आज आपको इमिग्रेशन ऑफिस में चक्कर लगवाने पड़े तो मुझे बहुत अफसोस है। इस समय मुझे लगता है कि आपके इमिग्रेशन स्टेटस के साथ सब कुछ ठीक है।

**वीजा दिलाने के लिए मांगी मदद:** एपस्टीन शूलियाक के इमिग्रेशन स्टेटस को पक्का करना चाहता था। उसने अपने नेटवर्क से संपर्क किया और चुपचाप उसका स्टूडेंट वीजा वापस दिलाने में मदद मांगी। एपस्टीन ने 2012 के आखिर में इयान ओसबोर्न को लिखा, मैं पूछना नहीं चाहता क्योंकि मैं चाहता हूं कि वह मेरी फाइल का हिस्सा न हो। इयान एक ब्रिटिश इन्वेस्टर हैं जिनका नाम फाइलों में कई बार आता है।

# अमेरिका में लापता हुए भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया की मौत, 6 दिन बाद पाया शव


**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के बर्कली में लापता हुए भारतीय छात्र का 6 दिन बाद शव पाया गया है। 22 साल के साकेत श्रीनिवासैया यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में पोस्ट ग्रैजुएशन के छात्र थे और वह अचानक 9 फरवरी को लापता हो गए थे। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय कॉन्सुलेट ने उनके शव के पाए जाने की पुष्टि की है। मिशन की तरफ से कहा गया. हमें बेहद दुख है कि पुलिस ने बताया है कि साकेत श्रीनिवासैया की मौत हो गई है और उनका शव पाया गया है। हम साकेत के परिवार वालों के लिए संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय मिशन ने कहा, हम साकेत के परिवार की हर संभव मदद करने को तैयार हैं। स्थानीय प्रशासन के साथ तालमेल के जरिए हम साकेत के पार्थिव शरीर को भारत भिजवाने का प्रबंध कर रहेहैं। हमारा कार्यालय परिवार के साथ सीधे संपर्क में है और सभी औपचारिकताओं के लिए भी हम परिवार के साथ खड़े हैं। जानकारी के मुताबिक साकेत आखिरी बार बर्कली हिल्स इलाके में देखे गए थे। वह अंजा लेक के पास गए थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उनका पासपोर्ट और लैपटॉप पास में ही पाया गया है। कर्नाटक के रहने वाले श्रीनिवासैया ने आईआईटी मद्रास से बीडटेक किया था और आगे की पढ़ाई के लिए वह अमेरिका गए थे। 2025 में ही उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में ऐडमिशन लिया था। 13 फरवरी को कर्नाटक सरकार की मुख्य सचिव ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया है कि साकेत के परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, बर्कले पुलिस विभाग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका है। स्थिति की गंभीरता और राज्य में रह रहे उनके परिवार की बढ़ती चिंता को देखते हुए, शालिनी ने विदेश मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप और सहायता का अनुरोध किया था।

# मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिका ने एआई का किया था इस्तेमाल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए एआई का इस्तेमाल किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एंथ्रॉपिक पहला एआई मॉडल डेवलपर था जो गुप्त संचालन के लिए पेंटागन में इस्तेमाल किया गया।

अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए एआई का इस्तेमाल किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एंथ्रॉपिक पहला एआई मॉडल डेवलपर था जो गुप्त संचालन के लिए पेंटागन में इस्तेमाल किया गया। सेना द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल, एआई कंपनियों के लिए बड़ी साख बढ़ाने वाला माना जाता है।

हालांकि एंथ्रॉपिक के दिशा-निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हिंसा को बढ़ावा देने, हथियार विकसित करने या निगरानी करने में इसका इस्तेमाल न किया जाए। इसके बावजूद इस ऑपरेशन में उपयोग किया गया। गौरतलब है कि मादुरो और उनकी पत्नी को कराकस से गिरफ्तार किया गया था। इस ऑपरेशन कई जगहों पर बमबारी के बाद अंजाम दिया गया। एंथ्रॉपिक के प्रवक्ता ने बताया कि 'क्लॉड का कोई भी इस्तेमाल, चाहे वह निजी क्षेत्र में हो या सरकार द्वारा हो, हमारी नीतियों के अनुसार होना चाहिए।



हमारी नीतियां स्पष्ट हैं कि क्लॉड का उपयोग कैसे किया जा सकता है। हम अपने साझेदारों के साथ मिलकर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं।'

क्लॉड को तैनात किया गया क्योंकि पेंटागन द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की डेटा कंपनी पेलान्टिर टेक्नोलॉजीज का एंथ्रॉपिक के साथ साझेदारी है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक क्लॉड के उपयोग को लेकर एंथ्रॉपिक की चिंताओं के बाद अमेरिकी अधिकारी बड़ा फैसला ले सकते हैं। एंथ्रॉपिक के बयान के बाद अमेरिकी अधिकारी 200 मिलियन डॉलर तक के अनुबंध रद्द करने पर विचार कर रहे हैं। एंथ्रॉपिक के चीफ एग्जीक्यूटिव डारिओ अमोडेई ने कहाकि एआई के इस्तेमाल में नियम-निर्देशों का सख्ती से पालन होना चाहिए। ताकि एआई से किसी तरह का नुकसान न हो।

एंथ्रॉपिक कंपनी के अधिकारियों द्वारा जारी बयानों ने पेंटागन के साथ कांट्रैक्ट की राह में बाधा खड़ी कर दी है। रक्षा सचिव पीट हेगसेठ ने जनवरी में कहा था कि पेंटागन उन एआई मॉडल्स के साथ कोलैबोरेट नहीं करेगा, जो युद्ध लड़ने की अनुमति नहीं देते।

# निकाय चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित : मथुरा महतो

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राज्य की सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस चुनाव को प्रतिष्ठा का विषय बना लिया है। पार्टी की ओर से समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में व्यापक प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। चास नगर निगम के मेयर पद के लिए समर्थित उम्मीदवार उमेश ठाकुर के समर्थन में पार्टी के मुख्य सचेतक और विधायक मथुरा महतो आज चास पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। चास पहुंचने के बाद मथुरा महतो ने सबसे पहले स्वर्गीय टेकलाल महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि





दी। इसके बाद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में चुनावी रणनीति, बूथ स्तर की तैयारी और जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर घर-घर संपर्क अभियान चलाने और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी, महानगर अध्यक्ष मंटू यादव समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मथुरा महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जनहित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। यही वजह है कि जनता ने सरकार के काम पर भरोसा जताते हुए दोबारा अवसर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। अब समय है कि शहरों में भी विकास की गति को और तेज किया जाए। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे पार्टी समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर शहर के विकास को नई दिशा दें। वहीं, उम्मीदवार उमेश ठाकुर ने कहा कि उन्हें पार्टी नेतृत्व का पूरा समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में विकास के नाम पर लोगों को केवल आश्वासन दिया गया। यदि जनता उन्हें मौका देती है तो वे सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक लागू कर नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

## पुलवामा शहीदों की याद में निकाला गया कैंडल मार्च



**मरकच्चो(कोडरमा)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र के कादोडीह रोड स्थित सेंट्रल कान्वेंट पब्लिक स्कूल के द्वारा शनिवार की शाम पुलवामा हमला के शहीदों की स्मृति में कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च दरदाही बाजार,दरदाही चौक होते हुवे भर्मण किया इस दौरान छात्र-छात्रों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देशभक्ति के नारे लगाए।सभी ने मोमबत्ती जलाकर शहीदों को नमन किया और देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य नरेश साव ने कहा कि पुलवामा हमले के वीर जवानों का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता इस दिन 40 जवानों ने अपनी शहादत दी थी भारत के इतिहास का वह काला दिन,जब कायराना हमला हुवा था,छात्राओं से देश के प्रति समर्पण और राष्ट्रहित में कार्य करने की अपील किया।विद्यालय के निदेशक रिया कुमारी ने कहा कि आज हम अपने परिवार के साथ देश के किसी भी कोने में सुरक्षित हैं हम अपने दिनचर्या एवं रात को चैन की नींद लेते हैं इसका श्रेय जाता है हमारे देश के सैनिकों जवानों को इसलिए हमें याद करना चाहिए।शिक्षक नताशा कुमारी, छोटी कुमारी,मनीषा कुमारी, चुनचुन कुमारी,ज्योति कुमारी, अनिकेत विद्या, रोशनी, मीनाक्षी, रीतेश कुमार, पिन्टू कुमार आदि शिक्षक,शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### संक्षिप्त समाचार

#### फोन पर धमकी देने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लकड़ी गोला निवासी ज्ञानेश्वर प्रसाद ने रितेश सिंह और जितेन्द्र सिंह पर फोन कर गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने सिटी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञानेश्वर प्रसाद का कहना है कि रितेश सिंह बोकारो स्टील की जमीन पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर शराब दुकान का संचालन कर रहा है। इस मामले को लेकर विवाद के दौरान उन्हें धमकी भरे फोन किए गए। बातचीत के दौरान रितेश सिंह ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उनका अपमान किया। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। ज्ञानेश प्रसाद ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग समाज के बीच में जाएंगे और इसका परिणाम प्रशासन को पुलिस को भुगतना पड़ेगा। ज्ञानेश्वर प्रसाद ने दावा किया है कि धमकी से संबंधित काल रिकार्डिंग उनके पास सुरक्षित है। जिसे उन्होंने पुलिस को उपलब्ध कराने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

#### मैथिली काली मंदिर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैथिली काली मंदिर सेक्टर 2 के प्रांगण मेँ सिमरिया से लाए गए गंगोट से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर शिव शक्ति बोलबम समिति द्वारा मिथिला की पद्धति से विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इसमें कृष्णा चंद्र झा और शैलेन्द्र कुमार मिश्रा यजमान रहे। एक लाख सैतीस हजार पांच सौ से अधिक पार्थिव शिव लिंग बनाने मेँ मिथिला के समस्त महिलाओं ने सहयोग दिया। इस आयोजन को सफल बनाने मेँ समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा, सचिव दिलीप झा, कोषाध्यक्ष सूर्यमोहन मिश्रा के साथ साथ हरिवंश झा, राज कृष्णा राज, लोकेश झा, अंजनी कुमार मिश्रा, उदय चंद्र झा, कन्हैया झा, हीरा झा, विद्यानंद चौधरी, संजय चौधरी, सुनील झा, अभय झा, ऋषि चौधरी, शिव शंकर झा, विनोद झा,और अन्य सदस्य मौजूद रहे. इस पूजा मेँ काली मंदिर ट्रस्ट के महासचिव सुनील मोहन ठाकुर मौजूद रहे।

#### मंडल कारा में जेल अदालत एवं जागरूकता शिविर का आयोजन, एक विचाराधीन बंदी रिहा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बालकृष्ण तिवारी के आदेशानुसार रविवार को मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत का आयोजन किया गया।इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि जेल अदालत मे न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार एवं रेलवे के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार के समक्ष पांच मुकदमों को सुनवाई के लिए रखा गया था, जिसमें से सुनवाई के पश्चात एक मुकदमे का निष्पादन कर एक बंदी को रिहा करने का आदेश दिया गया।इस दौरान न्यायिक पदाधिकारी ने बंदीयों के बीच विभिन्न कानून की जानकारी दी । इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ कुमार में विमलेंदु,डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल, कन्हैयालाल ठाकुर ,सुमन पाठक,स्वाति कुमरी, सहायक अजय कुमारसौरव सरकार, अरूण कुमार पीएलवी उज्जवल कुमार, राजेश सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

#### कालेश्वर नाथ मंदिर में जागरण का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत खरखार पंचायत के कटरियाटांड मे कालेश्वर नाथ मंदिर निर्माण के अवसर पर आयोजित शिव परिवार सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का समापन पर जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन यज्ञ समीति के संरक्षक महावीर यादव, राजद नेता सुभा श यादव ने फीता काटकर किया। जागरण कार्यक्रम मे प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका निशा दूबे व विकास संगम के गाये भजनो पर श्रद्धांलू रात भर झूमते रहे। वहीं राजू हलचल की टीम द्वारा मां



दुर्गा के महिषासुर के वध की झांकी कार्यक्रम मे आकर्षण का केंद्र रहीं।कार्यक्रम मे उक्त टीम द्वारा निकाली गयी झाकियों को लोगों ने काफी सराहा।यज्ञ को सफल बनाने मे सुखदेव सिंह, मुन्ना राणा, किशोर गुप्ता, राजू पासवान, रामधनी यादव,भोटन यादव, सुरेश रवानी, महावीर भोक्ता, मो नईम अंसारी, मो. मिस्टर, मो मुख़्तार, मो. मुमताज, विश्वाथ सिँह, मधुसुदन सिँह, सुरेश दयाल, देवा दास, पप्पू यादव सिकंदर यादव, रामकिशुन यादव, मोतीलाल साव, ब्रह्मदेव यादव,रेवा यादव,टुपलाल यादव समेत पूरे पंचायत के ग्रामीणों का अहम योगदान रहा।

## इस प्राण खंड में जितना क्षण आपको ईश्वर ने दिया है उसमें आप आगे बढ़ें : उपायुक्त

### शिव निराकार हैं ज्योति स्वरूप है वह सर्व आत्माओं के पिता है : केंद्र प्रभारी





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेक्टर 04 स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविदायालय में रविवार को 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। इस पवित्र अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त अजय नाथ झा और विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएसएल महाप्रबंधक ए के सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भक्ति, ध्यान और शांति की अलौकिक अनुभूति प्राप्त करने का एक अद्भुत माहौल बना।

**उपायुक्त का प्रेरणादायक संबोधन**

दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि, इस प्राणखंड में जितना क्षण आपको ईश्वर ने दिया है, उसमें आप आगे बढ़ें। उनके इस विचार ने सभी उपस्थितों को जीवन की गति और आत्मिक उन्नति की दिशा में प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि जीवन की इस भागती धारा में सुकून वही प्राप्त कर सकता है, जो भक्ति की ओर बढ़ते हुए पुस्तकीय ज्ञान और संसर्ग मार्ग से ज्ञान प्राप्त करता है। कहा कि धार्मिक आस्था और भक्ति, व्यक्ति के मानसिक एवं आत्मिक शांति का मुख्य स्त्रोत है।

**शिव निराकार और ज्योति स्वरूप**

केंद्र प्रभारी कुसुम देवी ने अपने संबोधन में कहा कि शिव के निराकार रूप और उनकी अनंत शक्ति के बारे में विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, शिव निराकार हैं, वह ज्योति स्वरूप हैं और सर्व आत्माओं के पिता हैं। परमपिता परमात्मा शिव को केवल भारतवासी ही नहीं, बल्कि दूसरे देशों में भी पूजा जाता है। शिव की निराकार ज्योति का उल्लेख करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि शिव का आशीर्वाद जीवन में परम शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। शिव को एक सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी और सर्वकल्याणकारी देवता के रूप में माना जाता है, जो समस्त सृष्टि के अस्तित्व और संचार का कारण हैं।

**भक्ति और ध्यान में सामूहिक सहभागिता**

कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी संस्थान के प्रमुख कार्यकताओं ने शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन किया और शिव की पूजा एवं ध्यान का महत्व बताया। इस अवसर पर उपस्थित सभी भक्तों ने सामूहिक ध्यान, भजन संकीर्तन, और साधना में हिस्सा लिया।कार्यक्रम में शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति की गहरी भावना व्यक्त की गई, जो इस विशेष अवसर पर सभी को आत्मिक शांति और दिव्यता की प्राप्ति का अहसास दिलाती है। मौके पर विशिष्ट अतिथि, महाप्रबंधक बीएसएल ए के सिंह ने भी अपना वक्तव्य रखा। महोत्सव का समापन शिव की पूजा अर्चना, भजन गायन और सामूहिक साधना से हुआ। इस दौरान सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने मन, वचन और क्रिया से शिव के प्रति अपनी भक्ति और आस्था व्यक्त की।

### धनबाद नगर निगम चुनाव :

## पूर्व विधायक संजीव सिंह समेत तीन को भाजपा ने भेजा नोटिस

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड भाजपा ने पूर्व विधायक संजीव सिंह समेत तीन भाजपाइयों को नोटिस भेज कर कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देश पर यह नोटिस जारी किया गया है। धनबाद नगर निगम क्षेत्र से मेयर पद के लिए चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक संजीव सिंह के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ता मुकेश पांडे एवं





भृगुनाथ भगत को अलग-अलग नोटिस जारी किया गया है। जारी पत्र में लिखा गया है कि पार्टी के संज्ञान में आया है कि आप पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं। यह अनुशासनहीनता है। मामले में एक सप्ताह के अंदर जवाब दें, अन्यथा पार्टी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी। पत्र 12 फरवरी को जारी किया गया है। यानी मतदान की तिथि 23 फरवरी के पहले जवाब देना होगा। पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने का मतलब है कि पार्टी निश्चित रूप से कार्रवाई करेगी। ज्ञात हो कि संजीव सिंह, मुकेश पांडे और भृगुनाथ भगत धनबाद से मेयर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों भाजपा के सदस्य हैं। वहीं, भाजपा ने धनबाद निगम क्षेत्र से मेयर पद के लिए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार अग्रवाल को पार्टी समर्थित प्रत्याशी घोषित किया है। इसके बाद भी तीनों ने नाम वापस लेने से इनकार करते हुए चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। संजीव सिंह झरिया के पूर्व विधायक हैं और वर्तमान में संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह झरिया से भाजपा की विधायक हैं। दो अन्य भाजपा पृष्ठभूमि नेता के भी मेयर पद का चुनाव लड़ रहे हैं, जिन्होंने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने भाजपा छोड़ झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर लिया है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी शांतनु चंद्रा भी त्यागपत्र दे चुके हैं। ये दोनों भी मेयर पद के लिए धनबाद से चुनाव लड़ रहे हैं।

## भाजपा समर्थित प्रत्याशी अविनाश कुमार के पक्ष में सेवा पत्र जारी

### सेवा पत्र सांसद ढुलू महतो व पूर्व विधायक अमर बाउरी ने किया जारी







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम मेयर चुनाव के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी अविनाश कुमार के पक्ष में आज जनता से अपील करने और सेवा पत्र जारी करने के लिए धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो एवं चंदनकियारी के पूर्व विधायक अमर कुमार बाउरी मगध बैंकट हॉल पहुंचे। जहां उन्होंने सेवा पत्र जारी करते हुए चुनाव के बाद सभी संकल्प को पूरा करने की बात कही। इस दौरान दोनों ही नेताओं ने समर्थित प्रत्याशी को विजयीमाला पहनकर शुभकामना दी। अमर बाउरी ने कहा कि पार्टी ने समर्थित प्रत्याशी के रूप में अविनाश कुमार को मैदान में उतारा है, जनता इस पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि 2019 से 2024 के बीच विकास का कम चांस नगर निगम में भाजपा के नेतृत्व में हुआ है और डिप्टी मेयर की देखरेख में हुआ है उन्होंने बागियों को कहा कि अभी भी समय है पार्टी में समर्पित होकर अपना समर्थन दें। सांसद ढुलू माता ने कहा कि जो सेवा पत्र आज जारी किया गया है इस सेवा पत्र को चास नगर निगम में मेयर बनने के बाद अविनाश कुमार और मैं खुद इस धरातल पर उतारूंगा उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिसे समर्थित किया है वह हमारे पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार है सभी कार्यकर्ता जीत दिलाने के लिए लगे क्योंकि पार्टी नेतृत्व में 48 नगर निकाय में अपना उम्मीदवार जीतने का संकल्प लिया है। बागियों पर पार्टी नजर रख रही है और उसे पर कार्रवाई होगी।

## स्कूल के स्टोर रूम में लगी आग, अग्निशमन विभाग ने आग पर पाया काबू



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के सदर थाना क्षेत्र स्थित हीरापुर एचई हाई स्कूल के गोदाम में रविवार की शाम अचानक आग लग गई। आग लगने से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। वही आग कैसे लगी इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि स्कूल के गोदाम से अचानक आग की तेज लपटे उठने लगी। जिसे देख लोगों ने तत्तकाल इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल वाभिग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों की माने तो रविवार होने की वजह से स्कूल बंद था और स्कूल के अंदर एक कमरे में पुरानी किताबें और कुर्सियां रखी हुई थी, जिसमें अचानक से आग लग गई और देखते हीं देखते पूरे कमरे में आग फैल

## एलपीजी सिलेंडर लीक करने से लगी आग, लाखों का नुकसान

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरियांवां गांव के राणा टोला में रविवार अपराह्न एक मकान में अचानक से आग लग गई, जिससे मकान मालिक को लाखों का नुकसान होने की संभावना है। मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित संतोष राणा की पत्नी रजनी देवी ने बताया कि रविवार को अपराह्न करीब 4:00 बजे वे लोग घर पर बैठे हुए थे। उसी समय घर में रखे एक एलपीजी सिलेंडर में अचानक से आग लग गई, जिससे देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गई और घर में भीषण आग लग गई। इसके पश्चात स्थानीय लोगों की वहां काफी भीड़ लग गई और चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इसी बीच ग्रामीणों द्वारा आगजनी की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। इसके पश्चात दमकल घटना स्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इधर इस आगजनी के कारण संतोष राणा के घर से सटे दो अन्य घरों में भी इसका असर देखने को मिला और वहां पर भी धुआं उठने लगा था। हालांकि दमकल की गाड़ी के मौके पर पहुंच जाने के कारण अन्य घरों में आग लगने से बचाव कर लिया गया। इधर रजनी देवी ने बताया कि जिस प्रकार से घर में आग लगी है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है। हालांकि जब तक घर के अंदर प्रवेश नहीं कर लिया जाता है, तब तक स्पष्ट अनुमान लगाना मुश्किल है कि कितने का नुकसान हुआ है और क्या-क्या जलकर खाक हुआ है। वहीं स्थानीय बलराम यादव ने बताया कि इस मकान में 5 भाई अपने पूरे परिवार संग एक साथ रहते थे। गनीमत रही कि सिर्फ माल का नुकसान हुआ है और किसी व्यक्ति को कोई क्षति नहीं पहुंची है।

# तेनूघाट जेल में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**तेनुघाट (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएनएनएस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आपके मामलों का निष्पादन किस प्रकार किया जाता है। इसकी पूरी जानकारी प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला ने रविवार को तेनूघाट जेल में लगे जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर में बंदियों को दी। सबसे पहले श्री शुक्ला ने सभी को महाशिवरात्रि की बधाई दी। उसके बाद बताया कि प्रतिमाह जेल में जेल अदालत के साथ-साथ बंदियों को कानूनी जानकारियां भी दी जाती है। जिसमें बताया जाता है कि वह किस तरह अपराध से दूर रहे। कानूनी जागरूकता शिविर की अगुवाई कर रहे प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी श्री दिग्विजय नाथ शुक्ला ने बंदियों को बताया कि मुकदमे की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि किस





तरह थाना में या न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया जाता है, उसके बाद क्या-क्या प्रक्रिया होती है उसकी पूरी जानकारी बंदियों को दी। वही अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट के डॉक्टर शंभू कुमार ने बंदियों को अधिकार और कर्तव्य के बारे में जानकारियां दी और बताया कि आवेश में आकर कोई काम नहीं करना चाहिए इसी से हमें नुकसान होता है और हम अपराध कर किसी मामले में फंस जाते हैं। इसलिए हमें संयम से काम रहना चाहिए और हमेशा अपराध से दूर रहने की कोशिश करना चाहिए। पैनल अधिवक्ता प्रशांत पाल ने पैनल अधिवक्ता और पीएलवी आते हैं तो आप उनसे अपनी न्यायालय में चलने मुकदमा के बारे में जानकारी ले सकते हैं। सरकार के द्वारा हमेशा जेल प्रशासन को निर्देश दिया जाता है कि यहां पर रह रहे बंदी को सभी तरह की सुविधा मिलनी चाहिए और आपके सभी तरह के सुविधा प्रदान होती है। मंच संचालन और स्वागत भाषण कर रहे अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने बंदियों को बताया कि यहां पर रह रहे बंदी या तो अपने किसी भाई बंधु के साथ झगड़ा कर या आवेश में आकर कोई घटना कर आते हैं। इसलिए आपको हमेशा अपने आप को संयम बनाना है और बाहर निकाल कर भी सभी को अपराध से दूर रहने के लिए कहना है। बंदियों ने भी अपने-अपने समस्या को बारे में बताया और समस्या के निराकरण के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला ने कई जानकारियां दी। धन्यवाद ज्ञापन कर रहे जेलर नीरज कुमार ने बताया कि प्रतिमाह जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर के साथ-साथ मेडिकल कैंप भी लगाया जाता है। जिसमें सभी बंदी अपना इलाज करवाते हैं और स्वस्थ होते हैं। इस अवसर पर विजय कुमार, मदन प्रजापति सहित जेल कर्मी भी मौजूद थे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com